CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDJ User: cci Time: 01-20-2026 22:36 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > बुधवार, 21 जनवरी 2026 > माघ 1 शक संवत 1947 माघ शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 18 > पेज 16* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स



पार्टी से जुड़े मामलों में नवीन मेरे 'बॉस': मोदी


▶ देखें अंदर

ट्रंप ने फ्रांस पर 200% टैरिफ की धमकी दी

▶ देखें अंदर



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 01-20-2026 21:36 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर । बुधवार, 21 जनवरी 2026

संवैधानिक नैतिकता कोई स्वाभाविक भावना नहीं है, इसे विकसित करना पड़ता है - *डॉ. भीमराव आंबेडकर*

# परंपरा फिर टूटी

भारतीय संविधान में राज्यपाल का पद गरिमा, संतुलन और परंपरा का प्रतीक माना गया है। उसका काम है संविधान के अनुसार चलना और मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना। पर, तमिलनाडु और केरल विधानसभा में जो हुआ, वह राज्य सरकार और राजभवनों के बीच चल रहे टकरावों की ताजा कड़ी है।

**तथ्यों पर सवाल** । केरल में पिनराई सरकार का आरोप है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कैबिनेट से स्वीकृत अभिभाषण नहीं पढ़ा। कहा जा रहा है कि उन्होंने वे हिस्से छोड़ दिए, जिनमें बताया गया था कि केंद्र की नीतियों की वजह से केरल को किस तरह वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा है। वहीं, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा के सालाना सत्र की शुरुआत से पहले यह कहते हुए परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं पढ़ा कि उसमें तथ्य सही नहीं हैं और राष्ट्रगान का सम्मान नहीं किया गया।


सरकार-राज्यपाल विवाद

**दखल सही नहीं** । संविधान और परंपरा - दोनों ही यह कहते हैं कि राज्यपाल को वही भाषण पढ़ना होता है, जिसे राज्य मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी हो। यह भाषण राज्यपाल का निजी विचार नहीं, चुनी हुई सरकार की नीतियों का आधिकारिक दस्तावेज होता है। संविधान के मुताबिक, राज्यपाल कैबिनेट की सलाह पर काम करते हैं। वह अपनी निजी राय या असहमति को अभिभाषण के जरिये व्यक्त नहीं कर सकते।

**पद की गरिमा** । देश की संघीय व्यवस्था में राज्यपाल का पद संवैधानिक मर्यादाओं के पालन से ज्यादा बंधा है। उनसे यह उम्मीद की जाती है कि वह संविधान के संरक्षक के तौर पर काम करेंगे और उनका कोई भी कदम राजनीतिक नहीं होगा। ऐसा नहीं है कि अभिभाषण पर आपत्ति पहली बार आई हो। लेकिन, पद की गरिमा यही कहती है कि उस वक्त राज्यपाल को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। सदन में खड़े होकर अभिभाषण को पढ़ने से इनकार करना गवर्नर की भूमिका को राजनीतिक रंग देना है।

**संतुलन चाहिए** । इन दोनों घटनाओं को अलग करके नहीं देखा जा सकता। दरअसल, जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल के साथ टकराव आम हो चुका है। तमिलनाडु के राज्यपाल पिछले मौकों पर भी अभिभाषण पूरा पढ़े बिना विधानसभा से निकल चुके हैं, जबकि केरल में लंबे समय से पेंडिंग बिल का मसला चल रहा है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि वह विधेयकों पर राष्ट्रपति या राज्यपाल की मंजूरी के लिए कोई न्यायिक समय सीमा निर्धारित नहीं कर सकता। यह फैसला शक्तियों के संतुलन को दर्शाता है। ऐसा ही संतुलन सरकारों और गवर्नर को भी दिखाने की जरूरत है।

## नाभि में तीर

# हैलो-हैलो!

चारों ओर से अचानक 'हैलो-हैलो' की आवाजें सुनाई देने लगी हैं। जिसे देखो, वही मोबाइल पर लगा हुआ है- हैलो... हैलो...! कोई फाइव स्टार होटल से हैलो-हैलो कर रहा है, तो कोई चाय की गुमटी से। आलाकमान से लेकर पार्टी के आम कार्यकर्ता तक सभी एक ही मुद्रा में दिख रहे हैं। BMC यानी बृहन्मुंबई महानगरपालिका के चुनाव अपने नियत समय से चार साल बाद संपन्न हुए, तो भी जनता ने राहत की सांस ली। जीतने वालों ने जश्न मनाया। हारने वाले गुणा-भाग में लग गए कि आखिर क्या खामी रही? लेकिन यह क्या, कई हफ्तों के शोरगुल से निजात मिली ही थी कि फिर शोर सुनाई देने लगा- 'मेयर-मेयर'। आम कार्यकर्ता से लेकर बड़के वाले नेता जी तक, सबके मन में बस यही उधेड़बुन- कौन बनेगा और किसकी पार्टी का बनेगा मेयर?


हरि मृदुल

नए नवेले कॉर्पोरेटरों के मोबाइल पर पार्टी के खुर्राट नेताओं के फोन आ रहे हैं। एक नेता जी से वार्तालाप खत्म हुआ नहीं कि दूसरे नेता जी की घंटी घनघनाने लगी। तभी मोबाइल ने संकेत दिया कि तीसरे नेता जी भी लाइन में हैं। मोबाइल की बैटरी 'टें' बोल रही है, लेकिन नसीहतें हैं कि खत्म ही नहीं हो रही हैं। मेयर पर चल रहा मंथन अब 'महामंथन' में बदल चुका है। दरअसल, इन कॉर्पोरेटरों के संपर्क में दूसरी पार्टियों के नेता भी आ चुके हैं। कॉर्पोरेटर कम सयाने नहीं, उन्होंने भी अपना एक ग्रुप बना लिया है। कुल मिलाकर एक नया ही सीन क्रिएट हो चुका है।



इस नए सीन की वजह से नेता जी सर्दी में भी पसीने-पसीने हो रहे हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के ताजा-ताजा चुने गए एक कॉर्पोरेटर को कई-कई बार फोन किया, लेकिन वह आउट ऑफ रीच है। नेता जी हैरान हैं कि सुबह ही तो लंबी बात हुई थी, लेकिन दोपहर बीतते-बीतते नंबर के उपलब्ध न होने का संदेश आने लग गया है। नंबर उपलब्ध न होने का यह संदेश अनर्थकारी भी साबित हो सकता है। नेता जी की आंखों के सामने असम की कामरूप कामाख्या वाली वह घटना घूमने लगी है, जिसमें महाराष्ट्र के तब के सीएम का तख्तापलट हो गया था।

## एकदा

संकलन : रिंकल शर्मा

# सेवा सच्ची ताक़त

**9 अगस्त**, 1945 को जब अमेरिका ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराया, तो हजारों लोग मारे गए, इमारतें राख बन गईं और चारों ओर मौत का सन्नाटा छा गया। उस भयानक विस्फोट में नागासाकी मेडिकल कॉलेज के रेडियोलॉजिस्ट ताकाशि नागाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके शरीर में रेडिएशन फैल चुका था और उनकी पत्नी मिदोरी की उसी दिन मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने साफ कह दिया कि अब ताकाशि ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएंगे। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने बचे हुए घायलों का इलाज करना शुरू किया, अनाथ बच्चों की मदद की और लोगों को मानसिक रूप से संभालने का कार्य किया। वह एक छोटी-सी झोपड़ी में रहने लगे। वहीं से उन्होंने शांति, मानवता और करुणा पर कई किताबें लिखीं। उनका उद्देश्य था कि दुनिया परमाणु युद्ध की भयावहता को समझे और भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। कमजोरी और दर्द के बावजूद वह रोजाना लोगों से मिलते, उन्हें आशा देते और कहते, 'दुख को सेवा में बदल देना ही सच्ची ताकत है।' 1951 में ताकाशि नागाई का निधन हो गया, पर उनकी सेवा आज भी जापान में याद की जाती है।


Subrata Dhar

# टीम इंडिया की हार में है क्या गंभीर फैक्टर

## इधर टीम इंडिया की हर हार का ठीकरा कोच पर ही क्यों फोड़ा जा रहा है


प्रभंजन वर्मा

**भारतीय फैंस** बहुत अधीर हैं। अब क्रिकेट इतना ज्यादा हो रही है कि बीती बातें बहुत जल्दी जहन से उतरती जाती हैं। लोग यह भूल जाते हैं कि गौतम गंभीर के कोच रहते ही टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती, एशिया कप अपने नाम किया और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज बराबर कराई।

**इंदौर का रेकॉर्ड** । गंभीर पर सवाल पहले भी उठा था और अब अगर फिर से उनको हटाने की मांग इंदौर वनडे की वजह से है, तो इसे गलत कहा जाएगा। आमतौर पर डे-नाइट वनडे मैच में भारतीय पिचों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान होता है, लेकिन इंदौर में कहानी दूसरी है। यहां रात में बैटिंग करना दिन की तुलना में मुश्किल है। इस मैदान पर खेले गए पिछले मैच में भी ऐसा ही हुआ था।

**स्पिन बनी पहेली** । टीम इंडिया के हालिया प्रदर्शन से एक बात तो साफ है कि हमारे खिलाड़ी मानो स्पिन खेलना भूल गए हों। एक वक्त स्पिन खेलने में भारतीय बैटर्स सबसे बेहतर थे। लेकिन, IPL की वजह से काफी बदलाव आया। अब पेस बोलिंग खेलने की क्षमता अच्छी हो गई है, जबकि स्पिन पर मात खा जा रहे। वाइट बॉल क्रिकेट में स्पिन को खेलने का सबसे प्रभावी तरीका स्वीप शॉट है, पर हमारे खिलाड़ी इसे कम खेलते हैं।

**कोच की गलती नहीं**
- टीम ट्रांजिशन के दौर से गुजर रही, समय देना होगा
- टेस्ट में बड़े खिलाड़ियों के जाने से लगा झटका
- गंभीर की क्षमता व रणनीति पर कोई शक नहीं

**टेस्ट का गुस्सा** । इस सीरीज से हटकर अगर गंभीर पर कमाए जा रहे दबाव पर आएं, तो उसके पीछे वजह टेस्ट क्रिकेट है। पहले विरले होता था कि भारतीय टीम अपनी जमीन पर टेस्ट सीरीज हारे, लेकिन पिछले कुछ ही वक्त में दो क्लीन स्वीप हो गया। इसे लेकर फैंस में नाराजगी है।

**नए चेहरे** । टीम के तीन मैच विनर एक के बाद एक निकल गए - रविचंद्रन अश्विन, विराट कोहली और रोहित शर्मा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉप ऑर्डर में युवा चेहरे आजमाए गए। अब इनको वक्त देना पड़ेगा।

**विराट से तुलना** । फैंस की बेचैनी शायद इस वजह से भी है, क्योंकि हमने विराट जैसा कप्तान देखा। विराट के दौर में टेस्ट में टीम लंबे समय तक नंबर वन रही थी। लेकिन, यह समझने वाली बात है कि उन जैसे खिलाड़ी और कप्तान दशकों में एक बार आते हैं। वह टेस्ट के सबसे सफल कप्तानों में शुमार हैं। आज के दौर में बहुत कम प्लेयर हैं, जो पांच दिनों के खेल को इतनी तवज्जो दें।

**फोकस बदला** । पिछले 8-10 बरसों में टीमों का फोकस बदला है। वनडे विश्वकप 4 साल में एक बार होता है, जबकि टी-20 हर दो साल पर। इस समय सभी का ध्यान टी-20 पर है, क्योंकि अगले महीने से विश्व कप है। इसी वजह से वनडे में प्रयोग किए जा रहे हैं। टी-20 विश्व कप और IPL के बाद वनडे पर फोकस शिफ्ट हो सकता है, क्योंकि तब नजर 2027 में होने वाले 50 ओवर के वर्ल्ड कप पर होगी।

**नए कॉम्बिनेशन** । वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया में अब भी नए कॉम्बिनेशन बनाने की कोशिश की जा रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ यही हुआ और असल में यही कोच का काम भी है। हमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के हालिया प्रदर्शन को अलग-अलग करके देखना होगा। कोहली कंसिस्टेंट हैं, जबकि रोहित नहीं। हालांकि इन दोनों के कद को देखते हुए कोई भी कॉल ऐसे नहीं ली जा सकती। अभी वनडे में बड़ा इवेंट नहीं है, तो इंतजार करना चाहिए। स्पिनर्स के मामले में भी गंभीर को बदलाव करने पड़ सकते हैं।

**समय मिले** । BCCI ने यह पॉलिसी अपनाई है कि कोच को लंबा वक्त दिया जाएगा, ताकि उसे अपनी स्ट्रैटिजी बनाने और उसे लागू करने का समय मिले। राहुल द्रविड़ और उनके पहले रवि शास्त्री को लंबा समय मिला था। दोनों ने टीम को सफलता दिलाई। गौतम गंभीर का कॉन्ट्रैक्ट 2027 तक है, तो उन्हें भी समय देना चाहिए।

**शानदार करियर** । बतौर खिलाड़ी गौतम का रेकॉर्ड शानदार है। बतौर कप्तान उन्होंने IPL के खिताब जीते हैं। खेल की समझ जबरदस्त है। अगर कोच के रूप में उनकी रणनीति में कोई गलती हो तो समझ आता है, पर पूर्व खिलाड़ी भी इस बारे में अंगुली नहीं उठा सकते। सारी जिम्मेदारी कोच पर डालना सही नहीं है। फैंस को इतनी जल्दी निराश नहीं होना चाहिए।

*(लेखक क्रिकेट ब्रॉडकास्टर और स्पोर्ट्स कंसल्टेंट हैं)*



**आमने-सामने**

## जीत का श्रेय लेते हैं तो हार की जिम्मेदारी भी स्वीकार करें गौतम


रूपेश रंजन सिंह

**पिछले साल** नवंबर महीने के आखिर की बात है। गुवाहाटी टेस्ट के साथ ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में थे। गंभीर के कोचिंग कार्यकाल में महज 13 महीने के भीतर भारत को अपनी सरजमीं पर दूसरी टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट में मिली हार के बाद जब उनसे सवाल पूछा गया कि क्या अब भी वह खुद को टेस्ट कोच के पद के लिए सबसे सही विकल्प मानते हैं, तो तमतमाते चेहरे के साथ उनका जवाब था, 'मैं वही इंसान हूं जिसने आपको इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी के कोच के तौर पर नतीजे दिलाए।' गंभीर ने साथ ही कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और प्लेयर्स को वक्त देने की जरूरत है।

**जवाबदेही से बचना मुश्किल** । देखा जाए तो गंभीर से उस दिन दो बड़ी चूक हुईं। पहली यह कि जिम्मेदारी लेने के बजाय उन्होंने 'ट्रांजिशन' का बहाना लिया और दूसरी यह कि दुबई के एक ही मैदान पर रोहित, विराट और श्रेयस के बूते मिली टीम की पिछली उपलब्धि का सारा श्रेय खुद के नाम कर लिया। अब जब न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी टीम की ऐतिहासिक नाकामी के लिए जवाबदेही तय की जा रही है, तो गंभीर के लिए जिम्मेदारी से बच निकलना आसान नहीं होगा।

**गलत वजहों से चर्चा** । सच यह है कि रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के कोचिंग दौर में जिस टीम इंडिया ने सफलताओं के नए मानक गढ़े थे, गंभीर के पद संभालने के बाद उसी टीम का ग्राफ लगातार नीचे खिसकता चला गया है। टीम के सीनियर प्लेयर्स के साथ कोच के अनबन की खबरें बाहर आने लगीं। बीच दौरे में आर अश्विन के संन्यास लेने और जब हालात स्थिर दिख रहे थे, तब रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से बेवक्त रिटायरमेंट लेने की चौंकाने वाली घोषणाएं सामने आईं।

**'नई' टीम बनाने की पहल** । धीरे-धीरे यह साफ होने लगा कि कोच गंभीर अपनी एक 'नई' टीम तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफल भी रहे। सीनियर्स को एकतरफ कर शुभमान गिल को कप्तानी सौंप दी गई। एक तरफ डोमेस्टिक क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण कुछ प्लेयर्स को अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट तक गंवाना पड़ा तो दूसरी तरफ गंभीर ने अपनी जिद से डोमेस्टिक में भी कम अनुभव रखने वाले हर्षित राणा जैसे प्लेयर को तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का स्थायी सदस्य बना दिया। इसके बाद गंभीर ने टीम में ऑलराउंडर्स की भरमार कर दी, लेकिन एक भी ऑलराउंडर के मन में यह विश्वास नहीं पैदा कर पाए कि उसकी जगह सुरक्षित है।

**उठ रहे हैं सवाल**
- गंभीर के अटपटे प्रयोगों से हुआ टीम को नुकसान
- 'फुल कंट्रोल' की चाहत ने बिगाड़ा सारा खेल
- ये हालात दिला रहे ग्रेग चैपल के बुरे दौर की याद

**कौन दिखाए आईना** । गंभीर का यह कार्यकाल बहुत हद तक ग्रेग चैपल के टीम इंडिया के साथ विवादित कोचिंग कार्यकाल की याद दिलाता है। चैपल ने भी कुछ इसी तरह से टीम इंडिया पर 'फुल कंट्रोल' करने की कोशिश में उथल-पुथल मचा दी थी लेकिन परिणाम के नाम पर विरासत में सिर्फ त्रासदी ही छोड़ गए। पिछले कुछ समय में भी टीम में जो असंतुलन पैदा हुआ है। पूर्व क्रिकेटर्स सोशल मीडिया पर अपनी खीझ निकाल रहे हैं लेकिन ऐसा लगता है कि बोर्ड गंभीर के साथ करार करके छुट्टी पर चला गया है।

**अप्टन के अनुभव** । टीम इंडिया के पूर्व मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने गौतम गंभीर के साथ काम करने के अपने अनुभवों का जिक्र अपनी किताब 'द बेयरफुट कोच' में किया है। अप्टन ने लिखा कि उस वक्त टीम इंडिया में मानसिक रूप से सबसे ज्यादा असुरक्षित प्लेयर थे। माना जा रहा है कि गंभीर की वही असुरक्षा की भावना अब भी उनके व्यक्तित्व और फैसलों में झलकती है।

**कठोर फैसले की जरूरत** । यदि खराब प्रदर्शन पर टी-20 फॉर्मेट में टीम के कप्तान बनाए गए शुभमान गिल को टीम से बाहर किया जा सकता है तो फिर कोच को लेकर ऐसे कठोर फैसले क्यों नहीं लिए जा सकते? गंभीर की कोचिंग शैली पहले ही टीम इंडिया को भारी नुकसान पहुंचा चुकी है। भले तत्काल कोई बड़ा फैसला न लिया जा सके, लेकिन इतना तो हो ही सकता है कि आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के प्रदर्शन को गंभीर के कोचिंग कार्यकाल के भविष्य से जोड़ दिया जाए।

# मैराथन में दौड़ लगाइए, कहीं से भी

*मैराथन में पार्टिसिपेट करने के लिए भी उत्साह और दृढ़ इच्छाशक्ति चाहिए। अब एक ट्रेंड जोर पकड़ रहा है, जिसमें कहीं से भी और किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार 5 से 10 किमी की दौड़ लगा सकते हैं। यह है वर्चुअल मैराथन।*

**छोटी बात, बड़ा फर्क**

**कोविड में हिट हुआ**

**2019 में** पहली बार यह कॉन्सेप्ट सामने आया। कोविड में इसने जोर पकड़ा। अक्टूबर 2020 में लंदन में हुई वर्चुअल मैराथन में 45,000 से अधिक प्रतिभागी थे। इन सभी ने विभिन्न स्थानों से इसमें भाग लिया और 42.2 किमी की दौड़ लगाई। यह आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में जगह बना चुका है। भारत में भी वर्चुअल मैराथन अब रनिंग कैलेंडर का हिस्सा है।


AI Image


**भारत में बढ़ता ट्रेंड**

**इस रविवार** को हुई मुंबई मैराथन में 7% प्रतिभागियों ने वर्चुअली हिस्सा लिया था। पिछले साल भी वर्चुअली पार्टिसिपेट करने की सुविधा मिली थी। दिल्ली हाफ मैराथन, कोलकाता में टाटा स्टील वर्ल्ड 25K और बेंगलुरु में टीसीएस वर्ल्ड 10K जैसे इवेंट भी इसी तर्ज पर हो रहे हैं। वर्चुअल मैराथन के लिए ऑनलाइन अप्लाई करना पड़ता है।

**जनता जंक्शन** इरफ़ान




# भोजशाला के लिए क्यों अहम है बसंत पंचमी


शुभम केचलिया

**भारतीय इतिहास** में मंदिर-मस्जिद पर विवाद नया नहीं है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अदालत के आदेश पर कई बार ऐसे विवादों के समाधान तलाशे हैं। ऐसा ही विवाद धार के भोजशाला का है। आज भोजशाला की चर्चा इसलिए क्योंकि परमार वंश के राजा भोज (ग्यारहवीं शताब्दी) द्वारा बनवाए गए इस मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा थी। सरस्वती की आराधना बसंत पंचमी पर की जाती है। इस साल बसंत पंचमी शुक्रवार को है। उस रोज जुम्मे की नमाज अदा की जाती है। यही कारण है की यह बसंत पंचमी भोजशाला के लिए महत्वपूर्ण है।

**शिक्षा का केंद्र** । परमार वंशीय राजा राजनीतिक उपलब्धियों के साथ कला व स्थापत्य क्षेत्र में भी प्रसिद्ध रहे। इनकी राजधानी मध्य प्रदेश में धार थी। 11वीं शताब्दी की शुरुआत से मध्य तक शासन करने वाले राजा भोज ने राजधानी में मंदिर बनवाया। तब मंदिर शिक्षा ग्रहण करने का केंद्र था। मगर, मध्यकाल में हुए मुस्लिम आक्रमण में भोजशाला को नष्ट कर दिया गया।

**IAR में जिक्र** । पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के हालिया उत्खनन से पता चला कि काशी विश्वनाथ के पास खड़ा ढांचा भी मंदिर विध्वंस कर बनाया गया है। धार स्थित भोजशाला की सच्चाई जानने के लिए उच्च न्यायालय ने भोजशाला के पुरातात्विक सर्वेक्षण का आदेश दिया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की वार्षिक पत्रिका इंडियन आर्कियोलॉजिकल रिव्यू (IAR) 1984-1985 में भी यह लिखा है कि भोजशाला मूल रूप से मां सरस्वती का मंदिर है। भोजशाला के पश्चिम व उत्तर में मंदिर के अधिष्ठान के चिह्न हैं।

**32 मूर्तियां मिलीं** । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के द्वारा मुद्रित कॉर्पस इंस्क्रिप्शनम इंडिकेरम के खंड 7 में भी उल्लेख है कि एक ब्रिटिश अधिकारी को भोजशाला के अवशेषों के पास सरस्वती की मूर्ति मिली थी। इसे ब्रिटिश संग्रहालय में रखा गया है। 1987 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किए गए उत्खनन में भोजशाला से हिन्दू धर्म से जुड़ी 32 मूर्तियां मिली थीं।

**कॉमन रूम**



**मस्जिद कहना तथ्यहीन** । रिसर्च के आधार पर भोजशाला को मस्जिद कहना तथ्यहीन है। भोजशाला परिसर के स्तम्भ व उन पर संजोए गए अलंकरण सिद्ध करते हैं कि स्तम्भ परमार कालीन हैं। साथ ही, आस-पास बनी कुछ कब्रों के निर्माण के लिए भी मंदिरों के अवशेष को उपयोग किया गया है। इन अवशेषों पर हरा रंग पोतकर इनकी पहचान छिपाने का असफल प्रयास किया गया है।

**शिलालेखों के सबूत** । पुरातत्व विभाग की एक टीम ने भोजशाला और उसके पास बाद में बनी दरगाह में मौजूद पत्थरों पर लिखे शिलालेखों के छापे लिए थे। दरअसल, इससे पहले भी भोजशाला से कई शिलालेख मिल चुके हैं। पुरातत्वविद के.के. लेले के अनुसार, भोजशाला के दो स्तंभों पर लिखे कुछ शिलालेख इस बात की ओर इशारा करते हैं कि इन्हें किसी व्याकरण के आचार्य ने लिखवाया था। उनका मानना है कि इनका उपयोग छात्रों की पढ़ाई और ज्ञान अर्जन के लिए किया जाता रहा होगा।

**कोर्ट में मामला** । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की टीम ने भोजशाला में पुरातात्विक उत्खनन, शिलालेखों के छापे लेने, फोटोग्राफी और पूरे स्थल की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। यह रिपोर्ट 2024 में अदालत में पेश की जा चुकी है। माना जा रहा है कि यह रिपोर्ट भोजशाला, उसके निर्माण में राजा भोज की भूमिका और बाद के समय में हुए उसके विध्वंस को लेकर कई अहम जानकारियां सामने लाएगी। फिलहाल केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और सभी को उसके अंतिम फैसले का इंतजार है।

*(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य हैं)*

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# जीवन में तेज़ चलना चाहते हैं, तो ब्रेक मत छोड़िए

उमा नेमाणी

जीवन की दौड़ में हम अक्सर यह मान लेते हैं कि जो सबसे तेज चलता है, जो हर बात का तुरंत जवाब देता है, जो हर आरोप का उसी पल खंडन कर देता है, वही सबसे समझदार और शक्तिशाली है। लेकिन, सच्ची शक्ति ठहरने में है।

जैसे गाड़ी में ब्रेक होता है, तभी वह तेज चल सकती है। यदि ब्रेक न हो, तो कोई उसकी ड्राइविंग सीट पर भी नहीं बैठेगा। ठीक उसी तरह, जीवन में भी यदि रुकने की समझ न हो, तो हमारी गति हमें ही पछाड़ सकती है। कई बार जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब लोग हमारे बारे में गलत धारणाएं बना लेते हैं। कोई हमें घमंडी कह देता है, कोई स्वार्थी, कोई झूठा, तो कोई यहां तक कह देता है कि हमें रिश्तों की अहमियत नहीं। ऐसे आरोप भीतर तक चुभते हैं। मन में यह प्रश्न उठता है, 'मैंने तो कुछ किया ही नहीं, फिर लोग मेरे बारे में ऐसा क्यों सोचते हैं?' यह पीड़ा स्वाभाविक है। बुरा लगना मानवीय है। लेकिन यहीं पर जीवन हमें एक महत्वपूर्ण सूत्र सिखाता है- रुकने का सूत्र।

जैसे ही हम हालात को स्वीकार करते हैं, सीखने की क्षमता विकसित होने लगती है। स्वीकार करना हार नहीं, बल्कि यह भीतर की शक्ति का संकेत है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप चुप रह जाएं या अन्याय सहते रहें। अपना पक्ष रखें- शांति से, स्पष्टता से, बिना क्रोध के। बस इतना कह दें कि आपके भीतर उस समय क्या था, आपकी समझ क्या थी, आपका सत्य क्या है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP9 User: cci Time: 01-20-2026 23:14 Color:



भारत का घरेलू परिस्थितियों में कोई सानी नहीं है। टी20 सीरीज के दौरान वे मैदान नहीं होंगे जहां हम वर्ल्ड कप में खेलेंगे। लेकिन यहां खेलने का अनुभव और मैदानों की स्थिति का आकलन वर्ल्ड कप से पहले शानदार तैयारी होगी। -लॉकी फर्ग्यूसन, फास्ट बोलर, न्यूजीलैंड



**27**

सिक्स हैं रोहित शर्मा के नाम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल में। वह दोनों देशों के बीच टी20 फॉर्मेट में हुए मैचों में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं


## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत की ओर से कितने प्लेयर्स 100 से ज्यादा टी20I मैच खेल चुके हैं?
A) 1 B) 2 C) 3 D) 4
2. ऑस्ट्रेलियन ओपन में मौजूदा मेंस सिंगल्स चैंपियन कौन है?
A) यानिक सिनर B) नोवाक जोकोविच C) कार्लोस अल्कराज D) डेनियल मेदवेदेव

**कल के जवाब**
1. A) जकार्ता 2. C) कामिला रखिमोवा

**लकी WINNER**



1. हरमीत सिंह, हरि नगर, नई दिल्ली
2. मनोज कुमार सिन्हा, साहिबाबाद
3. विक्रम सिंह बिष्ट, लखनऊ, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

**अफगान जीते पहला मैच**
■ **दुबई:** इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट के लिए 106 गेंद पर 162 रन की अटूट साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर 87* रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए।

**विंटर गेम्स की घोषणा**
■ **लेह:** उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने अत्याधुनिक एनडीएस आइस हॉकी स्टेडियम पर छठे खेलो इंडिया विंटर गेम्स-2026 की शुरुआत की मंगलवार को घोषणा की। खेल अगले सात दिन तक चलेंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर इनका समापन होगा। 19 प्रदेशों के 1060 प्रतिभागी भाग लेंगे।

**सा. अफ्रीका जाएगी टीम**
■ **नई दिल्ली:** भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी20 सीरीज खेलने अप्रैल में साउथ अफ्रीका जाएगी। ये मैच 17 से 27 अप्रैल के बीच डरबन, जोहानिसबर्ग और बेनोनी में खेले जाएंगे।

**अमेलिया बनी कोच**
■ **नई दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने मंगलवार को कोस्टा रिका की 39 वर्षीय अमेलिया वाल्वेर्दे को भारतीय सीनियर महिला टीम की हेड कोच बनाया।

**प्रज्ञा लेंगे हिस्सा**
■ **स्टावेंजर:** आर प्रज्ञानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। प्रज्ञा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वॉलिफाई कर लिया है।

टी20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले दोनों टीमों के पास इस फॉर्मेट में दबदबा बनाने का मौका

# वनडे में मिले जख्मों को भरने उतरेगी 'सूर्य की सेना'

**भारत Vs न्यूजीलैंड | टी20I सीरीज, पहला मैच**

■ **एजेंसियां, नागपुर:** कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज में मैदान पर होगी तो उसका पहला लक्ष्य वनडे सीरीज में मिली हार का बदला चुकता करने का होगा। इसके अलावा खराब दौर से गुजर रहे कप्तान की निगाहें फॉर्म में वापसी करते हुए अगले महीने टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम की तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होंगी।

सूर्य ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद इस फॉर्मेट में भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उनकी जीत का प्रतिशत 72 से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया। टी20 इंटरनैशनल मैचों में भारत ने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवर्स में शानदार बोलिंग को जाता है। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्य ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए।

**कीवी हैं मजबूत विपक्षी:** भारतीय टीम पर हालांकि वर्ल्ड कप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा। न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करना और वनडे सीरीज जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद खेले गए 21 टी20I मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक ओपनर डेवोन कॉन्वे, कप्तान मिचेल सैंटनर, पेसर जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी साबित होगी।

टी20 सीरीज में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और पेसर जसप्रीत बुमरा की भी वापसी होगी जिन्हें वनडे सीरीज में आराम दिया गया था।

### क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे

न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। वाल्टर ने कहा, 'ब्रेसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी। इसके बाद ही दौरे में उनकी आगे की भागीदारी के बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा।' वाल्टर ने यह भी पुष्टि की कि पेसर क्रिस्टियन क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे।


नागपुर में प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव

**100** वां टी20 इंटरनैशनल मैच खेलेंगे सूर्यकुमार यादव अपने करियर का। वह यह मुकाम हासिल करने वाले भारत के चौथे जबकि दुनिया के 53वें खिलाड़ी बन जाएंगे

**99** इंटरनैशनल जीत हासिल कर चुकी है टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर। एक और जीत से वह न्यूजीलैंड के खिलाफ इंटरनैशनल मैचों में जीत की सेंचुरी लगा देगी

**79** रन पर भारत को न्यूजीलैंड ने ढेर कर दिया था साल 2016 में नागपुर के मैदान पर हुई पिछली टक्कर में। वह मैच न्यूजीलैंड ने 47 रन से जीता था

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### पिछले वर्ल्ड कप के बाद पहली भिड़ंत

साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से भारतीय टीम ने टी20 फॉर्मेट में लगातार चैंपियंस वाला ही प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ल्ड कप के बाद से उसने 34 मैच खेले हैं, जिनमें से 29 जीते और सिर्फ पांच गंवाए हैं। इसमें सुपर ओवर में मिली दो जीत भी शामिल हैं। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 में एक भी भिड़ंत नहीं हुई है। टीम को लगातार हैरान कर रहे कीवियों के खिलाफ यह सीरीज भारत की असली परीक्षा होगी।

**आमना-सामना**

टाई मैच 1 | भारत जीता 14 | 25 कुल मैच | 10 न्यूजीलैंड जीता

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमरा, वरुण चक्रवर्ती

**न्यूजीलैंड:** टिम रॉबिन्सन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी

**पिच व मौसम**

विदर्भ क्रिकेट असोसिएशन का ग्राउंड भारत के सबसे बड़े आउटफील्ड वाले मैदानों में से एक है और सफेद गेंद के क्रिकेट में भी यहां अक्सर स्पिनर्स को मदद मिलती है। बुधवार को मौसम खुशनुमा और शुष्क रहने की उम्मीद है। शाम के समय तापमान करीब 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

*टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर*

## बांग्लादेश की दो टूक-किसी शर्त पर नहीं खेलेंगे भारत में


आज खत्म होगी ICC की डेडलाइन

■ **एजेंसियां, ढाका:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ICC की तरफ से दी गई 21 जनवरी तक की डेडलाइन के ठीक एक दिन पहले मंगलवार को बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने दोहराया कि बांग्लादेश की टीम वर्ल्ड कप के मैच खेलने के लिए किसी भी शर्त पर भारत नहीं जाएगी। गौरतलब है कि अगर BCB भारत में नहीं खेलने के अपने फैसले पर अड़ा रहा तो इस बार 20 देशों के इस टूर्नामेंट से बांग्लादेश को बाहर करते हुए रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड की टीम को उसकी जगह शामिल कर लिया जाएगा।

**दबाव में नहीं झुकेंगे:** नजरूल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मुझे यह नहीं पता कि स्कॉटलैंड को हमारी जगह शामिल किया जाएगा। अगर ICC भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के दबाव में आकर बेतुकी शर्तें रखकर हम पर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।'

## रोड्रिग्स की कप्तानी पारी से दिल्ली जीती


कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जेमिमा रोड्रिग्स (51*, 37 बॉल) की कप्तानी पारी और लिजेल ली (46 रन, 28 बॉल) द्वारा दिलाई गई तेज शुरुआत की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को विमिंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस पर सात विकेट से जीत दर्ज की। वडोदरा में खेले गए मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने नेट स्किवर ब्रंट (65) के अर्धशतक की मदद से पांच विकेट पर 154 रन बनाए। इस टारगेट को दिल्ली ने एक ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। दिल्ली की यह पांच मैचों में दूसरी जीत है वहीं मुंबई कुल चौथी और लगातार तीसरी हार के बावजूद टेबल में दूसरे स्थान पर बरकरार है।

## तीसरे नंबर पर ईशान करेंगे बैटिंग: सूर्यकुमार


ईशान किशन करेंगे वापसी


■ **एजेंसियां, नागपुर:** भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में ईशान किशन को श्रेयस अय्यर से पहले बैटिंग के लिए भेजा जाएगा क्योंकि वह टी20 वर्ल्ड कप टीम का भी हिस्सा हैं। वह चोटिल तिलक वर्मा की तरह ही बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। सूर्य ने कहा, 'ईशान तीसरे नंबर पर बैटिंग करेंगे क्योंकि वह हमारी टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा हैं और उन्हें टीम में पहले चुना गया है, तो उन्हें मौका देना हमारी जिम्मेदारी है। तिलक भी नहीं हैं, तो ईशान हमारे पास सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं।'

**प्रेस कॉन्फ्रेंस से**

लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार ने यह भी कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी शैली में कोई बदलाव नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं रन नहीं बना पा रहा, लेकिन अपनी पहचान नहीं बदलूंगा। मैं वैसे ही खेलूंगा जैसे पिछले तीन चार साल से खेल रहा था और जिससे मुझे सफलता मिली है।'

**सैंटनर को मिचेल से उम्मीद:** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि डेरिल मिचेल वनडे की अपनी शानदार फॉर्म को टी20 सीरीज में भी बरकरार रखेंगे। मिचेल ने भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों में 84, 131* और 137 रन बनाकर न्यूजीलैंड की सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई।

## सिनर का खिताबी अभियान हुआ शुरू, कीज भी जीतीं




■ **एपी, मेलबर्न:** मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मेडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैटट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

**AO ऑस्ट्रेलियन ओपन**

**पिछड़ने के बाद वापसी:** नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिनिकोवा को 7-6, 6-1 से हराया। कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में खेल रही ओलिनिकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट पॉइंट्स के मौकों को भुनाने में असफल रहीं। कीज ने ओलिनिकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया। विमिंस सिंगल्स में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना भी करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 से और चेक रिपब्लिक की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। यूएस ओपन की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले राउंड में कैरोलिना प्लिसकोवा से 7-6, 6-2 से हार गईं।

### पूनाचा-इसारो की जोड़ी बाहर

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार पुण्य इसारो ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस डबल्स के पहले राउंड में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो को पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी से 6-7, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। डबल्स में भारत की उम्मीदें बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उनका पहला मुकाबला स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट से होगा।

## जीत के साथ हैदराबाद ने कायम रखीं उम्मीदें

■ **एजेंसियां, भुवनेश्वर:** हैदराबाद तूफांस ने मेंस हॉकी इंडिया लीग में मंगलवार को HIL GC (हॉकी इंडिया गवर्निंग काउंसिल) पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की। अपने आखिरी लीग मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना कर रही हैदराबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी बरकरार रखी है। इस जीत के साथ हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि HIL GC अब चौथे स्थान पर खिसक गई है। तूफांस के लिए जाकरी वॉलेस, अमनदीप लाकड़ा और शिलानंद लाकड़ा ने गोल दागे, जबकि HIL GC की ओर से केन रसेल ने दो गोल किए। मैच के छठे मिनट में वॉलेस ने पैनल्टी कॉर्नर के जरिए तूफांस को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, दो मिनट बाद ही केन रसेल ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। फिर अमनदीप ने एक और पैनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर तूफांस को 2-1 की बढ़त दिला दी।

**हॉकी इंडिया लीग**


अमनदीप लाकड़ा

## पोल वॉल्ट के चैंपियंस को ट्रेन से उतारने पर विवाद

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप से लौट रहे भारत के नैशनल रेकॉर्ड होल्डर पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा और उनकी टीम को पनवेल स्टेशन पर अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ा। उन्हें उनके पोल के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई और ट्रेन से उतरने पर मजबूर किया गया। जुर्माना भरने के बाद ही उन्हें इसे साथ ले जाने दिया गया। जुलाई-2025 में जर्मनी में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में अपना ही राष्ट्रीय रेकॉर्ड तीसरी बार तोड़कर 5.40 मीटर का नया रेकॉर्ड बनाने वाले देव, मंगलुरु में मीट रेकॉर्ड बनाने वाले कुलदीप और उनके साथी खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से हिस्सा लेकर लौट रहे थे।

**पांच घंटे रोके रखा:** कोच घनश्याम ने बताया, 'टीटीआई ने हमसे पोल हटाने को कहा तो मैंने उन्हें बताया कि यह पोल वॉल्ट है और हमने प्रतिस्पर्धा में भागीदारी का सबूत और मेडल भी उन्हें दिखाया। लेकिन, वह अड़ गए कि या तो 8000 रुपये जुर्माना भरो या पोल यहीं छोड़कर जाओ। हमारी एक ट्रेन भी छूट गई और बहुत मिन्नतें करने के बाद आखिर में 80 किलो का जुर्माना 1875 रुपये वसूला।'


राष्ट्रीय रेकॉर्ड होल्डर देव कुमार मीणा

## विल ने लगा दी अंडर-19 WC की फास्टेस्ट सेंचुरी

■ **विंडहोक (नामीबिया):** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज विल मालाजुक ने ICC U-19 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक सिर्फ 51 गेंदों में लगाया। इसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने जापान को आठ विकेट से मात दी। विल ने 55 गेंद में 102 रन बनाए और 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को आसान जीत दिलाई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सुपर सिक्स में प्रवेश कर लिया है।

**ICC U-19 वर्ल्ड कप**

### विवाद पर मंत्रालय का ऐक्शन

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों में प्रशासनिक कमियों की ओर इशारा करते हुए खेल मंत्रालय ने 'असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' (AIU) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पिछले साल जर्मनी के राइन रूर में हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान AIU की काफी निंदा हुई थी, जहां कथित प्रशासनिक चूक के कारण 12 में से छह ऐथलीट्स को हिस्सा लेने से रोक दिया गया था।

**AIU को भेजा नोटिस**

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन संतोषजनक रहेगा। आपको धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे और आपका जीवनस्तर भी ऊंचा उठेगा। सायंकाल में आप मंगल कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति की संभावना बन रही है। आपके विरोधी आपके खिलाफ षड्यंत्र करने का प्रयास करेंगे। आप फिजूल की बातों पर ध्यान न दें।

**TARUS** 20 Apr - 19 May
आज आपकी संपत्ति का विस्तार होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। समय का लाभ उठाएं। किसी बुजुर्ग से आर्थिक सहायता मिल सकती है। नौकरी में आज के दिन होने वाले परिवर्तन आपके पक्ष में ही होंगे। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें। सायंकाल में कला का आनंद भी मिल सकता है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज के दिन आपकी राशि में उच्च पद की प्राप्ति का योग बना हुआ है। संतान की ओर से सुखद समाचार भी आपको मिलेगा। आपका जीवन स्तर बढ़ेगा और आपको किसी की मदद करने का भी अवसर मिलेगा। नौकरी तथा व्यवसाय में साथियों के सहयोग का लाभ होगा। आलस्य का त्याग कर सक्रिय रहें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आज के दिन आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आज की गई यात्रा सफल होगी और हो सकता है यात्रा के दौरान आपको कोई नई जानकारी भी मिले। आज संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। प्रिय मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा। सायंकाल से रात्रि तक का समय आप पढ़ाई-लिखाई में बिताएंगे।

**LEO** 23 July - 22 Aug
घर में मांगलिक कार्यों के आयोजन से मन में प्रसन्नता रहेगी। अभिन्न मित्रों के सहयोग से व्यवसाय में उन्नति होगी। आमदनी बढ़ने और अचानक बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। आज राशि से अष्टम घर में मीन राशि का शनि मार्गी हो रहा है।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आपके सहयोगी आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। बौद्धिक कार्यों व लेखन आदि से भी आय होगी। बेवजह क्रोध करने से बचें। आज सायंकाल के समय संपत्ति का भी विस्तार हो सकता है। रात्रि में परिवार के मामले सुलझ जाएंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज आपको अपनी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। न चाहते हुए भी आज के दिन खर्च बढ़ेंगे। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज के दिन आपको अधिकारियों का विशेष सहयोग मिलेगा और उनके आशीर्वाद से आपकी पदोन्नति भी होगी। सायंकाल के समय पढ़ाई-लिखाई में रुचि बढ़ेगी।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल जन्म तृतीय में, मकर राशि का होकर रुचक योग बन रहा है। माता-पिता का सानिध्य व आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। बहुत समय से रुका हुआ धन किसी महापुरुष के सहयोग से प्राप्त हो जाएगा। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी बृहस्पति आज राशि से अष्टम भाव में मार्गी हो रहा है। चतुर्थ भाव में शनि भी कार्यक्षेत्र में कठिनाई व परिश्रम की अधिकता रखेगा। वाणी में सावधानी बरतें। किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक निकट की यात्रा का योग है।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपके भाग्य का उदय होगा। आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर निभाएंगे भी। संतान पक्ष से आपको कोई सुखद समाचार भी मिलेगा, जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। हो सके तो अभी आने वाले कुछ दिन अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी और धार्मिक कार्यों से व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। बेवजह क्रोध करने से बचें। जीवनसाथी से आज बहसबाजी में न उलझें। सायंकाल के समय धार्मिक आयोजन में भागीदारी या धार्मिक यात्रा हो सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपका दिन मिश्रित फलदायक है। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के रख-रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से भी आय के नए स्रोत विकसित होंगे। फोन कॉल के जरिए कोई शुभ समाचार मिल सकता है। राजनीति में अपने संपर्कों का लाभ उठाएं।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष राहु-गुरु दोनों का कुंभ व मिथुन राशि में केतु का सिंह राशि योग आपके वर्ष पर मिश्रित प्रभाव डाल रहे हैं। शासकीय वर्ग से अच्छी जमेगी। जनवरी के शेष दिनों से लेकर फरवरी महीने के अंत तक धन, ऐश्वर्य की वृद्धि से शत्रुओं को ईर्ष्या होगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। इस दौरान आपकी तरक्की से विरोधियों का मनोबल भी गिरेगा। मई-जून महीने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अत्यधिक सक्रियता के बावजूद जरा सी निराशा, असफलता और मायूसी का दौर आने पर आपके कष्ट बढ़ जाएंगे। जुलाई माह की शुरुआत से लेकर अगस्त माह के अंत तक में यदि अपने समय पर कार्यों का निष्पादन नहीं किया तो कहीं पर भी विश्वासघात मिल सकता है। सितंबर महीने से लेकर अक्टूबर महीने तक में नियमित कार्यों में बदलाव के कारण कदाचित लाभ होता रहेगा। नवंबर-दिसंबर में आपके सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों व सामान्य खर्च के उपरांत बन जाएंगे। मंगल कार्यों की योजना भी बनेगी। विशेष अच्छे परिणाम के लिए जनवरी 2027 में पक्षियों के लिए छांव में जल रखना तथा नियमित रूप से पूजा पाठ करना सरल उपाय है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


### कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 22 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 2, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, चतुर्थी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 8, शाबान 2, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 22 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। चतुर्थी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 29 मिनट तक उपरांत पंचमी तिथि। शतभिषा नक्षत्र दोपहर 2 बजकर 27 मिनट तक उपरांत पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। वरीयान योग 5 बजकर 48 मिनट तक उपरांत परिघ योग का आरंभ। वणिज करण अपराह्न 2 बजकर 43 मिनट तक उपरांत बव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-गौरी तृतीया।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 5 | | 1 | 2 | | |
| | 6 | | | | | | 4 | |
| | 3 | | | 4 | | | 8 | |
| | 4 | 7 | 6 | | 2 | 8 | 1 | |
| | | 9 | | | | 5 | | |
| | 1 | 5 | 9 | | 8 | 3 | 2 | |
| | 5 | | | 1 | | | 3 | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 3 | 7 | | 9 | 1 | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भड़े |
| 10:00 बंदबुध बुड़बक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP10 User: ccl Time: 01-20-2026 22:33 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## जब लॉन्च हुई पहली परमाणु पनडुब्बी

आज ही के दिन 1954 में दुनिया की पहली परमाणु पनडुब्बी USS Nautilus (SSN-571), अमेरिका में लॉन्च की गई थी। इसने नेवी के इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। परमाणु ऊर्जा के कारण इसे ईंधन के लिए बार-बार सतह पर आने की जरूरत नहीं थी, जिससे यह हफ्तों तक पानी के नीचे रह सकती थी। यह आधुनिक नौसेना के 'परमाणु युग' की वास्तविक शुरुआत थी।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर
बुधवार, 21 जनवरी 2026

## भविष्य में पनडुब्बी होगी सेल्फ कंट्रोल्ड

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की न्यूक्लियर सबमरीन अत्यंत उन्नत, स्वदेशी और लगभग पूरी तरह 'सेल्फ कंट्रोल्ड' होगी। इनमें AI-आधारित कमांड सिस्टम, अत्यंत शांत प्रोपल्शन और लाइफटाइम न्यूक्लियर रिएक्टर होंगे। ये महीनों तक बिना सतह पर आए हिंद महासागर में गश्त कर सकेंगी। भारत की नीति के तहत इनका मुख्य उद्देश्य युद्ध नहीं, बल्कि रणनीतिक संतुलन, समुद्री सुरक्षा और शांति बनाए रखना होगा।




AI Images

SPEED News

### काबुल ब्लास्ट की जिम्मेदारी IS ने ली



अफगानिस्तान के काबुल में सोमवार के ब्लास्ट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (IS) ने ली है। चीनी नागरिक समेत 7 मारे गए।




### UN एजेंसी पर चला इस्राइली बुलडोज़र

इस्राइल ने मंगलवार को पूर्वी यरुशलम में UN की शरणार्थी एजेंसी की इमारतों को गिरा दिया। एजेंसी ने इसे कानून का उल्लंघन बताया।

### ब्रिटेन में चीन बनाएगा सबसे बड़ी एंबेसी



ब्रिटिश सरकार ने लंदन में चीन के सबसे बड़े दूतावास को बनाने की मंजूरी दी। चेताया गया कि यह जासूसी के लिए इस्तेमाल हो सकता है।



### बंदूक नियंत्रण पर ऑस्ट्रेलिया में कानून

सिडनी में यहूदियों पर हमले के बाद यह कानून पास हुआ। इसके तहत बंदूक रखने वालों पर प्रतिबंध लगेगा।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# गाज़ा, ग्रीनलैंड पर साथ से इनकार तो निशाना बनी फ्रांस की शराब

## ट्रंप से 200% टैरिफ की धमकी, मैक्रों ने कहा- झुकना नहीं है



File

■ एपी, दावोस (स्विट्ज़रलैंड)

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप और और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (Emmanuel Macron) के बीच टकराव गहरा गया है। ट्रंप ने मैक्रों का प्राइवेट संदेश सार्वजनिक करते हुए फ्रांस की वाइन और शैंपेन पर 200% तक टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। ट्रंप के इस बयान ने यूरोप ही नहीं, दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा दी।

ट्रंप ने टैरिफ की चेतावनी फ्रांस के 'गाजा पीस बोर्ड' में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी। मैक्रों का कहना है कि ट्रंप की यह पहल संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कमजोर कर सकती है। जब ट्रंप से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम मैक्रों को इस बोर्ड शामिल भी नहीं करना चाहते, क्योंकि बहुत जल्द उनकी कुर्सी छिनने वाली है।

> ट्रंप की विश्वसनीयता पर ईयू चीफ उर्सुला ने उठाए सवाल

ट्रंप ग्रीनलैंड पर मैक्रों के कड़े रुख से नाराज हैं। मैक्रों ने न सिर्फ यूरोपीय संघ (EU) से अमेरिका के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने की वकालत की, बल्कि डेनमार्क के समर्थन में ग्रीनलैंड में फ्रांसीसी सैनिक भी भेजे हैं।

ट्रंप ने जो मैसेज शेयर किया, उसमें मैक्रों ने कहा था, 'सीरिया के मुद्दे पर हम पूरी तरह आपसे सहमत हैं। ईरान के मामले में हम काफी कुछ कर सकते हैं, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप ग्रीनलैंड में क्या कर रहे हैं।'

ट्रंप की धमकी पर मैक्रों ने उन्हें इशारों में 'बुली' बताया और यूरोपीय देशों को सलाह दी कि उन्हें किसी भी ताकतवर के आगे नहीं झुकना चाहिए।

इससे पहले यूरोपीय संघ की चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्रंप की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष यूरोपीय संघ के सदस्य देशों पर नए टैरिफ नहीं लगाने पर सहमति जताई थी। लेयन ने कहा ग्रीनलैंड पर ट्रंप का टैरिफ लंबे समय से सहयोगी रहे देशों के बीच एक भूल है।

### क्या है 'बोर्ड ऑफ पीस' जिसमें चीन को भी न्योता

NBT Explainer

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गाजा में शांति के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' बनाया है। ट्रंप इसके आजीवन चेयरमैन रहेंगे। बोर्ड का सदस्य बनने के लिए भारत, चीन समेत दुनियाभर के 60 से ज्यादा नेताओं को न्योता भेजा गया है। हंगरी को छोड़ किसी देश ने अभी इस बोर्ड में शामिल होने को मंजूरी नहीं दी है। तीन देशों की सहमति मिलते ही व्यवस्था प्रभावी होगी।

**■ ₹9000 करोड़ में सदस्यता:** बोर्ड की शुरुआती सदस्यता 3 साल की होगी। स्थायी सदस्यता के लिए देशों को 1 अरब डॉलर यानी करीब 9000 करोड़ रुपये देने होंगे। यह रकम सदस्य बनने के 1 साल के अंदर देनी होगी। यह रकम नहीं देने तो 3 साल बाद सदस्यता खत्म।

**■ गाज़ा में होगा फंड इस्तेमाल:** अमेरिका का कहना है कि इस फंड का इस्तेमाल गाजा के रीडिवेलपमेंट में होगा। यह बोर्ड तीन स्तर का होगा। फाउंडिंग इग्जेक्युटिव काउंसिल में अमेरिकी नेता, उद्योगपति हैं।

**■ क्या संयुक्त राष्ट्र को यह है चुनौती:** ट्रंप का यह 'बोर्ड ऑफ पीस' गाजा के अलावा दुनिया के अन्य संघर्षों को भी अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत खत्म करने में अपनी भूमिका निभाने का इरादा रखता है। इसका मकसद खुद को सुरक्षा परिषद के विकल्प के तौर पर पेश करना है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, ट्रंप बोर्ड से UN को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं।

### ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ही पूरा किया सपना

## ग्रीनलैंड, कनाडा, वेनेज़ुएला US में!

Social Media







अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ग्रीनलैंड, कनाडा, वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए नक्शा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। कुछ मिनट बाद ट्रंप ने ग्रीनलैंड में अमेरिकी झंडा लगाते तस्वीर साझा की। इसमें उपराष्ट्रपति जेडी वान्स और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी साथ हैं। इस तस्वीर से वह ग्रीनलैंड को 2026 में अमेरिका का हिस्सा बताना चाह रहे हैं।

■ एपी, वॉशिंगटन/दावोस

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐसा नक्शा साझा किया, जिसमें ग्रीनलैंड, कनाडा और वेनेजुएला को अमेरिकी क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है। इस कदम के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इससे जुड़ी तस्वीर साझा की। तस्वीर के पीछे बदले हुए नक्शे में ग्रीनलैंड, कनाडा वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया है। माना जा रहा है कि यह नक्शा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है।

> नाटो चीफ से की बात, कल दावोस में बैठक बुलाएं

ट्रंप ने फिर NATO चीफ मार्क रुटे (Mark Rutte) से फोन पर बात की। इस बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस में बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने ग्रीनलैंड में सैन्य विमान भी भेजा। **दावोस में** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूरोप के साथ संबंध मजबूत बने हुए हैं। उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से अपील की कि वे ग्रीनलैंड पर ट्रंप प्रशासन की नई टैरिफ धमकियों से पैदा तनाव को अपने तरीके से कम होने दें।

### रूस, चीन ने कहा- ग्रीनलैंड के लिए हम खतरा नहीं

**ग्रीनलैंड पर** धमकी के बीच चीन ने कहा कि अपने हित साधने के लिए अमेरिका 'चीनी खतरे' को बहाने के रूप में इस्तेमाल करना बंद करे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय कानून ही मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की बुनियाद है और इसे बनाए रखा जाना चाहिए। रूस ने भी कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की 'गंभीर भू-राजनीतिक स्थिति' पर हमारी नजर है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने साफ किया कि ग्रीनलैंड के मामलों में दखल देने में रूस की दिलचस्पी नहीं है। अमेरिका भी जानता है कि रूस की ग्रीनलैंड पर कब्जे की कोई योजना नहीं है। लावरोव ने यह भी कहा कि हमारे विचार से ग्रीनलैंड डेनमार्क का प्राकृतिक हिस्सा नहीं है। यह न तो नॉर्वे का प्राकृतिक हिस्सा था और न ही डेनमार्क का। यह औपनिवेशिक जीत का हिस्सा है। ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए रूस और चीन को खतरा बता रहे हैं।

> रूस का नया दांव, ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा नहीं

### ट्रंप का यूटर्न, 'नोबेल की मुझे परवाह नहीं'

शांति के नोबेल पुरस्कार को हासिल करने की कई बार खुलकर इच्छा जाहिर कर चुके अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अब यूटर्न ले लिया है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में कहा कि नोबेल पुरस्कार की मुझे कोई परवाह ही नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई सोचता है कि नॉर्वे नोबेल पुरस्कार को कंट्रोल नहीं कर रहा है, तो यह सिर्फ मजाक है। मुझे तो बस जिंदगियां बचाने की परवाह है। मैंने करोड़ों लोगों की जान बचाई है। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि 8 युद्ध रुकवाने के बाद उनका नोबेल पुरस्कार पर हक बनता है।

## चागोस द्वीप पर ब्रिटेन के फैसले से ट्रंप नाराज़

■ **एपी, लंदन (ब्रिटेन):** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया (Diego Garcia) स्थित चागोस (Chagos) द्वीप समूह मॉरिशस को लौटाने के ब्रिटेन के फैसले का विरोध किया है। ट्रंप ने इसे 'भारी मूर्खता' बताया और कहा कि यही वजह है कि हम चाहते हैं कि ग्रीनलैंड अमेरिकी कंट्रोल में रहे। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने यह द्वीप मॉरिशस को सौंपने के ब्रिटेन के फैसले का स्वागत किया था। अब ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि हैरानी की बात है कि हमारा समझदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया के चागोस द्वीप को मॉरिशस को देने की योजना बना रहा है। यह वही जगह है, जहां अमेरिका का बेहद अहम सैन्य अड्डा है।

> ट्रंप ने कहा, मॉरिशस को यह द्वीप सौंपना 'मूर्खताभरा'

ब्रिटेन ने कहा है कि हमें द्वीप इसलिए सौंपने पड़ रहे हैं कि अदालतों के फैसलों के बाद हमारी स्थिति कमजोर हो गई थी। ब्रिटेन ने पिछले साल द्वीप सौंपनेका समझौता किया था।



### कहां है चागोस द्वीप समूह

चागोस द्वीप समूह हिंद महासागर के बीच मालदीव के दक्षिण में है। यह द्वीप समूह 1814 से ब्रिटेन के कब्जे में था। बाद फ्रांस का कंट्रोल हो गया। ब्रिटेन ने 1965 में इसे मॉरिशस से 30 लाख पाउंड में खरीदा था। मॉरिशस ने कहा कि ब्रिटेन ने चागोस लेकर आजादी की कीमत वसूली।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बीजेपी के सबसे युवा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यभार संभाल लिया। उनकी उम्र क्या है?
A. 40 वर्ष B. 45 वर्ष C. 43 वर्ष

2 ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में स्थायी सदस्यता की फीस कितनी?
A. 1 अरब डॉलर
B. 5 अरब डॉलर
C. 10 अरब डॉलर

3 किस द्वीप समूह को मॉरिशस को सौंपने की ब्रिटिश योजना पर ट्रंप भड़के हैं?
A. मालदीव B. हवाई C. चागोस

4 भारत दौरे पर आए स्पेन के विदेश मंत्री का नाम क्या है?
A. जोस मैनुअल अल्बेरेस
B. सर्गेई लावरोव
C. मार्क रुबियो

5 किस राज्य के DGP को अश्लील वायरल विडियो मामले में सस्पेंड किया गया है?
A. केरल B. कर्नाटक C. तमिलनाडु

कल के जवाब
A1 B. 12वें A2 A. 1.4 अरब
A3 B. नॉर्वे A4 B. राधेश्याम शिकोरवी A5 A. 7.3%

लकी विनर्स



1. आनंद कुमार जैन, नई दिल्ली
2. बिशुन कुमार वर्मा, गाजियाबाद
3. सुनीता जैन, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।





## ज़रूरत से ज्यादा पायलट, नहीं होगी दिक्कत: इंडिगो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिसंबर के** पहले हफ्ते में संकट में आई इंडिगो एयरलाइंस ने एयरलाइंस के रेगुलेटर डीजीसीए को भरोसा दिलाया है कि अब उसके पास पर्याप्त संख्या में पायलट हैं। सोमवार को डीजीसीए में हुई रिव्यू मीटिंग में इंडिगो ने कहा कि हमारे पास डिमांड से 210 अधिक पायलट हैं। इस कारण से 11 फरवरी से FDTL नियम लागू होने के बाद भी उड़ानें रद्द करने या उन्हें बहुत देर करने की नौबत नहीं आएगी।

> FDTL नियमों से क्रू की कमी का पहले किया था दावा

इंडिगो ने DGCA को इस मामले में लिखित में दी गई जानकारी में बताया कि हमारी हर दिन की उड़ानों के हिसाब से हमें जरूरत 4430 पायलटों की है। हमारे पास इतने पायलट हैं। इनमें 2,400 पायलट-इन-कमांड और 2050 फर्स्ट ऑफिसर पायलट हैं। ऐसे में हमें नहीं लगता कि 11 फरवरी से उड़ानों में कोई दिक्कतें आएंगी।

पिछले महीने 3 से 5 दिसंबर तक इंडिगो की उड़ानों में गंभीर समस्या आई थी। इस दौरान 2507 फ्लाइटें रद्द और 1852 फ्लाइट लंबी अवधि के लिए लेट हुई थीं। इससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए थे।

इंडिगो क्राइसिस को देखते हुए DGCA ने 6 दिसंबर को एयरलाइंस को 10 फरवरी तक FDTL नियमों से छूट दे दी थी। साथ ही इसकी उड़ानों में 10% तक कटौती की थी। अब 11 फरवरी से ये नियम फिर लागू होंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### 11 फरवरी से क्यों है परीक्षा की घड़ी

इंडिगो के लिए 11 फरवरी से कड़ी परीक्षा की घड़ी शुरू होगी। इसके बाद ही पता लगेगा कि इंडिगो अपने दावों पर कितना खरी उतरती है। जानकारों का कहना है कि शुरुआत में दिक्कतें आ सकती हैं। इसके लिए इंडिगो को दिसंबर की तरह जनवरी में भी पायलटों की कुछ भर्ती बढ़ानी होगी। वरना, जब काटी गई 10% उड़ानों का स्लॉट वापस मिलेगा और उसके हवाई जहाजों को अलग-अलग रूट पर लगाया जाएगा, तो दिक्कत आ सकती है।

## आज जयशंकर और मुर्मु से मिलेंगे स्पेन के विदेश मंत्री


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्पेन के विदेश मंत्री **जोस मैनुअल अल्बेरेस** 2 दिन के भारत दौरे पर हैं। अपनी इस यात्रा में वह बुधवार को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिलेंगे। इसके बाद, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात होगी। नवंबर में दोनों देशों के बीच फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन का आठवां दौर हुआ था। तब दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ जंग समेत कई मुद्दों पर बात की थी।



## AI समिट में दिल्ली आएंगे Nvidia, गूगल, एंथ्रॉपिक और TCS के CEO

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी चलने वाली ग्लोबल इंडिया AI समिट में दुनिया के बड़े टेक लीडर्स, नीति-निर्माता, रिसर्चर्स और इनोवेटर्स एक मंच पर दिखेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस समिट में गूगल और अल्फाबेट के CEO सुंदर पिचाई, दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी Nvidia के CEO जेन्सन हुआंग भी हिस्सा लेंगे। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स, डीपमाइंड के CEO डेमिस हसाबिस, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रमुख बोर्गे ब्रेंडे, एंथ्रॉपिक के CEO डारियो अमोदेई, TCS के सीईओ के. कृतिवासन और AI सेफ्टी के दिग्गज स्टुअर्ट जे. रसेल, राज रेड्डी भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी 19 फरवरी को समिट में भाग लेंगे। यह सम्मेलन दिल्ली के 4 प्रमुख स्थलों भारत मंडपम, डॉ. अंबेडकर इंटरनैशनल सेंटर, विज्ञान भवन और सुषमा स्वराज भवन में होगा। समिट के दौरान 400 से अधिक इवेंट होंगे, जिनमें कॉन्फ्रेंस, एक्स्पो, रिसर्च सेशंस, पॉलिसी डायलॉग और स्टार्टअप शोकेस शामिल हैं। समिट में एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। भारत में होने वाली यह चौथी ग्लोबल AI समिट है। अभी तक यूनाइटेड किंगडम, साउथ कोरिया और फ्रांस में यह एआई समिट हो चुकी है।

AI इंपैक्ट समिट COUNT DOWN

### 100 से अधिक देशों से 6000 प्रतिभागी


समिट से पहले आयोजित ग्लोबल AI चैलेंज में 100 से अधिक देशों के 6,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 120 इनोवेटर्स को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो समिट में अपने समाधान और अनुभव साझा करेंगे। भाग लेने वाले देश बताएंगे कि उनके यहां AI ने किन-किन क्षेत्रों में आम लोगों को फायदा पहुंचाया। ग्लोबल साउथ पर फोकस समिट का मुख्य उद्देश्य समावेशी, जिम्मेदार और जन-केंद्रित AI को बढ़ावा देना है ताकि AI के लाभ सीमित न रहें बल्कि ग्लोबल साउथ तक व्यापक रूप से पहुंचें।

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने पहले ही समिट में आने की सहमति दे दी थी। कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को भी भारत की ओर से इस समिट में आने के लिए निमंत्रण दिया गया है।

## ...तो FIR के लिए CBI की मंज़ूरी ज़रूरी नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा, करप्शन केस में केंद्रीय कर्मी की राज्य पुलिस कर सकती है जांच



■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घूसखोरी और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में राज्य पुलिस अथॉरिटी केंद्रीय कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकती है और चार्जशीट भी दाखिल कर सकती है। पुलिस को किसी भी केंद्रीय कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज करने से पहले केंद्रीय जांच एजेंसी CBI से अनुमति की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने केंद्रीय कर्मियों पर करप्शन केस को रद्द करने से इनकार किया था तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य की जांच एजेंसियों से दाखिल चार्जशीट को सिर्फ इस आधार पर अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि उसमें CBI की मंजूरी नहीं ली गई है।

सुप्रीम कोर्ट के सामने सवाल था कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कोई अपराध राजस्थान के क्षेत्राधिकार में किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाता है, जो केंद्र का कर्मचारी है, तो क्या राज्य की एजेंसी को उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने, जांच करने और आरोपपत्र दाखिल करने का अधिकार है? या फिर यह क्षेत्राधिकार केवल CBI के पास है?

सुप्रीम कोर्ट ने अपीलकर्ता केंद्र के कर्मचारी की दलील को खारिज करते हुए यह फैसला दिया है।

## अमेरिकी विश्वविद्यालयों में 75% घटे भारतीय दाखिले

AI Image





ट्रंप 2.0 के पहले साल में अमेरिकी विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के नामांकन 75% की गिरावट आई है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के नामांकन में तीन वर्षों में पहली बार यह गिरावट आई है। समूचे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या करीब 5000 घटी है।

**10,000** भारतीय ग्रैजुएट कोर्स में घटे

**6%** की गिरावट कुल मिलाकर ग्रैजुएट प्रोग्राम में भारतीय नामांकन में आई।

**37%** की कमी पोस्ट ग्रैजुएट दाखिलों में हुई है। स्टाफ 10% घटाना पड़ा।

### कड़ी वीजा जांच बड़ी वजह

■ आवेदन प्रक्रिया कठिन, वीजा के लिए कड़ी जांच, लिमिटेड इंटरव्यू स्लॉट, भविष्य में जॉब की संभावनाओं पर अनिश्चितता बड़ी वजह है।

## इस रिपब्लिक डे परेड में दिखेगा 144 युवा नौसैनिकों का दस्ता

IANS




■ इस बार गणतंत्र दिवस परेड में नौसेना के दस्ते में 144 युवा नौसैनिक शामिल होंगे, जो अलग-अलग राज्यों से हैं। इन नौसैनिकों की औसतन उम्र 25 साल है। इस दस्ते का नेतृत्व कंटिंजेंट कमांडर लेफ्टिनेंट करण नाग्याल करेंगे।

■ परेड में नौसेना की झांकी 'मजबूत नौसेना, मजबूत राष्ट्र' थीम को पेश करेगी। इस झांकी में 5वीं सदी का सिला हुआ जहाज (INSV कौंडिन्य), मराठा नौसेना के गुराब श्रेणी के जहाज, आधुनिक स्वदेशी फ्रंटलाइन प्लैटफॉर्म दिखाए गए हैं।

■ झांकी में एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रांत, प्रोजेक्ट 17A के तहत नीलगिरि श्रेणी के स्टेल्थ फ्रिगेट INS हिमगिरि और INS उदयगिरि, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी और GSAT-7R (प्रोजेक्ट रोहिणी) कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी दिखेंगे।

# सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत कृषि, शास्त्री भवन होंगे ध्वस्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




**केंद्र सरकार** ने राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद कृषि भवन और शास्त्री भवन को ध्वस्त कर वहां कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (CCS) बिल्डिंग 4 और 5 के निर्माण का फैसला किया है। इस प्रोजेक्ट पर 3,006 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इस संबंध में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) ने सोमवार को टेंडर जारी कर दिया है।

टेंडर के दस्तावेजों के मुताबिक, 7 मंजिला कृषि भवन और शास्त्री भवन के बिग ए से जी तक को पूरी तरह तोड़ा जाएगा। इन इमारतों में वर्तमान में कई केंद्रीय मंत्रालय संचालित हो रहे हैं, जिन्हें हाल ही में खुले कॉमन सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग- 1, 2 और 3 में ट्रांसफर किया जा रहा है। इन नए भवनों को कर्तव्य भवन नाम दिया गया है। सीसीएस बिल्डिंग-4 और 5 8-8 मंजिला होंगी। इनका निर्माण पीईबी (प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग) स्टील स्ट्रक्चर के रूप में किया जाएगा। जिनमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, 7 फ्लोर और टैरेस शामिल होंगे। निर्माण की डेडलाइन दो साल तय की गई है, जबकि प्रोजेक्ट के तहत निर्माण के बाद 5 साल तक संचालन और रखरखाव भी ठेके में शामिल रहेगा। फिलहाल कृषि भवन में कृषि, ग्रामीण विकास और पंचायती राज जैसे मंत्रालय चल रहे हैं, जबकि शास्त्री भवन में सूचना प्रसारण, शिक्षा, संस्कृति समेत कई मंत्रालय हैं।

**CPWD ने सोमवार को जारी किया टेंडर**

### फरवरी मिड तक कई मंत्रालय होंगे शिफ्ट

शास्त्री भवन में चल रहे कई मंत्रालयों को नए कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट भवन, कर्तव्य भवन-2 में शिफ्ट किया जा रहा है। साउथ और नॉर्थ ब्लॉक में स्थित रक्षा मंत्रालय और CBI ऑफिस भी डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड मान सिंह रोड चौराहे पर बनी नई बिल्डिंग में शिफ्ट होंगे। अधिकारियों के अनुसार, मंत्रालयों के प्रतिनिधि अपने नए ऑफिस का निरीक्षण कर चुके हैं और फरवरी मिड तक शिफ्टिंग पूरी होने की उम्मीद है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय को कम से कम 120 कमरे, संस्कृति मंत्रालय को 45 कमरे, विधि और न्याय मंत्रालय को 110 कमरे, रसायन और उर्वरक मंत्रालय को 30 कमरे, कृषि मंत्रालय को 12 कमरे, शिक्षा मंत्रालय को 50 से अधिक कमरे आवंटित किए गए हैं। वहीं, रक्षा मंत्रालय को करीब 225 कमरे दिए गए हैं, जबकि ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर 12 कमरे CBI के लिए रिजर्व हैं।

## संसद की सुरक्षा होगी और पुख्ता, लगाए जाएंगे फुल बॉडी स्कैनर

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** संसद भवन की सुरक्षा और चाक-चौबंद होगी। इसी कड़ी में संसद में फुल बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे। ताकि कोई भी शख्स स्कैनिंग से बचकर अंदर न जा सके। ये बॉडी स्कैनर संसद भवन परिसर और पार्लियामेंट बिल्डिंग में प्रवेश करने वाले सभी 9 गेटों पर लगाए जाएंगे। ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी बाकी न रह जाए।

सूत्रों ने बताया कि इसी साल इन फुल बॉडी स्कैनर के लगने की उम्मीद है। इसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। कुछ ही महीनों में इन्हें संसद भवन में लगाना शुरू कर दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि बॉडी स्कैनर की जांच से संसद भवन परिसर में प्रवेश करने वाले या फिर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही देखने के लिए पार्लियामेंट बिल्डिंग में घुसने वाले किसी भी बाहरी शख्स को बिना इसकी जांच के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। हालांकि, बॉडी स्कैनर में सांसदों के लिए छूट रहेगी। उन्हें इससे होकर नहीं गुजरना होगा।

**PIDS के एडवांस टूल से कोई फांद नहीं पाएगा संसद की दीवार**

इसके अलावा संसद भवन की चार दीवारी से कूदकर कोई असामाजिक तत्व अंदर न जा सके। इसके लिए संसद भवन की चार दीवारों को और सुरक्षित बनाने के लिए यहां पैरीमीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम (PIDS) लगाया जा रहा है। इसके लिए कुछ सिस्टम लगा भी दिया गया है। जबकि और कुछ एडवांस सिस्टम को लगाने की प्रक्रिया जारी है। इस सिस्टम के पूरी तरह से लगने के बाद फिर किसी ने अगर संसद भवन की बाउंड्री वॉल को कूदने की कोशिश की तो वहां लगा सिस्टम तुरंत अलार्म जनरेट कर देगा।

**LNJP में नई बिल्डिंग से नहीं मिली राहत**

## 10 साल बाद भी ऑर्थो बिल्डिंग में OT और ICU नहीं




Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** एलएनजेपी अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई ऑर्थो बिल्डिंग मरीजों के लिए राहत नहीं, बल्कि परेशानी का सबब बनती जा रही है। यहां इलाज के नाम पर सिर्फ बिल्डिंग खड़ी है। क्योंकि, यहां की जमीनी हकीकत यह है कि इसमें न तो ऑपरेशन थिएटर (ओटी) पूरी तरह चालू है और न ही आईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। आलम यह है कि हड्डी के मरीजों की सर्जरी दूसरी बिल्डिंग में की जा रही है। सर्जरी के बाद पेशेंट केयर के लिए मरीजों को यहां शिफ्ट किया जाता है।

जानकारी के मुताबिक, एलएनजेपी में हड्डी के मरीजों के लिए ही एक बिल्डिंग में ही सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 7 मंजिला बिल्डिंग करीब एक दशक से पहले बनाई गई थी, लेकिन अब तक यहां पर मरीजों को सारी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर एक इमरजेंसी ओटी का निर्माण करना था, जोकि अब तक नहीं बना है। इसके अलावा सेकंड फ्लोर पर स्पाइन के मरीजों के लिए अलग से एक वॉर्ड तैयार करना था, जहां मरीजों के लिए 8 बेड की सुविधा उपलब्ध करानी थी, लेकिन यहां वॉर्ड के बाहर ताला लटक रहा है। इस वॉर्ड के आसपास के कमरों के पास बेड बेतरतीब तरीके से रखे गए हैं। इसके अलावा चौथी मंजिल पर एमबीबीएस स्टूडेंट्स के लिए स्किल लैब बनाए गए हैं, लेकिन यहां कुछ भी नहीं है। पूरी लैब खाली पड़ी है। इस मामले को लेकर एनबीटी ने अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर से मैसेज कर जानकारी मांगी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**अव्यवस्था**

- कई ब्लॉक में लटक रहे हैं ताले, मरीजों को हो रही है काफी दिक्कत
- सर्जरी के लिए दूसरी बिल्डिंग में भेजा जाता है हड्डी रोग के मरीजों को

### 7वीं मंजिल पर बनाने का था प्लान

ऑर्थोपेडिक बिल्डिंग की 7वीं मंजिल पर ऑपरेशन थिएटर बनाने का प्लान तैयार किया गया था। इसका बाकायदा कई बार टेंडर भी किया गया है, लेकिन अब तक एक भी ओटी नहीं बन सकी है, जबकि दावा था कि यहां हड्डी के मरीजों के लिए 7 ऑपरेशन थिएटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा ग्राउंड फ्लोर पर इमरजेंसी ओटी बनाने का भी प्रपोजल था, लेकिन अब तक यह भी नहीं बन सकी। इसके अलावा सर्जरी के बाद मरीजों की केयर के लिए आईसीयू वॉर्ड भी तैयार करना था, लेकिन अब तक यह भी दावे केवल कागजों में ही है। सूत्रों का कहना है कि ओटी और आईसीयू की सुविधा न होने की वजह से मरीजों की दूसरी बिल्डिंग में सर्जरी की जाती है। साथ ही तबीयत बिगड़ने पर दूसरी बिल्डिंग के आईसीयू में ही शिफ्ट किया जाता है।

## ईरान-अमेरिका तनाव से धान कारोबार पर असर

■ राजेश पोद्दार, नरेला

AI image



**ईरान और** अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत के धान और चावल व्यापार पर भी साफ दिखने लगा है। नरेला अनाज मंडी में बीते 10 दिनों से धान के अराइवल में 30 से 40 पर्सेंट तक की कमी दर्ज की जा रही है। इससे मंडी के व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।

व्यापारियों के मुताबिक, नरेला मंडी में हरियाणा और पंजाब की तुलना में बड़े पैमाने पर नगद लेनदेन के साथ धान की खरीद बिक्री होती है। यहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान समेत कई राज्यों से व्यापारी धान लेकर आते हैं, जो बाद में चावल मिलों के जरिए ईरान सहित कई देशों को निर्यात होता है।

व्यापारियों का कहना है कि ईरान में लगातार बढ़ रहे तनाव और टकराव की वजह से चिंता बढ़ गई है। इसका सीधा असर धान के रेट पर भी पड़ा है। कई क्वालिटी के धान में तीन से चार रुपये प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई है।

धान विक्रेता शिवकुमार बिट्टू ने बताया कि ईरान में बढ़ रहे तनाव और अस्थिरता के कारण व्यापारियों को माल फंसने की आशंका है। इसी वजह से कई क्वालिटी के धान के रेट में 3 से 4 रुपये प्रति किलो तक की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि अराइवल घटने से मंडी में असंतोष का माहौल बना हुआ है।

व्यापारी सतीश गर्ग ने बताया कि पिछले 10 से 15 दिनों में हालात काफी बिगड़े थे, हालांकि अब बाजार में थोड़ी तेजी लौटती दिखाई दे रही है। इसके बावजूद मंडी में धान की अराइवल अभी भी पहले जैसी नहीं हो पाई है। व्यापारियों का कहना है कि जहां पहले रोजाना 70 से 80 हजार बोरी धान की अराइवल होती थी, वहीं अब इसमें काफी गिरावट बनी हुई है।


**पहले रोजाना 70 से 80 हजार बोरी आती थी, अब आवक में भारी कमी**

## 'लिमिट से ज्यादा बिल पर भी देना होगा भुगतान'

### लिमिट पार होने पर सर्विस बंद करना कंपनी के लिए अनिवार्य नहीं

Prachi.Yadav @timesofindia.com

AI image



■ **नई दिल्ली:** दिल्ली स्टेट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन (DSCDRC) यानी राज्य उपभोक्ता आयोग ने साफ किया है कि जो सब्सक्राइबर/कंज्यूमर सर्विस का इस्तेमाल करता है, उसे उसके लिए पेमेंट करना होगा। आयोग ने कहा कि क्रेडिट लिमिट से ज्यादा चार्ज करना अपने आप में 'सर्विस में कमी' नहीं माना जाएगा। राज्य आयोग ने यह स्पष्टता एक जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले के खिलाफ वकील की अपील खारिज करते हुए दी।

जिला आयोग ने भारती एयरटेल के खिलाफ उसकी शिकायत को खारिज कर दिया था। शिकायतकर्ता ने टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर आरोप लगाया था कि एक लाख 40 हजार से ज्यादा की बिलिंग की डिटेल्स उसे दिए बिना भुगतान की मांग करना और साथ ही संबंधित मोबाइल की सेवाओं को बंद करना, उसकी तरफ से 'सेवाओं में कमी' माना जाएगा। आयोग अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगरा सहगल और न्यायिक सदस्य पिंकी की बेंच ने 19 जनवरी को एडवोकेट सिद्धार्थ दत्त की अपील खारिज की और मामले में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 24 अप्रैल, 2019 में सुनाए गए फैसले को बरकरार रखा।

### कंपनी की दलील

एयरटेल ने तर्क दिया कि क्रेडिट लिमिट सिर्फ महीने के इस्तेमाल का एक इंडिकेटर है। अगर इस्तेमाल लिमिट से ज्यादा हो जाता है, तो यूजर को लिमिट से ज्यादा किए गए सभी कॉल और सर्विसेज के लिए पेमेंट करना होगा।

### केस के तथ्य

2012 में भारती एयरटेल लिमिटेड ने शिकायतकर्ता के मोबाइल पर अपनी सेवाएं इस आधार पर बंद कर दीं कि उसने अपने मोबाइल नंबर पर मिली क्रेडिट लिमिट का उल्लंघन किया। लिमिट से ज्यादा सेवाओं के इस्तेमाल के लिए 1,40,100 रुपये का बिल बनाया गया, जिसका भुगतान बकाया था। जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने फैसले में कहा कि शिकायतकर्ता ने खुद ही प्रतिवादी से इंटरनैशनल रोमिंग शुरू करने का अनुरोध किया था। उसने एयरटेल की सेवाओं का फायदा भी उठाया और उनका इस्तेमाल भी किया, लेकिन दावा किया कि वह इस्तेमाल के लिए भुगतान करने के लिए जिम्मेदार नहीं है क्योंकि उसे टैरिफ के बारे में पता नहीं था।

## पंखा रोड से जाम को 'उड़ाने' की तैयारी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**डाबरी मोड़** से लेकर दिल्ली कैंट स्थित करियप्पा मार्ग तक पंखा रोड के करीब 5.2 किमी लंबे हिस्से को सिग्नल फ्री किया जाएगा। डाबरी मोड़ से करियप्पा रोड के बीच पंखा रोड पर दो टी-जंक्शन हैं, जिसके चलते रोजाना भयंकर जाम की स्थिति बनी रहती है। दोनों सिग्नल को फ्री करने के लिए 1.5 किमी लंबे और 6 लेन चौड़े फ्लाईओवर के निर्माण का प्लान है। फ्लाईओवर निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (DPR) तैयार करने को पीडब्ल्यूडी ने कंसल्टेंट की नियुक्ति भी कर दी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, इस फ्लाईओवर के साथ सेवा मार्ग टी-जंक्शन से जो नया फ्लाईओवर प्रस्तावित है, उसे भी कनेक्ट किया जाएगा, ताकि कीर्ति नगर, मायापुरी, डाबरी, जनकपुरी, सागरपुर की ओर से आने-जाने वालों को एक फ्लाईओवर से दूसरे पर आने-जाने में सुविधा हो।

**अभी क्यों लगता है जाम?:** मंत्री के अनुसार पंखा रोड उत्तम नगर (ईस्ट) मेट्रो स्टेशन के पास से शुरू होता है और दिल्ली कैंट स्थित करियप्पा मार्ग को कनेक्ट करता है। चार लेन चौड़े पंखा रोड की कुल लंबाई करीब 5.2 किमी है। इस स्ट्रेच में डाबरी मोड़ के पास एक फ्लाईओवर है। दूसरा सागरपुर फ्लाईओवर है। इन दोनों फ्लाईओवर के बीच दो रेड लाइट टी-जंक्शन हैं। जिसमें एक दादा सतराम ममतानी मार्ग-पंखा रोड टी-जंक्शन और दूसरा बड़ा टी-जंक्शन सेवा मार्ग-पंखा रोड टी-जंक्शन है। जनकपुरी, डाबरी, सागरपुर और आसपास की अनधिकृत कॉलोनियों से आने वाला ट्रैफिक धौला कुआं और नई दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में आनेजाने के लिए इसी स्ट्रेच का इस्तेमाल करता है। इसके चलते दोनों टी-जंक्शन पर ट्रैफिक भार अधिक होता है और इसके चलते ही पंखा रोड के करीब 1.5 किमी हिस्से में हमेशा ही जाम की स्थिति बनी रहती है। दोनों ट्रैफिक सिग्नल को फ्री करने के लिए टैगू कॉलोनी से लेकर जनकपुरी डी-ब्लॉक करीब 1.5 किमी लंबा फ्लाईओवर बनाया जाएगा।

**सागरपुर फ्लाईओवर को लेकर भी प्लान:** पंखा रोड पर प्रस्तावित 1.5 किमी लंबे फ्लाईओवर को सागरपुर फ्लाईओवर से भी कनेक्ट किया जाएगा। ताकि डाबरी मोड़ से सागरपुर फ्लाईओवर तक का पूरा हिस्सा सिग्नल फ्री हो जाए। सेवा मार्ग पर भी मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया से होते हुए एक नए फ्लाईओवर निर्माण का प्लान है। इसके लिए फिजिबिलिटी स्टडी कंप्लीट हो चुकी है। डीपीआर पर काम चल रहा है। जल्द ही फ्लाईओवर निर्माण का काम किसी एजेंसी को अवॉर्ड किया जाएगा। सेवा मार्ग पर बनने वाले फ्लाईओवर को भी पंखा रोड फ्लाईओवर से क्लोवर लीफ से कनेक्ट किया जाएगा। ताकि मायापुरी इंडस्ट्रियल एरिया, कीर्ति नगर की ओर से आने वाले लोगों को डाबरी, जनकपुरी और आसपास के इलाकों में जाने के लिए बेहतर विकल्प मिल सके।

**सिग्नल फ्री करने के लिए बनेगा फ्लाईओवर**

**इस फैसले से जॉब को मिलेगी रफ्तार**

## ITI होंगे 'अपग्रेड', स्किल डिवेलपमेंट को मिलेगी रफ्तार

AI image




**अहम फैसले**

- पीएम सेतु स्कीम के साथ बनेंगे 'हब', 'स्पोक' इंस्टिट्यूट
- सरकार सभी 20 आईटीआई को करेगी अपग्रेड
- सीधे इंडस्ट्री से जुड़ेंगे ये इंस्टिट्यूट, जल्द मिलेगा जॉब

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली के सभी ITI अब हाईटेक और इंडस्ट्री-रेडी बनाए जाएंगे। यह बदलाव 'प्रधानमंत्री सेतु' स्कीम के तहत लाया जाएगा और डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेनिंग एंड एजुकेशन (DTTE) ने इसके लिए 16 फरवरी तक एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOE) मांगा है। इसके जरिए सरकार इंडस्ट्री, पब्लिक वेंचर और स्किल डिवेलपमेंट से जुड़ी संस्थाओं से साझेदारी के लिए इंडस्ट्री सेक्टर से प्रपोजल मांगे हैं, जिन्हें खासतौर पर इंटरनल ट्रेनिंग का अनुभव हो, ताकि ITI में आधुनिक मशीनरी, इंडस्ट्री की मांग पर कोर्स और करिकुलम, ट्रेनिंग प्रोग्राम, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट की व्यवस्था मजबूत हो सके।

'प्रधानमंत्री सेतु' (SETU - स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड ITI) स्कीम के जरिए देशभर के ITI को अपग्रेड किया जा रहा है। अब दिल्ली सरकार भी इस स्कीम को लागू करते हुए अपने सभी 20 ITI को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से लेकर इंडस्ट्री पार्टनरशिप के लिए तैयार करेगी। एक अधिकारी ने बताया कि इस पहल के साथ दिल्ली के सभी ITI को इंडस्ट्री से सीधे जोड़ा जाएगा, ताकि ना सिर्फ स्टूडेंट्स को आधुनिक स्किल से लैस किया जा सके, बल्कि कैंपस से निकलते ही उसे नौकरी भी मिल सके। ITI में आधुनिक मशीनरी, स्मार्ट ट्रेनिंग सुविधाएं, हाईटेक लैब्स/डिजिटल लैब्स विकसित की जाएंगी। पुराने ट्रेड्स को अपडेट करके और नए रोजगार देने वाले ट्रेड और शॉर्ट-टर्म कोर्स शुरू किए जाने हैं। साथ ही ITI ट्रेनर्स को नई तकनीकों का ट्रेनिंग और इंडस्ट्री में भी एक्सपोजर दिया जाना है ताकि रोजगार पाने की योग्यता बढ़े, प्लेसमेंट पर्सेंटेज बढ़े और तमाम इंडस्ट्री के लिए ट्रेड मैनपावर बढ़े। यह स्कीम 'हब-एंड-स्पोक मॉडल' की बात करती है यानी चुनिंदा ITI का हब बनाकर आसपास के ITI से जोड़ना। इस तर्ज पर DTTE ने कुछ ITI को क्लस्टर बनाने के लिए काम भी शुरू किया है। ईओई के तहत बिडर को 'हब एंड स्पोक' क्लस्टर के लिए पांच साल के लिए कम से कम 31 करोड़ रुपये का कमिटमेंट करना होगा, जिसका औसत 6.2 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगा।

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### मॉडर्न और बेहतर बनाना है लक्ष्य

पीएम सेतु की स्कीम दो कंपोनेंट में बांटी गई है। पहला, कंपोनेंट 1 यानी वोकेशनल ट्रेनिंग को इंडस्ट्री-रेडी, मॉडर्न और भविष्य के अनुरूप बनाना है। मुख्य उद्देश्य आईटीआई और इंडस्ट्री के बीच मजबूत साझेदारी स्थापित करना है, जिससे इंडस्ट्री ट्रेनिंग प्रोग्राम के डिजाइन, गेस्ट फैकल्टी, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और अप्रेंटिसशिप में सक्रिय भूमिका निभा सके। दिल्ली सरकार इस स्कीम के साथ 2030 तक कम से कम पांच आईटीआई को मॉडर्न, इंडस्ट्री से जुड़े और बेहतर रोजगार देने वाले इंस्टिट्यूट में बदलना है।

## आतिशी बताएं, कहां गायब थीं: सचदेवा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नेता प्रतिपक्ष आतिशी द्वारा सभी आरोपों को खारिज किए जाने पर दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार किया है। सचदेवा ने कहा कि आतिशी दावा कर रही हैं कि उन्होंने सिख गुरु साहिबान का अपमान नहीं किया। अगर ऐसा ही था तो 6 जनवरी के बाद से वह अब तक कहां लापता थीं। बार-बार कहने के बाद भी वह सामने आकर जवाब क्यों नहीं दे रही थीं।

सचदेवा ने कहा कि सिख धर्म का सम्मान करने एवं उनके परिवार के सिख धर्म से जुड़े होने का दावा करने वाली आतिशी से देशवासी जानना चाहते हैं कि 6 जनवरी को विधानसभा में सिख गुरु साहिबान के लिए अभद्र टिप्पणी करने के बाद से 18 जनवरी तक वह कहां थीं।

**पूछा, 6 से 18 जनवरी तक कहां थीं गायब**

## विडियो मामले में आतिशी ने कपिल पर झूठ बोलने का आरोप लगाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अपने खिलाफ लगाए आरोप को बेबुनियाद बताया**

- आतिशी ने पहली बार मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई दी है
- कहा, उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साजिश के तहत गढ़े गए हैं



**विडियो मामले** में पहली बार दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मीडिया के सामने आकर अपनी सफाई दी है और मंत्री कपिल मिश्रा पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि अपनी छोटी राजनीति के लिए उन्होंने गुरुओं का अपमान किया, विडियो एडिट किया, गुरुओं का नाम डाला और उनके नाम पर राजनीति की। आतिशी ने कहा है कि मंत्री कपिल मिश्रा की झूठ बोलने की पुरानी आदत है। इसके लिए वो कोर्ट में माफी तक मांग चुके हैं।

गुरुओं का अपमान करने के बीजेपी के आरोप पर पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप साजिश के तहत गढ़े गए हैं और बीजेपी को सिख परंपराओं के सम्मान पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। मेरे खिलाफ सिख गुरुओं के अपमान के आरोप पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। मुझे और मेरे परिवार को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब और सिख गुरुओं में अटूट आस्था है। उन्होंने कहा है कि किसान आंदोलन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान बीजेपी ने सिख प्रदर्शनकारियों को 'खालिस्तानी' कहकर बदनाम किया था और आज कपिल मिश्रा जैसे आदतन झूठ बोलने वाले नेता को मंत्री बनाकर सिख समुदाय के प्रति अपनी नफरत उजागर कर रही है।

आतिशी ने कहा कि ये वही कपिल मिश्रा हैं, जिन्होंने कभी यह झूठा आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी आंखों से अरविंद केजरीवाल को पैसे लेते हुए देखा है। बाद में उन्हें अदालत में माफी मांगनी पड़ी और यह स्वीकार करना पड़ा कि वह झूठ बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी वही दोहराया जा रहा है।

## नितिन नवीन को सीएम रेखा गुप्ता ने दी बधाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली की** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के बाद बीजेपी मुख्यालय में उनसे मुलाकात की। इस दौरान रेखा गुप्ता ने उन्हें नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि एक साधारण और विनम्र पृष्ठभूमि से निकलकर, समर्पित कार्यकर्ता के रूप में संगठन में निरंतर कार्य करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक की यात्रा प्रेरणादायी है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 45 वर्ष की आयु में नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलना यह स्पष्ट प्रमाण है कि बीजेपी का युवा शक्ति पर विश्वास केवल कथनों तक सीमित नहीं रहा है। यह विश्वास संगठन की संरचना, निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व निर्माण में दिखाई देता है।

## पीतमपुरा में आयोजित हुआ भव्य दीक्षा दिवस समारोह

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** जैन स्थानक पीतमपुरा में संघ शास्ता सुदर्शन लाल जी व बद्रीप्रसाद जी महाराज का दीक्षा दिवस समारोह जय मुनि जी, नरेश जी महाराज, राजेंद्र मुनि जी ठाणा-21, संयमप्रभा जी, कमलजी महाराज ठाणा-32 के सान्निध्य में श्रद्धा से मनाया। संजय जैन, सुभाष ओसवाल, डॉ. मनोज जैन, संजय जैन आदि ने विनयांजलि अर्पित की।

सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम, त्रिनगर में महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि जो भक्त सत्य पर अटल रहता है, ईश्वर उसे हर संकट से पार करते हैं। वहीं दि. जैन मंदिर शिवाजी पार्क शाहदरा में स्याद्वाद युवा क्लब ने 630वां साप्ताहिक सामूहिक प्रक्षाल-पूजन भक्तिपूर्वक संपन्न किया।

श्री बालाजी बाबोसा भगवान का अवतरण दिवस जैन टेंट केशवपुरम में मंजू बाईसा के सान्निध्य में धूमधाम से मनाया गया। तो गणेश्वर धाम करोलबाग में पं. अभिषेक शास्त्री ने कहा कि संतों का सिर्फ आशीर्वाद ही नहीं बल्कि डांट भी कल्याणकारी होती है। हनुमान मंदिर लिंक रोड, करोल बाग में महंत ओमगिरि जी के सान्निध्य में आरोग्य पीठ द्वारा निःशुल्क कैंप में आचार्य डॉ. रामगोपाल दीक्षित ने सैकड़ों लोगों को लाभान्वित किया।

स्पॉटलाइट धर्म कर्म


## वसंत में फूलों की रंगत के लिए तैयार हो रही है राजधानी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**DDA** ने वसंत में फूलों के लिए खास तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार DDA अपने पार्कों और इलाकों के ग्रीन एरिया को ट्यूलिप के अलावा देसी विदेशी फूलों से सजाने की कवायद कर रहा है। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। ग्रीन स्पेस में फूलों को अधिक समय तक सुरक्षित रखने के लिए जालियां लगाई जा रही हैं। इसका मकसद फूलों को मवेशियों, जानवरों से बचाने के साथ चोरी से बचाना भी है। खास तौर पर ट्यूलिप के फूलों के चोरी होने की शिकायतें राजधानी में आम होती हैं। यही वजह है कि ट्यूलिप को खास तौर पर हिफाजत के साथ जालियों में लगाया जाएगा। मौसम अनुकूल होने पर ट्यूलिप के बल्ब आमतौर पर दस से बीस दिन तक खिले रहते हैं।

DDA से मिली जानकारी के अनुसार हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट को साफ कहा गया है कि दिल्ली की ग्रीन स्पेस में फूलों की रंगत नजर आनी चाहिए। ट्यूलिप समय-समय पर बदले जाएंगे। पांच से छह रंगों के ट्यूलिप द्वारका के ग्रीन स्पेस और DDA के विभिन्न पार्कों में लगेंगे। यमुना किनारे के पार्कों में भी ट्यूलिप दिखाई देंगे। इसके अलावा दो से तीन पार्कों में फ्लावर फेस्टिवल फरवरी या मार्च में किया जाएगा। कोशिश है कि इसे फरवरी में ही की जाए। द्वारका में बीते दो सालों से DDA हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट काफी संख्या में ट्यूलिप लगाता है। लेकिन यहां पर मवेशियों और ट्यूलिप चोरी होने के मामले बीते सालों में बढ़े हैं।

**DDA ने फूलों को सुरक्षित रखने की तैयारियां की शुरू**



मवेशियों और चोरी से बचाने के लिए ट्यूलिप को जालियों से किया कवर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-20-2026 23:10 Color:



*मासिक खरीद पर ही लागू



**EU नेता बोलीं, भारत संग ऐतिहासिक डील लगभग तय**
▸p7

# NBT नवभारत टाइम्स

एनसीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

**धुरंधर के बाद आगे क्या करूंगी पता नहीं: सारा अर्जुन**
▸देखें सप्लिमेंट








**भारत vs न्यूजीलैंड**
पहला T20I
7:00pm से, नागपुर में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

## फटाफट खबरें

### केंद्र कर्मियों पर राज्य कर सकता कार्रवाई

सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत राज्य पुलिस, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकते हैं और आरोपपत्र दाखिल कर सकते हैं। सीबीआई से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक नहीं है।

### सहारनपुर में परिवार के 5 शव मिले

सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से मंगलवार की सुबह एक दंपती समेत परिवार के पांच शवों को पुलिस ने बरामद किया है। मौके से तीन लोडेड पिस्टल भी मिलीं। सभी लोगों के सिर पर गोली लगी है।

### SC बैंकों-बिल्डरों के 'गठजोड़' पर सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने CBI की स्पेशल कोर्ट को निर्देश दिया है कि



एनसीआर में घर खरीदारों को ठगने के लिए बैंकों और बिल्डरों के बीच कथित गठजोड़ से जुड़े मामलों में दाखिल तीन चार्जशीट पर दो हफ्ते के भीतर संज्ञान लिया जाए और मुकदमे की सुनवाई आगे बढ़ाई जाए।

### बुलंदशहर में हादसा, तीन की जान गई

यूपी में बुलंदशहर के गुलावठी इलाके में ट्रक की टक्कर से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, बुलंदशहर-मेरठ मार्ग पर सोमवार रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर गलत दिशा में चली गई। तभी सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। ▸▸ देखें सप्लिमेंट

## हैपी मॉर्निंग

**टीचर:** क्लास में लड़ाई क्यों नहीं करनी चाहिए?
**मोनू:** क्योंकि पता नहीं एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाए...

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,180.47 (-1,065.71) |
| निफ्टी | 25,232.50 (-353) |
| रुपया/US डॉलर | 91.03 (+0.06) |
| रुपया/यूरो | 106.19 (+0.42) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,53,200 (+5,100) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹3,23,000 (+20,400) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 25.7°
7.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 5:51 मंगलवार | सूर्योदय 7:14 बुधवार
सुबह कोहरा रहेगा। गाड़ी चलाते समय सावधानी बरतें।



# उनकी लापरवाही और हमारी लाचारी की स्याह तस्वीर

नोएडा के सरकारी दफ्तरों में हड़कंप है, लेकिन फिक्र किसी की जान जाने की नहीं बल्कि कुर्सी बचाने की है। 27 साल के युवराज की मौत के बाद जांच करने आए एसआईटी के लोग हैरान रह गए कि अथॉरिटी से कोई सीनियर अधिकारी मौके पर नहीं गया। डीएम हादसे की जगह पर गईं, पुलिस कमिश्नर भी साथ थे, लेकिन मीडिया के सवालों पर दोनों चुप रहे। बिल्डर गिरफ्तार हुआ है लेकिन इसके अलावा किसी पर कोई ऐक्शन नहीं। हादसे के 91 घंटे बाद NDRF की टीम ने मंगलवार शाम 7 बजे युवराज की कार को गड्ढे से निकाला। शाम के अंधेरे में चमचमाती हाइराइज बिल्डिंगों के बैकग्राउंड में बाहर निकलती कार की यह तस्वीर हमारी बेबसी और मजबूरी का दर्दनाक सच है, जिसका जवाब किसी के पास नहीं है।
▸▸ देखें सप्लिमेंट

### कब मिलेगा युवराज को इंसाफ

## सिस्टम में अंध कार

- जांच शुरू हुई, दोपहर 12 बजे SIT अथॉरिटी पहुंची, नाराजगी जताई कि कोई भी मौके पर क्यों नहीं गया?
- डेढ़ बजे के करीब SIT हादसे की साइट पर गई और अथॉरिटी ऑफिस में पीड़ित परिवार से बात की
- डिलिवरी बॉय ने फिर पुलिस की लापरवाही वाले बयान दिए और धमकाने की बात कही
- डीएम हादसे की जगह पर गईं लेकिन मीडिया के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया
- पुलिस पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई, SIT ने कहा जांच के बाद फैसला
- गाड़ी शाम सात बजे के बाद निकाली गई, NDRF की टीम सुबह से तलाश में जुटी थी

# टैरिफ की धमकी, 1,066 अंक गिर गया सेंसेक्स

■ पीटीआई, मुंबई

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फ्रांस की वाइन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने यह चेतावनी फ्रांस के गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से इनकार करने के विरोध में दी। इसके चलते मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 353 अंक टूट गया।

**वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे तनाव से बाजार में भी है हलचल**

एक्सपर्ट का कहना है कि अमेरिका टैरिफ को विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में आक्रामक और अक्सर अप्रत्याशित तरीके से इस्तेमाल कर रहा है, जिससे वैश्विक बाजारों में बेचैनी बढ़ी है। सेंसेक्स 1,065.71 अंक लुढ़ककर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 353 अंक गिरकर 25,232.50 अंक पर बंद हुआ। ▸▸ पेज 7

AI Image



### सोना पहली बार डेढ़ लाख के पार

दिल्ली में मंगलवार को सोना 5,100 रुपये की छलांग लगाते हुए पहली बार डेढ़ लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया, जबकि चांदी ने 20,400 रुपये के उछाल के साथ नया रेकॉर्ड बना दिया। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के मुताबिक दिल्ली में सोना 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया और चांदी 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

**ड्राइवर फरार**

# गुड़गांव में हिट एंड रन, 9वीं के स्टूडेंट की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव/नई दिल्ली: गुड़गांव की पटौदी रोड पर रविवार दोपहर किसी गाड़ी ने 9वीं के छात्र को टक्कर मार दी। घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बची। 24 घंटे से लापता बेटे की तलाश कर रहे पिता को सोमवार को जानकारी मिली। ड्राइवर फरार है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

**बेटे को ढूंढ रहे पिता को 24 घंटे बाद मिली जानकारी।**

वहीं, दिल्ली में भी चाणक्यपुरी में शुक्रवार शाम को एक्सिडेंट में बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। खबर मिलने पर पुलिस पहुंची तो काले रंग का टूटा हुआ हेलमेट पास में पड़ा मिला। दूसरी घटना, 18 जनवरी को कालिंदी कुंज इलाके में हुई। यहां अज्ञात गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

# नितिन मेरे बॉस, मैं कार्यकर्ता: मोदी



PTI

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को BJP हेडक्वॉर्टर में नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।


■ 40 मिनट के भाषण में PM ने नवीन को 'माननीय' कहकर संबोधित किया। नवीन (45) को अनुभव वाला 'मिलेनियल' बताया।

> जब बात BJP के मामलों की है, तब माननीय नितिन नवीन जी... मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस।
> —नरेन्द्र मोदी, पीएम

**टेंडर हुआ जारी**

# कृषि, शास्त्री भवन होंगे ध्वस्त, बनेंगी नई इमारतें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत दिल्ली के कृषि भवन और शास्त्री भवन को तोड़ने का फैसला किया है। इनकी जगह 3,006 करोड़ रुपये की लागत से दो नए सचिवालय भवन, कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (CCS) बिल्डिंग 4 और 5 बनाए जाएंगे। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) ने इसके लिए टेंडर जारी किया है। नए भवन आठ-आठ मंजिला होंगे और दो साल में बनकर तैयार होंगे। अधिकारियों के मुताबिक, फरवरी के मध्य तक ज्यादातर मंत्रालय नई जगह पर काम शुरू कर देंगे। रक्षा मंत्रालय, सीबीआई के दफ्तर भी नए भवनों में ट्रांसफर होंगे।



# यूपी में जनगणना में बाधा डालने पर 3 साल तक जेल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: प्रदेश में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक स्वरूप देने की कवायद तेज हो गई है। शासन ने अधिसूचना जारी कर मंडल से लेकर तहसील तक अफसरों की जवाबदेही तय कर दी है।



अधिसूचना के मुताबिक, अगर कोई जनगणना में बाधा डालता है तो उस पर 1000 रुपये तक जुर्माना और 3 साल तक जेल हो सकती है। प्रदेश में मई-जून में हाउस सर्वे होना है, जिसमें प्रगणक घर-घर जाएंगे और संसाधनों के बारे में जानकारी जुटाएंगे।

**किए गए बदलाव** बैरियर-फ्री टोल सिस्टम की तैयारी के तहत नियमों में संशोधन किया

# टोल की चोरी तो न मिलेगा फिटनेस सर्टिफिकेट, न ही बेच सकेंगे गाड़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सरकार ने** बैरियर-फ्री टोल सिस्टम लागू करने की तैयारी के तहत नियमों में संशोधन किया है। अगर किसी गाड़ी वाले ने NHAI की सड़कों पर टोल नहीं भरा तो उसकी गाड़ी को एनओसी जारी नहीं की जाएगी। ऐसी गाड़ी को ना तो फिटनेस रिन्यूअल सर्टिफिकेट मिलेगा और ना ही गाड़ी आगे बेची जा सकेगी। बकाया टोल जमा करने पर ही गाड़ी को एनओसी मिल सकेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'सेंट्रल मोटर वीकल्स रूल्स, 2026' में बदलाव की अधिसूचना जारी की है। मंत्रालय के अनुसार, इन संशोधनों का उद्देश्य टोल शुल्क अनुपालन बढ़ाना, इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (ETC) की दक्षता सुधारना और टोल चोरी को रोकना है।

AI Image



### दूसरे राज्य में ट्रांसफर का भी नियम बदला

**गाड़ी दूसरे** राज्य में ट्रांसफर कराते वक्त भरे जाने वाले फॉर्म-28 में भी बदलाव किया गया है। अब फॉर्म में यह भी बताना होगा कि उसका किसी टोल प्लाजा पर कोई टोल बकाया नहीं है। इस फॉर्म के तहत गाड़ी पर कोई टैक्स, चालान और कानूनी मामलों के बारे में तो पूछा जाता था, लेकिन अब इसमें टोल चोरी को भी जोड़ दिया गया है।

# दिल्ली-NCR से हटा GRAP-4



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: तीन दिन बाद मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर से GRAP-4 की पाबंदियों को हटा लिया गया। हवा चलने की वजह से प्रदूषण में कमी आई। दिल्ली का AQI 378 रहा। कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CQAM) ने हालात की समीक्षा कर GRAP-4 हटाने का फैसला किया। आने वाले दिनों में मौसम बेहतर रहेगा, प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर।

# डॉग्स फीडर्स ज़िम्मेदार होंगे, ये टिप्पणी मज़ाक नहीं: SC

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, डॉग्स को खाना खिलाने वालों (डॉग्स फीडर्स) को डॉग्स के काटने की घटनाओं के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। यह टिप्पणी व्यंग्य नहीं, गंभीरता से कही गई थी। दरअसल इस टिप्पणी को व्यंग्य बताते हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा था, कुछ टिप्पणियों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। 13 जनवरी को कोर्ट ने कहा था कि वह कुत्तों के काटने की घटनाओं के लिए राज्यों से भारी मुआवजा दिलाने को कहेगी और कुत्तों को खाना खिलाने वालों को जवाबदेह ठहराएगी। मामले में अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।



**स्ट्रे डॉग्स केस में आदेश की आलोचना पर मेनका गांधी से SC नाराज**

**मेनका गांधी की टिप्पणियों को 'अदालत की अवमानना' बताया**

### 'कार्यवाही नहीं कर रहे'

आदेशों की आलोचना पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी पर कोर्ट ने कहा, मेनका ने कोर्ट की अवमानना की। उदारता में उनपर अवमानना की कार्यवाही शुरू नहीं कर रहे हैं।

## फटाफट खबरें

### हेट स्पीच मामले में फैसला सुरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को हेट स्पीच से जुड़ी रिट याचिकाओं के एक समूह पर आदेश सुरक्षित रख लिया। हालांकि, इस दौरान बेंच ने कहा कि सभी मामलों को विराम दिया जाएगा और पक्षकारों को अन्य कानूनी उपाय अपनाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। बेंच ने काजीम अहमद शेरवानी बनाम यूपी राज्य एवं अन्य को पेंडिंग रखने का निर्णय लिया है।

### 'भूमि माप के पेंडिंग आवेदन निपटेंगे'

■ पीटीआई, पटना: बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राज्य में भूमि माप से जुड़े सभी पेंडिंग आवेदनों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है। अभियान 31 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और भूमि विवादों को रोका जा सके। नई सरकार के गठन के बाद शुरू किए गए कार्यक्रम के तहत यह फैसला लिया गया है।

### मुंबई मेयर का फैसला दिल्ली दरबार पहुंचा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी मेयर पद को लेकर सत्ताधारी बीजेपी शिंदे गुट के बीच खींचतान जारी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्विट्जरलैंड के दावोस में हैं। मुंबई में मेयर पद को लेकर चल रहे सस्पेंस के बीच मामला दिल्ली दरबार पहुंच गया है। बीजेपी और शिंदे सेना के नेता मंगलवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। नेताओं के एक साथ गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की उम्मीद है।

### 'सलेम को बेल मिली तो फरार हो जाएगा'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया है कि गैंगस्टर अबू सलेम को परोल देने से वह फरार हो जाएगा। सलेम को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित कर लाया गया था। उसके फरार होने से भारत और पुर्तगाल के बीच गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कोर्ट में सलेम की याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिसमें सलेम ने 14 दिन के परोल की मांग की है। 28 जनवरी 2026 को याचिका पर अगली सुनवाई रखी गई है। सलेम ने बड़े भाई की मौत के चलते आजमगढ़ जाने के लिए परोल की मांगी है।

# सबसे युवा अध्यक्ष, BJP में नवीन युग

## 45 साल के नितिन नवीन बने पार्टी के 12वें अध्यक्ष

Photos: PTI

### मोदी-शाह समेत कई नेताओं की मौजूदगी में संभाली कमान

> बीजेपी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां बड़े पदों और बड़ी जिम्मेदारियों के लिए किसी विशेष परिवार से होना आवश्यक नहीं। *–नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष*

> नए अध्यक्ष उस युग से ताल्लुक रखते हैं जिसमें लोग बचपन में रेडियो पर खबरें सुनते थे और अब AI का उपयोग करने में माहिर हैं। *–नरेन्द्र मोदी, पीएम*



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नितिन नवीन को मिठाई खिलाई और फिर पीठ थपथपाते हुए उन्हें नए पद के लिए बधाई दी।

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: बीजेपी के नए युग की मंगलवार को शुरुआत हुई और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपना पद संभाला। नितिन नवीन अब तक के सबसे यंग राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जिस साल यानी 1980 में बीजेपी की स्थापना हुई, उसी साल नितिन नवीन का जन्म भी हुआ और अब वह पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। 45 साल की उम्र में अध्यक्ष बनने वाले नितिन नवीन बिहार से आते हैं और पहली बार बिहार से बीजेपी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बीजेपी के सीनियर नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी सहित कई सीनियर नेताओं की मौजूदगी में नितिन नवीन ने अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले उन्होंने दिल्ली के करोल बाग स्थित झंडेवालान देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में भी मत्था टेका। नितिन नवीन बीजेपी के 12वें अध्यक्ष बने।

> नए अध्यक्ष ने गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में भी मत्था टेका

**नितिन नवीन को बताया युवा ऊर्जा का प्रतीक:** बीजेपी हेडक्वॉर्टर में पीएम नरेन्द्र मोदी ने नितिन नवीन को बधाई दी। मोदी ने नवीन को युवा ऊर्जा और संगठन में व्यापक अनुभव वाला एक मिलेनियल बताया और कहा कि वे पार्टी के लिए बहुत मददगार साबित होंगे। अपने 40 मिनट के भाषण में पीएम ने बार-बार नवीन को 'माननीय' कहकर संबोधित किया। मोदी ने अपने 11 साल में किए गए कामों को गिनाया और फिर कहा कि मैं भी एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में नए अध्यक्ष को अपने काम का हिसाब दे रहा था। मैंने अपना हिसाब दे दिया है। मैं उनके मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मोदी ने कहा कि नए अध्यक्ष का हर शब्द हमें एक नई दिशा देगा। पीएम ने कहा कि नए बीजेपी अध्यक्ष उस युग से ताल्लुक रखते हैं जिसमें लोग बचपन में रेडियो पर खबरें सुनते थे और अब एआई का उपयोग करने में माहिर हैं।

**पीएम ने कांग्रेस पर भी साधा निशाना:** कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा की गई गलतियों से सबक लें और उन्हें दोहराने से बचें। मोदी ने कहा कि 1984 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 50% से अधिक मतों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीती थीं। लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार करने के लिए तरस रही है। मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की उन बुरी प्रवृत्तियों की पहचान करने को कहा, जिन्होंने पार्टी को आत्म-विनाश के कगार पर पहुंचा दिया। मोदी ने कहा कि बीजेपी चुनाव जीतने के बाद भी अपने प्रदर्शन की निष्पक्ष समीक्षा करती है और जहां नुकसान होता है, वहां सुधार की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते।



नितिन नवीन के बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर पटना में जश्न मनाते बीजेपी कार्यकर्ता।

### युवा मोर्चा से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का सफर

- नितिन नवीन की पढ़ाई पटना के सेंट माइकल हाई स्कूल और दिल्ली के सीएसकेएम पब्लिक स्कूल से हुई।
- उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे और पटना पश्चिम सीट से चार बार विधायक चुने गए।
- पिता के निधन के बाद नितिन नवीन ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा, 2006 में पटना पश्चिम सीट से उपचुनाव जीत पहली बार विधायक बने।
- परिसीमन के बाद बांकीपुर सीट से 2010, 2015, 2020 और 2025 में लगातार चार बार विधानसभा चुनाव जीते।
- बिहार की एनडीए सरकार में सड़क निर्माण, शहरी विकास, आवास और विधि जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाली।
- 2016 से 2019 तक बिहार बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे, इसके बाद युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव बने।
- सिक्किम में संगठन प्रभारी और छत्तीसगढ़ में सह-प्रभारी के रूप में चुनावी प्रबंधन की कमान भी संभाल चुके।

### नए अध्यक्ष बोले, संगठन एक संस्कार है

नितिन नवीन ने कहा कि बीजेपी में संगठन केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार है। बीजेपी ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है और यह भरोसा केवल नारों तक सीमित नहीं रहा। राजनीति कोई 100 मीटर की रेस नहीं बल्कि मैराथन है। 100 मीटर की रेस में स्पीड का टेस्ट होता है वहीं मैराथन में स्टेमिना का टेस्ट होता है। इसलिए युवाओं को धैर्य के साथ राजनीति की पिच पर जमे रहने की जरूरत है।


### बीजेपी के नए अध्यक्ष नबीन नहीं, नवीन

नए अध्यक्ष के नाम को लेकर कन्फ्यूजन शुरू हो गया। उनके एक्स हैंडल पर नाम Nitin Nabin लिखा है, जबकि पटना स्थित सहयोगियों के अनुसार हिंदी में उनका नाम नितिन नवीन है। पीएम ने भी उन्हें बधाई दी, जिसमें नाम नितिन नवीन लिखा गया। एनबीटी के सवाल पर बीजेपी मीडिया टीम ने स्पष्ट किया कि हिंदी में उनका सही नाम नितिन नवीन ही है, जबकि अंग्रेजी में Nitin Nabin का इस्तेमाल किया जाता है।

## बीजेपी और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष


बीजेपी की स्थापना 1980 में हुई थी। अब तक पार्टी को कई वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व दिया है। नितिन नवीन पार्टी के 12वें अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने जेपी नड्डा का स्थान लिया। आइए जानते हैं 1980 से अब तक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्षों के बारे में...

**1980–1986 — अटल बिहारी वाजपेयी**




- जनसंघ (1951–77) के संस्थापक सदस्य और अध्यक्ष
- 1977–79 विदेश मंत्री
- 11वीं लोकसभा में (1996-1998) नेता प्रतिपक्ष रहे
- भारत के प्रधानमंत्री (1996, 1998-2004)

**1986-1990, 1993-1998, 2004-2005 — लालकृष्ण आडवाणी**




- **सबसे लंबे समय तक बीजेपी अध्यक्ष रहे**
- 1990–92 में जनसंघ और बीजेपी की रथ यात्राएं कीं, राम रथ यात्रा (1990) शामिल है
- (1998-2004) तक गृह मंत्री रहे

**1991-1993 — मुरली मनोहर जोशी**



- इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष रहे
- 1992 में श्रीनगर से कन्याकुमारी तक 'एकता यात्रा' निकाली
- (1996) में गृह मंत्री रहे

**1998-2000 — कुशाभाऊ ठाकरे**




- 1942 में आरएसएस से जुड़े
- 1942 में मध्य प्रदेश के नीमच से प्रचारक बने

**2000-2001 — बंगारू लक्ष्मण**



- आंध्र प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड और भारतीय रेलवे से जुड़े
- ऑल इंडिया बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे
- रेल राज्य मंत्री भी बने

**2001-2002 — के. जना कृष्णमूर्ति**



- जनसंघ में शामिल रहे
- बीजेपी के संस्थापक महासचिव रहे
- वाजपेयी, आडवाणी सहित कई नेताओं के भाषणों का तमिल में अनुवाद किया

**2002-2004, जनवरी-अक्टूबर 2004 — एम. वेंकैया नायडू**




- छात्र राजनीति से करियर की शुरुआत
- आंध्र प्रदेश में विधायक और सांसद रहे
- ग्रामीण विकास मंत्री रहे
- (2017–2022) तक उपराष्ट्रपति रहे

**2005-2009, 2013-2014 — राजनाथ सिंह**



- भौतिकी के प्रोफेसर रहे
- यूपी में विधायक, MLA रहे
- बीजेपी अध्यक्ष रहते हुए 'भारत सुरक्षा यात्रा' में हिस्सा लिया
- वर्तमान में वरिष्ठ केंद्रीय नेता हैं

**2010-2013 — नितिन गडकरी**



- छात्र नेता के रूप में ABVP से जुड़े
- महाराष्ट्र में विधायक और मंत्री रहे
- बीजेपी अध्यक्ष रहते हुए संगठनात्मक विस्तार पर जोर

**2014-2017, 2017-2020 — अमित शाह**



- 1980 में आरएसएस और 1987 में बीजेपी से जुड़े
- 2002 में गुजरात में गौरव यात्रा की जिम्मेदारी संभाली
- बीजेपी अध्यक्ष रहते पार्टी का सबसे बड़ा विस्तार
- (2019 से) केंद्रीय गृह मंत्री

**2020-2025 — जेपी नड्डा**



- हिमाचल प्रदेश से पूर्व विधायक और सांसद रहे
- वर्तमान में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हैं
- पांच साल से अधिक समय तक बीजेपी अध्यक्ष रहे

**दिसंबर 2025 से — नितिन नवीन**



- 20 जनवरी को अध्यक्ष नियुक्त
- बिहार विधानसभा में मंत्री रह चुके
- बीजेपी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष
- समय उम्र: 45 वर्ष

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 30 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

### वायरल विडियो पर कर्नाटक के DGP सस्पेंड, जांच के आदेश

■ पीटीआई, बेंगलुरु: कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में कथित विडियो वायरल होने के बाद सरकार ने डीजीपी के. रामचंद्र राव को सस्पेंड कर दिया है और जांच के बाद उन्हें बर्खास्त भी किया जा सकता है। परमेश्वर ने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को न्यूज चैनलों पर एक विडियो प्रसारित हुआ, जिसमें राव को महिलाओं के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया। राव ने विडियो को नकारते हुए 'फर्जी' बताया है। गृह मंत्री ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए निलंबन एक तात्कालिक कदम था। जांच होगी, जांच के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

> महिलाओं के साथ आपत्तिजनक विडियो हुआ है वायरल

TIMES interact
tender & notices

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that Ms. Sweety Rajendra Kariwala has retired from the partnership firm M/s ARTISANFIRST DESIGNS, having its principal place of business at C-149, Sector 63, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201301, with effect from 21st May 2025.
The partnership firm was originally constituted under a Partnership Deed dated 23rd February 2023 and is a registered partnership firm.
Pursuant to the said retirement, Ms. Sweety Rajendra Kariwala shall not be liable for any acts, debts, or obligations of the firm incurred on or after the aforesaid date.
Further, Mr. Vikash Kumar has been admitted as a partner of the firm with effect from 21st May 2025, as per the Amended Partnership Deed.
All persons having dealings with the firm are requested to take note of the above.
For M/s ARTISANFIRST DESIGNS
Partner Name
Ms. Juhi Kumar | Mr. Vikash Kumar
Ms. Jayanti Kumar | Mr. Rajeev Kumar
Date: 20/01/2026
Place: Noida

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

LOST AND FOUND
I, Satnam Singh S/o Mr. Pooran Singh R/o. Flat No. 107, Tower-T-17, Nirala Estate, Gh-04, Sector-Techzone-4, Greater Noida West, Distt. G. B. Nagar, Uttar Pradesh -201306, I have lost the original document allotment letter of my property which I had purchased from Mrs. Savita Pandey W/o Mr. Shyam Sunder Pandey, Flat No. 107, Tower-T-17, Nirala Estate Ph-1, Plot No. GH-04, Sector-Techzone-4, Greater Noida West, finder may please send these to my above address, Contact No. 8172899621

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित करना है M/s BASANT SERVICE STATION, Anoopshahr Road Near I.P. College Campus 1, District-Bulandshahr (U.P.) की संशोधित साझीदारीनामा में श्रीमती मीना भालोटिया एवं श्री सुख कुमार साझीदार थे। दिनांक 01-01-2026 को संशोधित साझीदारीनामा के अनुसार श्रीमती रेनु शर्मा साझीदारी में सम्मिलित हुए तथा श्रीमती मीना भालोटिया साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गई हैं। दिनांक 01-01-2026 की संशोधित साझीदारीनामा के अनुसार श्री सुख कुमार एवं श्रीमती रेनु शर्मा साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।
आज्ञा से–
सुख कुमार (साझीदार)
M/s BASANT SERVICE STATION
Anoopshahr Road Near I.P. College Campus 1
District-Bulandshahr (U.P.)

## चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, हमारा SIR आदेश विधायी स्वरूप का है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**चुनाव आयोग** ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) से संबंधित उसका आदेश विधायी प्रकृति का है, जो गाइडिंग सिद्धांत निर्धारित करता है और आवश्यक दस्तावेजों का प्रावधान करता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच बिहार सहित कई राज्यों में कराए गए एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं के समूह पर अंतिम सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी ने यह दलील दी कि हमारा एसआईआर आदेश विधायी स्वरूप का है। यह सिद्धांतों और निर्धारित दस्तावेजों का एक संपूर्ण स्ट्रक्चर पेश करता है। यह एक सामान्य आदेश है, जो असम के मामले को छोड़कर पूरे देश में लागू होता है। चुनाव आयोग की ओर से द्विवेदी ने उन कानूनी व्यवस्थाओं का उल्लेख किया जो मतदाता सूचियों की तैयारी और पुनरीक्षण को नियंत्रित करती हैं और चुनाव संचालन को रेगुलेट करती हैं। उन्होंने साफ किया कि एसआईआर प्रक्रिया इस धारणा पर आधारित नहीं है कि प्रत्येक मतदाता को दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना ही होगा। ऐसा नहीं है कि किसी भी प्रकार की अनुमानित वैधता बिल्कुल ही नहीं दी गई है। मामले की सुनवाई बुधवार को भी जारी रहेगी।

PTI



बंगाल में SIR के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला, पुलिस से झड़प हुई।

### मोहम्मद शमी बोले, SIR में सभी सहयोग करें

■ पीटीआई, कोलकाता: भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया के तहत अपनी सुनवाई के लिए कोलकाता में चुनाव अधिकारियों के सामने पेश हुए। शमी दक्षिण कोलकाता के बिक्रमगढ़ इलाके के एक स्कूल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए। सुनवाई के बाद उन्होंने कहा कि एसआईआर सभी की जिम्मेदारी है और इसमें सहयोग करना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि शमी के प्रपत्र में कुछ गड़बड़ियां थीं, इसलिए उन्हें तलब किया गया। शमी पिछले 25 साल से कोलकाता में रह रहे हैं।



### पति-पत्नी अदालतों को जंग का मैदान नहीं बना सकते: SC

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपस में लड़ रहे पति-पत्नी अदालतों को जंग का मैदान नहीं बना सकते। ऐसे मामलों में बार-बार आरोप और जवाबी आरोप लगाने से विवाद और बढ़ता है और न्याय व्यवस्था पर बेवजह बोझ पड़ता है। अदालत ने सलाह दी कि कपल को मध्यस्थता (मेडिएशन) जैसे रास्तों से जल्दी हल निकालना चाहिए। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने यह टिप्पणी उस मामले में की, जिसमें पति-पत्नी सिर्फ 65 दिन साथ रहे थे और 10 साल से अधिक समय से अलग रह रहे थे। अदालत ने माना कि शादी पूरी तरह से टूट चुकी है। उसने संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल करते हुए इसे समाप्त कर दिया। अदालत ने साफ कहा कि अगर पति-पत्नी में आपसी मेल-मिलाप नहीं है, तो विवाद सुलझाने के लिए शुरुआती स्तर पर ही वैकल्पिक रास्ते मौजूद हैं। अदालतों को लड़ाई का मंच बनाना सही नहीं है।



## तमिलनाडु में राज्यपाल बनाम सरकार, अभिभाषण पर टकराव, माइक बंद हुआ

■ पीटीआई, चेन्नै

**तमिलनाडु के** राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंगलवार को विधानसभा में डीएमके सरकार द्वारा तैयार परंपरागत अभिभाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। लोकभवन के अनुसार, अभिभाषण में कई 'अप्रमाणित दावे और भ्रामक बयान' शामिल थे, इसलिए राज्यपाल ने इसे पढ़ना उचित नहीं समझा।

राज्यपाल के बिना संबोधन दिए सदन से बाहर निकलने के कुछ ही मिनट बाद मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित कर दिया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि केवल सरकार द्वारा तैयार परंपरागत अभिभाषण को ही विधानसभा के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। इसके बाद लोकभवन ने सदन के भीतर हुई घटनाओं को लेकर एक विस्तृत बयान जारी किया। बयान में आरोप लगाया गया कि राष्ट्रगान का एक बार फिर 'अपमान' किया गया। राज्यपाल ने अभिभाषण की शुरुआत में राष्ट्रगान बजाने की मांग की थी, जबकि राज्य सरकार का कहना था कि परंपरा के अनुसार, शुरुआत में तमिल थाई वाझ्थु और अंत में राष्ट्रगान बजाया जाता है।

234 सदस्यीय विधानसभा में हुए घटनाक्रम पर लोकभवन ने 13 बिंदुओं वाला विवरण जारी करते हुए कहा कि राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने नहीं दिया गया। बयान में तमिलनाडु सरकार के 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश आकर्षित करने के दावे को 'सच्चाई से परे' बताया गया और कहा गया कि कई समझौता ज्ञापन केवल कागजी हैं। लोकभवन ने महिला सुरक्षा, पॉक्सो मामलों में वृद्धि, मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या, आत्महत्याओं की संख्या, दलितों पर अत्याचार और कर्मचारियों में असंतोष जैसे मुद्दों को अभिभाषण में नजरअंदाज किए जाने का भी आरोप लगाया।

### राज्यपाल ने कुछ अंशों को नहीं पढ़ा: विजयन

■ पीटीआई, तिरुवनंतपुरम: केरल विधानसभा के मंगलवार को शुरू हुए बजट सत्र में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वामपंथी सरकार का नीतिगत दस्तावेज पढ़ा। इसमें दावा किया गया कि राज्य पर लगाए गए 'आर्थिक प्रतिबंधों के कारण राज्य वित्तीय दबाव' में है। वहीं, केरल के सीएम पिनराई विजयन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर ने राज्य मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित नीतिगत अभिभाषण को पूरी तरह से नहीं पढ़ा और उन्होंने उसमें से कुछ अंश छोड़ दिए।


**'भाषण विवाद अनावश्यक, निराधार'** केरल लोकभवन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर के नीतिगत भाषण पर हुआ विवाद 'अनावश्यक और निराधार' है। राज्यपाल ने भाषण के मसौदे से 'अर्ध-सत्य' तथ्यों को हटाने का अनुरोध किया था।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: cci Time: 01-20-2026 22:16 Color:



CAQM ने कहा, सख्ती के साथ लागू रहेंगी GRAP-1, 2 और 3 की पाबंदियां

# 3 दिन बाद दिल्ली-NCR से हटाया गया GRAP-4


Rajesh Mehta

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**तीन दिन** बाद दिल्ली एनसीआर से GRAP-4 की पाबंदियों को हटा लिया है। मंगलवार को हवा चलने की वजह से प्रदूषण में कुछ कमी आई। प्रदूषण का स्तर गंभीर कैटिगरी से कम होकर बेहद खराब स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) की सब कमिटी ने स्थितियों का रिव्यू किया। पूर्वानुमान के आंकलन के बाद GRAP-4 हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

मंगलवार को दिल्ली का एक्यूआई 378 रहा। फरीदाबाद का 262, गाजियाबाद का 393, ग्रेटर नोएडा का 372, गुरुग्राम का 394 और नोएडा का 382 रहा। राजधानी में छह जगहों पर प्रदूषण गंभीर स्थिति में रहा। वजीरपुर का एक्यूआई 417, रोहिणी का 406, पंजाबी बाग का 406, जहांगीरपुरी का 404, अशोक विहार का 402 और आनंद विहार का 416 रहा। 29 जगहों पर प्रदूषण बेहद खराब और तीन जगहों पर प्रदूषण खराब स्तर पर रहा। इनमें एनएसआईटी द्वारका का 288, नजफगढ़ का 288 और आईजीआई एयरपोर्ट का 296 रहा।

आने वाले दिनों में बेहद खराब स्तर पर रहेगा प्रदूषण

सीएक्यूएम ने बताया कि एक्यूआई अभी 400 के नीचे है। पूर्वानुमान के अनुसार मौसम आने वाले दिनों में बेहतर रहेगा और प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर ही रहेगा। इसलिए अभी GRAP-4 की जरूरत नहीं है। GRAP-1, 2 और 3 सख्ती के साथ लागू रहेंगे।

### क्या प्रतिबंध हटे

- दिल्ली में ट्रकों की एंट्री हो सकेगी
- दिल्ली में डीजल ट्रकों के चलने पर रोक खत्म
- लीनियर पब्लिक प्रोजक्ट जैसे हाइवे, सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज के निर्माण हो सकेंगे
- दिल्ली एनसीआर में छठी से नौवीं और ग्यारहवीं की क्लास हाइब्रिड मोड पर नहीं होंगी

### किन पर लगी रहेगी रोक

- एनसीआर के ईंट भट्ठों पर पाबंदी
- एनसीआर में माइनिंग के काम पर पाबंदी
- बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 गाड़ियों पर
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में लगी रहेगी रोक
- प्रदूषित ईंधन पर चलने वाले ट्रकों पर रोक
- दिल्ली एनसीआर में पांचवीं तक की क्लासेस हाइब्रिड मोड पर जारी रहेंगी
- सरकारी दफ्तर अब 100 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम करेंगे

# आज से खुल गए क्लास 6 से 9 और 11 के स्कूल


AFP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण की स्थिति कुछ बेहतर होने के साथ एक बार फिर आज से दिल्ली के स्कूल क्लास 6 से लेकर क्लास 9 और क्लास 11 के लिए खुल जाएंगे। हालांकि, नर्सरी से लेकर क्लास 5 के लिए अब भी हाइब्रिड मोड जारी रहेगा।

मंगलवार को दिल्ली की हवा कुछ सुधरने पर सीएक्यूएम ने GRAP 4 हटा दिया, अब दिल्ली में ग्रैप 3 लागू है। इसके साथ ही, मंगलवार को शिक्षा निदेशालय ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, एनडीएमसी, एमसीडी, दिल्ली कैंट के स्कूलों को निर्देश दिया कि वो अगले आदेश तक क्लास 6 से लेकर क्लास 9 और क्लास 11 के लिए स्कूल फिजिकल मोड में खोल दें। बोर्ड एग्जाम को देखते हुए क्लास 10 और 12 के लिए पहले से ही स्कूल फिजिकल मोड पर चल रहे हैं। क्लास 5 तक के लिए स्कूलों को अब भी हाइब्रिड मोड रखना होगा यानी जो जब भी संभव हो, ऑनलाइन क्लासें लें या फिर ऑफलाइन का ऑप्शन है। सभी स्कूलों को कहा गया है कि इसकी जानकारी पैरेंट्स और स्टूडेंट्स को दी जाए। इससे पहले बोर्ड क्लासों को छोड़कर बाकी क्लासों के लिए हाइब्रिड मोड रखा गया था।







# ठंड से फिलहाल है राहत, 23 को बारिश के बाद फिर बढ़ेगी ठिठुरन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : गणतंत्र दिवस पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक जा सकता है। दिल्ली और उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश और बर्फबारी के बाद ठंड का प्रकोप एक बार फिर शुरू हो सकता है। 25 जनवरी से ठंड बढ़ने के आसार हैं।

राजधानी में फिलहाल ठंड का प्रकोप कम हो गया है। दोपहर के समय गर्मी का आभास हो रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.1 डिग्री अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक रहा। कोहरा कम रहा। सफदरजंग में सुबह के समय विजिबिलिटी 200 मीटर और पालम में 600 मीटर तक रही। हवा में नमी का स्तर 45 से 100 प्रतिशत तक बना रहा। लोदी रोड में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री, रिज में 25.5 डिग्री और आया नगर में 25 डिग्री रहा। वहीं रिज में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक रहा।

गणतंत्र दिवस पर 5 डिग्री तक रह सकता है न्यूनतम तापमान

पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार को आंशिक रूप से बादल रहेंगे। सुबह के समय हल्के से मध्यम कोहरा रह सकता है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक रह सकता है। 22 जनवरी को भी दोपहर से आंशिक बादल रहेंगे।


PTI

## RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

# शिव मंदिर का ताला तोड़ ले गए पीतल के घंटे

■ NBT न्यूज, जनकौर : बिलासपुर के प्राचीन भूतेश्वर शिव मंदिर को चोरों ने एक बार फिर निशाना बनाया है। रविवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां लगे दो भारी पीतल के घंटे चोरी कर लिए। वर्षों पुराने ये घंटे श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े थे। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर इलाके में भारी रोष फैल गया।

मंदिर प्रबंधन के मोहित येगी और रमाकांत ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। ठीक एक महीने पहले भी चोरों ने मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर नकदी साफ कर दी थी। बार-बार हो रही इन वारदातों से पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। पिछली चोरी का भी पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। घटना के विरोध में नगरिकों और श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर बढ़ती असुरक्षा चिंताजनक है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

#ConmanVsCommonMan



© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

अक्सर, जल्दबाज़ी में लिया गया निर्णय आपको आर्थिक परेशानी में डाल सकता है।

टिकट बुक करने से पहले हमेशा वेबसाइट और विक्रेता की जाँच कर लें, और यदि कोई आपको ठगने की कोशिश करता है, तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/03/25/152

# लग्ज़री कार और ₹5 लाख के लिए घर से निकाला

■ NBT न्यूज, लोनी : दहेज में लग्जरी कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर थाना पुलिस ने पति, सास और ससुर सहित 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



टोपी मोहल्ले की रहने वाली आयशा की शादी 16 फरवरी 2024 को बड़ौत के पट्टी चौधरान मोहल्ला निवासी राशिद के बेटे सोहेब से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज में 5 लाख रुपये और बीएमडब्ल्यू कार की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। इतना ही नहीं, बेटी को जन्म देने पर प्रताड़ना और बढ़ गई। पीड़िता के अनुसार, 16 अप्रैल 2025 को उसे बेटी के साथ घर से बाहर निकाल दिया। एसीपी ने बताया कि पीड़िता के पति सुहैब, ससुर राशिद, सास मुस्सरत परवीन, ननद नेहा, बहनोई अकरम, चाचा बब्बू, आशिश, तानिया, किश्वर, रुमाइशा और साबेन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# साइकल के लिए सही पॉलिसी बनाकर कम किया जा सकता है प्रदूषण: स्टडी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


File Photo

**साइकल के** लिए सही पॉलिसी बनाकर ग्लोबल साउथ (विकासशील देश) उत्सर्जन और प्रदूषण में कमी लाई जा सकती है। भारत, बांग्लादेश और घाना के चार शहरों में साइकल चलाने वालों से फीडबैक लेकर यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो और IIT दिल्ली के वैज्ञानिकों ने यह स्टडी की है। इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट है कि दिल्ली में यूरोप और विकसित देशों की तर्ज पर साइकल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है जो कि दिल्ली की स्थिति में फिट नहीं होता। पॉलिसी मेकर्स को लोगों की जरूरत को समझते हुए प्लान करना चाहिए। उन्हें उन नीतियों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए जो विकसित देशों में अपनाई जा रही है। IIT दिल्ली के असिस्टेंट प्रफेसर राहुल गोयल ने कहा कि साइकल चलाने वालों की कमी नहीं है बल्कि संस्थागत समर्थन की कमी है।

दिल्ली, चैन्ने, ढाका और घाना को किया गया है स्टडी में शामिल

रिपोर्ट में कहा गया है कि कई अमीर देशों में साइकल चलाना बहुत आम होता जा रहा है। स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरण पर प्रभाव को देखते हुए इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन यह नीतियां गरीब देशों में काम नहीं करती। स्टडी में ग्लोबल साउथ में साइकल चलाने की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण किया गया है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो बायोलॉजिकल साइंस डिविजन के असोसिएट प्रफेसर कवि भल्ला के मुताबिक गरीब और मध्यम आय वाले देशों में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को साइकल से कम किए जाने की काफी संभावनाएं हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका या यूरोप के शहरों में साइकल चलाने को बढ़ावा देने में कारगर साबित होने वाली नीतियां ग्लोबल साउथ के देशों में सफल नहीं होंगी। रिपोर्ट में एक तरह के आय, घनी आबादी और समस्याओं वाले देशों के चार शहर शामिल किए गए। दिल्ली और चैन्ने (भारत), ढाका (बांग्लादेश) और अक्रा (घाना) शामिल हैं।

कुछ लोगों के लिए साइकिल चलाना दैनिक ट्रांसपोर्ट का एक साधन है। आमतौर पर साइकल से लंबी दूरी तय करने वाले गरीब पुरुष होते हैं। महिलाएं दो से तीन किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। इन्हें मुश्किल और जोखिम भरी सड़कों का सामना करना पड़ता है। भीषण गर्मी, भारी बारिश और बाढ़ से जूझने के साथ ही इन्हें ऐसी सड़कों पर भी चलना पड़ता है जो हाई स्पीड गाड़ियों के लिए बनाई गई हैं। कुछ इलाकों में बनी साइकल लेन अक्सर पार्किंग और विक्रेताओं की वजह से अवरुद्ध रहती हैं। कुछ ऐसे समृद्ध इलाकों में सड़क बनी है जहां वास्तव में बहुत कम लोग साइकल चलाते हैं।

# कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

**ए**नबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं।



शिवानी बहुगुणा (शेफ)

21 जनवरी को होने वाली इस वर्कशॉप की तारीख बदल दी गई है। नई तारीख के बारे में जल्द सूचित किया जाएगा।

# घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी को हिरासत में लिया

■ NBT न्यूज, हापुड़

**थाना सिंभावली** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि एक सप्ताह पहले वह गढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी ननद के घर गई थी। वहां आरोपी ने घर में घुसकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म का प्रयास किया। ननद के पहुंचने पर आरोपी भाग गया। 112 नंबर पर कॉल करने पर पुलिस आरोपी को हिरासत में लिया है।



आरोप है कि रात में ही आरोपी को छोड़ दिया गया। इस संबंध में तहरीर दी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है।

# TIMES interact

Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

## jobs

### VENKATESHWAR INERNATIONAL SCHOOL
...where dreams come true
Sector – 18, Dwarka, New Delhi – 110075
Email: info@svis.org.in | www.svis.org.in
Tel 011 - 42815336 /37/ 38

**CAREER OPPORTUNITIES (2026-27)**

SVIS, a premier institution committed to academic excellence and holistic development, invites applications from dynamic, dedicated and qualified professionals for the following academic and non-academic positions:

- **PGT:** Legal Studies with Pol. Science / Psychology / Fashion Studies / Mathematics
- **TGT:** All Subjects
- **PRT:** All Subjects
- **NTT**
- **Librarian**
- **Art Teacher**
- **Front Office Executive**
- **Assistant Accountant**

Qualifications as prescribed and laid down by the CBSE & DoE. Shortlisting of candidates will be based on high academic credentials and referral check of experience.

**APPLICATION SUBMISSION PROCEDURE**

- Application must be submitted within one week.
- Candidates may apply by e-mailing their application to careers@svis.org.in or by submitting the prescribed Recruitment Form available on the school website (www.svis.org.in).
- The Recruitment Form should be filled with the candidate's name as per the Official Records.
- The Form should have the following documents attached:
1. A recent passport-sized photograph.
2. Self-attested copies of all relevant certificates and testimonials.

### ADHARSHEELA GLOBAL SCHOOL
LEARNING • KNOWLEDGE • VALUES
SEC-3, VASUNDHARA, GHAZIABAD (U.P.)
PH : 0120-4226426, 9958496161 / 9971161361

**ACADEMICS/ CO- CURRICULAR/ ADMINISTRATION**

- **Academic in charge/ Coordinator** : Post Graduate (Minimum 5 year experience)
- **Nursery Teachers (Female)**
- **Primary Teachers** : General (All subjects), English, Hindi, Maths, E.V.S., Computer Science & Dance Teacher
- **TGT** : English, Hindi, Maths, Science, Social Science, Computer Science, AI, Sanskrit & French
- **PGT** : English, Maths, Pol. Science, Accounts, Business Studies, Economics, Physics, Chemistry, Biology, Psychology, Computer Science & Fine Arts
- **Admission Counselor**

Duly filled in application may be sent to school email id: recruitment@adharsheelaglobalschool.com
Application form may be downloaded from the school website: www.adharsheelaglobalschool.com

### Walk-in-interview
### QCS-QUEEN'S CARMEL SCHOOL
(School That Inspires) (AWAKE! ARISE! ACHIEVE!)
Under the Management of Carmel Education Society ©
HS-05, Beta-1, Greater Noida, U.P - 201308
Tel: +91-120-4225050/90 Mobile: +91-9891889900
Email: jobs@myQCS.in / Website: www.myQCS.in

1. **Front Desk Executive cum Receptionist (Female):** Min. 1 year Experience, having pleasing Personality, Fluent in English, Computer Literate, adept in Handling Multiple Social Media Platforms/Making Reels, MBA-HR/Marketing trained from a recognized Institution.
2. **Trained Graduate Teacher (all Subjects):** Hons. Graduate, B.ED. trained from a recognised Institution, CTET Qualified.
3. **Nursery Teacher(s) (Female):** Graduate/NTT/ Montessori, trained from a recognized Institution.

(Salary: As per qualifications and experience)
(Please bring your original testimonials for verification)

Date: 23/01/2026 (Friday) and 24/01/2026 (Saturday)
10:00 a.m. -Nursery and Trained Teacher(s)
11:00 a.m. -Front Desk

### GD GOENKA SCHOOL
Paschim Vihar Delhi
Thrive. For Life.
A-2, PASCHIM VIHAR, NEW DELHI-110063
Ph. :+91-35011027, 35011028
Email : careers@gdgoenkapaschimvihar.com | Website www.gdgoenkapaschimvihar.com

**REQUIRES**

**Academic Staff**

- HEADMISTRESS
- COORDINATOR: SENIOR WING AND MIDDLE WING
- PGT : Mathematics, Chemistry, Physics, History, English, Economics, Business Studies, Accountancy, Computer Science.
- TGT : Mathematics, Social Science, Science, Hindi, Computer Science, English.
- PRT : All Subjects • Nursery Teachers • Spanish Language Teacher
- Montessori Trained Teacher for Kindergarten classes

**Administration**

- Accountant • Front Desk/Receptionist • Admission Counselor
- Content Writer and to handle Social Media • Estate Officer

**Co-Curricular Staff**

- Activity-Coordinator • Special Educator • Instrumentalist
- Wellness Teacher • Art & Sculpture • Western Dance
- Western Vocalist • Band Master • Theater Teacher
- Marching Band Coach • Shooting Coach • Steam Lab Instructor
- School Nurse • Doctor (Part Time)

Apply with Photograph on the Prescribed Application Form available at the school reception or e-mail at careers@gdgoenkapaschimvihar.com before January 27, 2026.

Candidates must be fluent in English with excellent communication & computer skills.

### HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL
Sector-29 & 75, Faridabad
REQ'T FOR SESSION: 2026-27
(Under the expansion plan)

- Vice Principal
- Academic Coordinators (All Depts. / Wings)
- Faculty for : JEE / NEET / CUET / CLAT / Olympiads
- PGT, TGT & PRT: All Subjects
- Faculty for Robotics / AI
- Faculty for Abacus & Vedic Mathematics
- NTT (Mother Trs. & Asst.Trs.)
- Art • Music • Dance • Theatre
- Sports Teachers / Coaches
- PA to Director & P.R.O
- Librarian
- Band Master
- Counsellor
- Special Educator
- IT Incharge
- HR Manager
- Accountant
- Office Superintendent
- Graphic Designer
- Transport Incharge
- Software Expert (MCA)
- Maintenance Incharge
- Lab Attendant

Please send your resume at:
Email Id: hrholychild@gmail.com
Please mention post applied for

### Queen's Valley School
Sector 8, Site –B, Dwarka, Phase – 1, New Delhi – 75
Ph- 41655148, 9599533408, 9599433408

Applications are invited from candidates with excellent academic record and experience for the following posts:

1. P.G.T. – English, Fashion Studies, History, Economics, Home Science, Applied Mathematics
2. T.G.T. – English, Hindi & Social Science
3. P.R.T. – Hindi, Computer Science
4. Foundational Stage Teacher
5. Librarian
6. Lab Assistant (Chemistry)
7. IT Incharge
8. Instructor – Theatre, Piano, Rope skipping

Qualifications as prescribed & laid down by the CBSE & DOE.

Interested candidates may drop their resumes on career.qvs@queensvalleyschool.in by 28th January, 2026.

### APEEJAY SCHOOL
Faridabad
Sector-15, Urban Estate, Faridabad-121007
0129-2286932, 7303096026 www.apeejay.edu/faridabad/

Requires

- **PGT:** History, Political Science, Psychology, Home Science, Physical Education
- **TGT:** French, Sanskrit, Social Science
- **Librarian** | **PPRT**
- **Activity Teacher :** Western Dance, Music (Instrumental), Band Instructor (Part-time)

Applicants must possess minimum qualification and experience as prescribed by CBSE.

Interested candidates may apply online within 7 days from the date of this advertisement at www.apeejay.edu/careers.

– Principal

APEEJAY Stya

### SNEH INTERNATIONAL SCHOOL
(Air-Conditioned)
English Medium Co-Educational Senior Secondary School Affiliated with CBSE
(ISO 9001:2015 certified)
New Rajdhani Enclave, Vikas Marg, New Delhi – 110092
Tel.: 011-22016772, 42440772 Mob. : 9871012444
Celebrating 20 years of Excellence
www.snehinternationalschool.com
recruitments@snehinternationalschool.com

PGT - Psychology, Geography, History & Political Science
TGT - English, Mathematics, Geography, History
PRT - English, Mathematics, EVS
Pre- Primary Coordinator
NTT/Pre- Primary Teachers
French Language Teacher
Activity Teachers - English Theatre, Dance (Kathak & Bharatnatyam), Clay Modelling, Music (Vocal & Instrumental), Coach :- Gymnastic, Taekwondo & Yoga
Receptionist, Computer / Atal Lab Attendant, Counsellor, Special Educator, Office Assistant

Please apply & submit in confidence on the prescribed job Application Form available at the School Reception or can be downloaded from School website.

Last Date for submission of application is 31st January 2026

### Shudh Garhwal Paneer Ltd.
27, Rani Jhansi Road, New Delhi-110055

Exp. & तालीम विशेषी चाहिए
1. Computer / Tally / Accounts
2. बड़ा गाड़ी ड्राइवर
3. डिलीवरी
4. ...
5. ...
6. Security Guards / Supervisors
7. Head Quality Assurance
8. Milk Product Testing के लिए Staff
9. ...

Contact:
7838595981 & 9891866161

### Advertising Company in South Delhi
**REQUIRE**

- **General Manager/EA** English communication skills
- **Sr. Sales Manager** (Experience 5-10 yrs)
- **Sales Executive** Fresher's can also apply
- **Accountant** (Experience 5-10 yrs)
- **Manager Operation/ Govt. Liaison** (Exp 10-15 yrs)

- E-mail -
hiringstaff2026@gmail.com

### तकनीकी

#### उत्पादन

**आवश्यकता** है इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के लिए, जो इलेक्ट्रॉनिक का काम जानते अथवा नहीं जानते लड़कों की Cont- 9818298886, Naraina CB Block, Ring Road, Delhi

#### इंजीनियर्स

**PROFESSIONAL REQUIRED**
**PREFAB / PEB**
A business group seeks an experienced professional to help enter the Prefabricated / Pre-Engineered Buildings Manufacturing.
Experience in setting up the manufacturing unit will be preferred.
buildingsprefab@gmail.com
M. 7618444508

A leading Indian Corporate Group is seeking a high-caliber

### EXECUTIVE SECRETARY
to support the Managing Director, with additional responsibility as Social Secretary and travel management.

**Designation: Executive Secretary**

**Qualification:** Graduate in Business Administration / Diploma in Office Management. Total years of Experience: 10 years.
**Relevant Experience:** At least 6-8 years' experience in the same profile.
**Package Offered:** Salary At par with the Industry Standards. Possibility to work remotely during MD's travel periods.

**Role Overview**

- Provide High Level administrative support to MD including managing calendar, meetings, correspondence, mail and routine secretarial work.
- Coordinate domestic and international travel, itineraries, and logistics.
- Organize and support social, business, and informal engagements.
- Liaise with hotels, airlines, concierge desks, government bodies, foreign missions, and private sector stakeholders as required.
- Maintain guest lists, contact database, itineraries, and follow-ups

**Key Selection Criteria**

- Extensive experience in an Executive Support / Executive Assistant role, with well-developed secretarial, administrative, and organizational skills.
- High-level organizational, liaison, and interpersonal abilities.
- Background in hospitality, concierge, or guest relations roles will be given strong preference.
- Excellent written & verbal communication skills, proficiency in MS Office / Outlook.

**Apply in confidence with current CV :**
**Email Id: epc12052006@gmail.com**

### APEEJAY SVRAN GLOBAL SCHOOL
Sec-21D, Faridabad - 121001
0129-2460501, 09650518887 www.apeejay.edu/asgs

Requires

- **PGT:** Economics, Chemistry, Biology, English, Mathematics
- **PRT:** Hindi | **PPRT**

Applicants must possess minimum qualification and experience as prescribed by CBSE.

Interested candidates may apply online within 7 days from the date of this advertisement at www.apeejay.edu/careers.

– Principal

APEEJAY Stya

### The Shri Ram Universal School
CBSE- Affiliated Senior Secondary School
Igniting Curiosity, Nurturing Creativity
HS-03, Techzone-IV, Greater Noida (West)
Uttar Pradesh - 201306
Mob.: 9015600300, Web: www.tsusnoida.edu.in

*Invites applications for the following positions:*

- Vice Principal
- Co-ordinator: Pre Primary, Primary Wing, Middle and Senior Wing
- Pre Primary & Primary Class Teachers and Co Class Teachers
- PRT, TGT (All Subjects) • Key Activity Coordinator
- Activity Teachers – Dance, Yoga, Music, Art & Clay, Theatre, Physical Edu.
- Special Educator, Wellness Counsellor, Career Counsellor
- French, German, ICT and Robotics
- Social Media Marketing • Front Office Executive

**Qualification as per CBSE norms.** Candidates with excellent communication & ICT skills can apply within 5 days from the date of advertisement at **careers@tsusnoida.edu.in** or visit the website for more details.

### होम कुक/शेफ के लिए नौकरी

**Vacancy For Home Cook / Chef**

- इंडियन वेज खाना बनाना आना चाहिये
- घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
- रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी

वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
केवल पुरुष भर्ती (उम्र 20 से 35 वर्ष)
यह नौकरी डायरेक्ट है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: मालवीय लोकेशन | +91-9560854998

### भर्ती

#### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

#### अकादमिक

#### सामान्य

**DIAMOND** Public School, main Wazirabad Road, Opp. B-Block Yamuna Vihar, Delhi-94 reqd. Exp. (Female) Math/ Science Teacher & Office Asstt. Prefer Nearby. # 7303367099.

### Cambridge Foundation School
Rajouri Garden Extn. New Delhi - 110027
Ph: 41001112 / 3 / 4
Mob: 9599385666, 67

REQUIRED
1) NTT - 2 yrs Training Course / B.Ed. (Nur.)
2) P.R.T.- All Subjects
3) T.G.T.- English, Hindi, Math, Soc. Science, Science, Phys. Edu., Sanskrit, Comp. Sc.
4) P.G.T.- English, Hindi, Pol. Sc., Economics, Phys Ed., Chemistry, Artificial Intelligence, Maths.
5) P.G.T.- Psychology (School Counsellor)
6) Librarian
7) Music Teacher
8) ATL Coach
9) Office Asst.- Well versed in OASIS & UDISE Portals
10) Lab Assistant
11) Special Educator- (RCI Certified)

Walk in Interview
Between 9.00 am - 12.00 noon from 22nd Jan to 5th Feb., 2026
email: careers@cambridgefoundationschool.com

### Vivekanand School
D-Block, Anand Vihar, Delhi-92
Ph. : 46018883, 46050670
www.vivekanandschool.in

Invites applications for the following posts

- PGT - Physics
- PGT - Mathematics
- PGT - Computer Science
- PGT - Physical Education
- TGT - Mathematics
- TGT - Science
- TGT - English
- TGT - Social Science
- TGT - Hindi
- PRT - General
- PRT - English
- NTT
- Counsellor
- Receptionist

Tech savvy candidates with good communication skills will be preferred.
Send your resume to the Chairman along with a passport size photograph within a week at jobs@vivekanandschool.in

**BOOK YOUR RECRUITMENT ADS**
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Amit Ghosh
9811790649

To Book Online Log on To
Ads timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

### BIRLA VIDYA NIKETAN
Birla Vidya Niketan Marg
Pushp Vihar-IV, New Delhi-17
Website: www.birla.ac.in
Tel: 011-29578960

Driven by a vision of promoting excellence in education, BVN has opening for teaching staff with high technological, communication, curricular and extra-curricular expertise:-

1. PGT Biology
2. TGT English, Hindi, Math, G.Sc, S.St, Sanskrit, German, Western Music & Yoga
3. PRT Math, EVS, Hindi, English & Art
4. Pre - Primary Teacher
5. Special Educator
6. Counsellor

Qualification, Age limit, Salary as per rules. Teachers with experience having cleared C.T.E.T. required. Apply online with recent passport size photograph, in the prescribed form in the school website within 7 days.

### J M INTERNATIONAL SCHOOL
Plot 23A, Techzone-4, Gr. Noida West
Tel.: # 91-999 967 1884 - 85
careers.grw@jminternationalschool.com

REQUIRES

- PGT: English, Physics, Chemistry, Biology, Math, Computer, P.Ed.
- TGT: English, Math, S.Sc., Science, Hindi/ Sanskrit, French, Computer
- PRT: English, Math, S.Sc., Science, Hindi/ Sanskrit
- PRT: Mother Teacher
- Nursery Teachers
- Art & Craft Teacher
- Dance Teacher (Indian & Western)
- Science Lab Assistant
- Nurse (Female)
- Transport Incharge cum Estate Officer

Qualifications as per CBSE norms. Candidates must possess excellent communication & IT skills with an experience of minimum 2-3 years in public schools of repute. Apply within a week on prescribed form available in the school office/ website.

### VIKAS BHARATI PUBLIC SCHOOL
Sector-24, Rohini, Delhi-85
Ph: 27052641, 27052642, 27052662, 9810892641
E-Mail: info@vikasbharati.com

Applications are invited for the post of:

PRT / NTT
TGT- All Subjects
PGT- Economics, Commerce
Artist / Fine Arts

Apply within 7 days between 8.30 a.m. & 1.00 p.m. on the prescribed form available at the school reception or mail your resume

VEENA SOLANKI- PRINCIPAL

### SANSKAR WORLD SCHOOL
SENIOR SECONDARY SCHOOL, AFFILIATED TO CBSE
Opp. ITC Factory, Meerut Road, Ghaziabad

REQUIRE

**ACADEMIC CO-ORDINATOR**
For primary, middle and senior wings with minimum experience 05 years

**TEACHERS OF ALL SUBJECTS**

- PGT Post Graduation with B.Ed
- TGT Graduation with B.Ed
- PRT Graduation with B.Ed
- PPT Graduation with B.Ed or N.T.T

Exp. min. 5 yrs. for teachers

- SPORTS TEACHER
- LIBRARIAN
- NURSE
- COMPUTER LAB ASSISTANT
- SCIENCE LAB ASSISTANT
- CREATIVE/ GRAPHIC DESIGNER FOR MEDIA
- SPORTS COACHES
- RECEPTIONIST
- PSYCHOLOGY TEACHER
- SPECIAL EDU. TEACHER
- IT/COMPUTER SCIENCE-PYTHON/AI/CODING (with relevant experience)
- CONSTRUCTION SUPERVISOR (relevant exp. ITI preference)

Apply online with latest resume with in 7 days
career@sanskarworldschool.org
The Management decision will be final for selections
© 9582220843
www.sanskarworldschool.org

### BGS Vijnatham School
Plot No.2, Tech Zone IV, Greater Noida (West)
C.B.S.E Affiliated School

INVITING APPLICATIONS FOR VACANCIES

- CO-ORDINATOR (Sr. & Primary): PG. 3-5 yrs admin & teaching Exp.
- PGT- Eng, Hindi, Maths, Chemistry, Physics, Psycology cum counsellor, Pol Sc., Acct., B.St., Eco, Phy. Edu.
- REQUIRED JEE/NEET FACULTY
- TGT- All Subjects, Art and Craft, French.
- PRT: All Subjects & • NTT
- MUSIC (Western), THEATRE & DANCE
- SPECIAL EDUCATOR
- HARDWARE ENGINEER- Dip./B.Tech./ B.Sc. (Comp).
- IT ASSISTANT- Exp in handling CBSE work.
- COACHES- Skating, Badminton, Cricket, Basketball, Football, Taekwondo, TT, Chess, Athletics.
- MARKETING MANAGER
- TRANSPORT IN-CHARGE

- Qualification required as per CBSE Norms.
- Computer Proficiency with excellent English Communication skills.

To Apply: Send Resume with Photo at
career@bgsvijnatham.com/ hr@bgsvijnatham.com

#### शिक्षक

**VISHAL** Bharti Sr.Sec. School Pitampura 9354607851 Req NTT PRT, TGT(ENG), PGT, Front Desk. Apply within 7days Form available at Recep. 10 am-1pm

**URGENT** requirement for Warden, Army/Indian navy/ merchant navy Instructor for marine academy. ATTRACTIVE SALARY Cont:9983040999

### PRINCIPAL

**VICE PRINCIPAL**
Required
for a school located in Delhi
Share CV
hr.dona00@gmail.com

#### प्रशासन

#### आयात/निर्यात

**REQ** Prod. & Garments Mngr, Acntnt for accessories & Fashion Crdntr, Photoshopee, cutting Master Adv., Electrician , Driver, 9810454586, 9810040131, E: 54jaspal@gmail.com

**REQUIREMENT**
For a Garment Export House based in Moradabad, UP
Requirement:
- Experienced quality controller with in-depth knowledge of garments.
- Sample Co-ordinators (Female)

Applicant's resident of Moradabad or nearby places will be preferred.
Contact Email:
office@minimpex.com

#### कार्यालय सहायक

**SALES** Executive, Proof Reader for Publishing House. (Salary+ Incentive) appointments.sp@gmail.com 9251476033 (11Am- 5PM)

#### प्रबंधक

A leading Hospitality chain having Guest houses in Gurgaon
*Requires*
**Resident Manager**
Salary between Rs 30,000 to Rs 35,000 (including accommodation & meals)
**Asstt. Resident Mgr**
Salary Rs 25,000, should be residing in Gurgaon
Both should have adequate experience in Hospitality
Email
hr@enkayresidency.com

#### डिलवरी बॉय

**तत्काल** आवश्यकता है फैमस इंडिया लिमिटेड के लिए 25 बाइकर्स,ओखला एस्टेट, दिल्ली में। शिफ्ट वेतन +पेट्रोल+ इंसेंटिव संपर्क करें:- 9289894734

**आवश्यकता** है प्रतिष्ठ कोचिंग की (दुपहिया वाहन अनिवार्य) सैलरी + कन्वेंस, 206, कैलाश हाउस, 2-ई झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, मो. : 9871895206

#### लेखा

#### लेखा और वित्त

**REQUIRED** Part/Full time Retired Bank Manager(s), CS, CMA, C.A(s), Semi Qualified, Article Asstt(s)., Advocate(s), Law Graduates, Graduates/ Under Graduates, Computer Operator(s). M: 9205136037, Email: kkg2002017@gmail.com

**WANTED**, recently retired (Max 3 Years) Ex Banker from PSU Bank(SBI/PNB/BOB/BOI) having Audit & Inspection background for Concurrent Audits of Delhi Bank Branches at CP, Nehru Place # 9871580099

**REQ** Accountant, Billing person, Salesman for field work, Sales Co-ordinator @Aristo Paper, Daryaganj # 9311147026, 9650682141.

**NEED** Sr. Manager Account with GST knowledge for OEM supplier factory at Bahadurgarh, Distt-Jhajjar. Min. exp. 15-20 yrs. CA can also apply. Send CV with expected salary. jobs@jaycee india.com

**REQD** Exp Telecaller & Marketing person cum Field Boy with Knowledge of Car Drive & own vehicle Cont #9953879000, 955532635

#### अकाउंटेंट (लेखाकार)

**WANTED** Junior Accountant For South Delhi Office of Reputed All-India Company. Excellent growth prospects for right candidates. Proficient in MS Office (Excellent knowledge in MS Excel) & Tally. Salary depending on calibre and experience. Send CV to hr@grtgi.com

**ACCOUNTANT** reqd. Exp 3-5yr. Knowing Tally & GST,Tax. National Security Devices, 301-D, GF, Mayur Vihar-II, Delhi # 9990043330, info@nsdalarm.com

#### आईटी संबंधित

#### कंप्यूटर ऑपरेटर्स

**WANTED** 15 Computer Operators for permanent position with 32 year old ISO Certified Indian Company. Must be proficient in MS Office. Sincere hardworking candidates freshers welcome. Remuneration depending on calibre. Walk in interviews on 19th to 24th Jan-26 between 11:00 AM and 4:00 PM at G.I. Group, TA-264/265, First floor, main road Tughlakabad Extn.,(Next to Pocket No-8, DDA Flat Kalkaji Extn)ND-19

**चाहिए** Govt.Sector में Contract Basis-DEO, Steno, MTS, Cleaners Security Guards, Cook,Mali. Sal 20K-40K+ सभी सुविधायें 8506893373, 9217127436

**REQ.** Typist with min. Typing speed 50wpm & know. ms-word, excel, outlook & Good Eng. for Law Firm: Defence Colony,ND send cv lllc@lllc.co.in ,41327936

#### विपणन, विज्ञापन और बिक्री

#### DIGITAL MARKETING

**REQD** Digital Mktg Executive (M/F, Expd)- Expertise in Bulk WhatsApp/SMS campaigns using Advanced Excel & its applications. Knowledge of All social media platforms, branding & lead generation. Loc: Sec-8, Rohini. # 9810918217

#### बिक्री

**सेल्समैन/महिला** चाहिए पार्ट/ फुल टाइम, जो इसका मोड़ के आस पास ब्यूटी पार्लरों से आयुर्वेदिक हर्बल ब्यूटी / हैल्थ प्रोडक्ट के ऑर्डर ला सके, कमीशन + वेतन 9810478054

**SPECIAL** Offer for Ladies & Gents LIC City Career & Bima Sakhi Yojna, Stipend+Comm. after Some Target Permanent Job, Car & House 9810315375

**LEADING HOMOEOPATHIC COMPANY**
Requires
**DGM SALES**
Graduate/MBA with relevant exp.
Job Profile: Manage Sales through growth of Dealer Network. Supervise and coordinate sales team targets and working. Market Analysis and Sales Promotion activities.
Experience: 10-12 years in Pharma company (preferably homoeopathic)
Salary as per experience
**MARKETING COORDINATOR**
Homoeopathic or Pharma co. related.
Job Profile: Review & Analysis of Sales & exp. statement. Communicating sales & order in flow & collection inflow on daily basis. Maintain market related report daily by end of the day. Maintain tour program. Maintain field working & doctor's visit of the field staff.
*Please send resume to Email:*
indogerman@lghrindia.com
I.G. HOMOEO REMEDIES (P) LTD
316, Patparganj Ind. Area, Delhi- 92 Ph.: 011-43019100

#### Tele Caller

**HIRING** Callers! Salary: 15,000-18,000 Who Can Apply: Male / Female/Freshers & Experienced Location: cash347, 1st Floor, 213, D Block, Sec- 63, Noida Call Now: +91 9311918207

#### अन्य प्रोफेशनल्स

#### ग्राफिक्स ऐंड डिजाइन

**GRAPHIC** Designer cum DTP Operator with experience for an Advertising Agency with knowledge of all softwares & must know Hindi typing too. Immediate Joining. Send resume at:- stridesadvt@gmail.com

#### चिकित्सा

#### चिकित्सा

**MANAV A MULTISPECIALITY HOSPITAL**
KAVI NAGAR, GHAZIABAD
REQUIRES
HR EXECUTIVE - 1
ACCOUNTANT - 1
HOUSE KEEPING SUPERVISOR - 2
9891046110
guptaharish09@gmail.com

#### अन्य रिक्तियां

#### चालक

**आवश्यकता** है कुशल ड्राइवर की। संपर्क करें : सुबह 10 से 5 बजे तक। पता : मधुकर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चौथी मंजिल, सोसाइटी ऑफिस, नजदीक मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन गेट नंबर -1, नई दिल्ली-17 फोन: 61369100

**कार** ड्राइवर शिक्षित अनुभवी उचित वेतन डॉक्टर परिवार दक्षिण दिल्ली निवास। रहने की सुविधा संभव। मो. 9810520789, 8209149632

#### सामान्य

**दूरोह** आवश्यकता है अच्छे अनुभवी जिम्मेदार आदमी की, घरेलू छोटे कुत्ते की देखभाल वह अन्य मिश्रित काम के लिए, टू व्हीलर जरूरी है, उम्र 35 साल से अधिक. Malviya Nagar, Delhi. # 9810866627.

**आवश्यकता** है हेल्परों व पैकेजिंग के लिए लड़को व लड़कियों की। संपर्क करें फोन- 9999004239 , 8800331098 मिलें F-39A , गली No-9, जयतपुरी दिल्ली-51

**दुकान** में कार्य करने हेतु हैल्पर (उम्र 20 से 30 साल) की जरूरत। वेतन 9000 से 11000 महीना। सम्पर्क: Kashmiri Gate, Delhi. 9810456566, 9810086781.

#### एकाधिक रिक्तियां

**GYAAN** Therapy Centre Reqd Occupational Therapist for special Need Children. Fresher Can also apply. Address-: 72, Site-1, Vikaspuri. #9999814225

**Checker,** packing staff,helper fashion coordinator, boys girls लक्ष्मी नगर दिल्ली-92, में कपड़े की दुकान पर, फ्रेशर चाहिये सम्पर्क: 9910447455 , 9868525766

**Lab** Instruments Co. Reqd. (1) Accountant-Exp. 4-5yrs and (2) Quality Incharge. Walk-in 2/3, DSIIDC, N.S.P. Pitampura, Delhi # 9811238080 , Email: nsndel@gmail.com

#### पार्ट टाइम जॉब

**REQ** Part/Full Time for MNC Noida, Retd person, H'wives, Self Empl, CA. earn 50K-1L, fix pay+var+rglr Inc+frgn trip,age 30-65 # 8130292821, 9891060981

**REQ** part/full time Candidate for MNC Noida. Age 30 - 65 yrs. Edu: grad. Prfrd Retired,VRS, HW,Self employed. Income 50kpm # 9971096664/9212002006

**URG** Reqd P/F Time Job in top Co.Noida, Grd/ MBA/ Bnkr, Age 25-70, fix pay/variable pay, Rtd/ H'wife/ NRI'S/Self Employed #9310344433/ 8650942833

**REQD.** Team Leader Part/Full Time for Housewife, Retired, Vrs, Teachers, Age 35-70 yrs, Earn 30k to 70k + foreign trips # 9968328248.

#### सेवाएं

#### होटल उद्योग

**EXP** Hotel F&B &Banquet Mngr,Chef,Cook,Rcptnsts, Acntnt, Waiters,Elec.Civil Cont Baghpat. 54jaspal@gmail.com #9810454586, 9810040131, 54 West Ave Sainik Farm, ND-62

#### नौकरानी सेवा

**नौकर-** नौकरानी,कुक,अटेंडेंट। घर बैठे घरेलू नौकर-नौकरानियां, मेड, आया, खाना बनाने का कार्य करने वालों को नौकरी पर लगवायें व भरपूर कमायें। #8700097204

**REQD**, well educated, proactive, and Capable Caretaker F/M for Elderly Person in South Extn. Send boidata- rkg1953@yahoo.com

#### रेस्तरां


**RESTAURANT** Khan Market ,Restaurant Manager (Exp 5-6 yrs), Waitress (F) (Exp 3-5yrs) Contact no #7303883222


TIMES interact

**BOOK YOUR CLASSIFIED ADS**

- FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
- FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
- FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

TIMES interact
## HEALTH & WELLNESS

**SEX PROBLEMS** का सफल इलाज! मिले

**सबलोक क्लिनिक दरियागंज**
नेताजी सुभाष मार्ग (निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-2
9891300008
समय : 1 से 6 रविवार : अवकाश
Consultation fees 500/-
सबलोक क्लिनिक दरियागंज की इंडिया में कहीं कोई ब्रांच नहीं है।


**सेहत बनायें वजन बढ़ायें**
अगर आप खाते पीते बहुत है, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2284,कोठिया पुल चौक,पुरानी दिल्ली • मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

# सहारनपुर में एक ही परिवार के 5 शव मिले, सभी को लगी थी गोली

## आशंका है कि परिवार के मुखिया ने सबको गोली मारकर खुद को भी शूट कर लिया

NBT 3 मिनट में पढ़ें

■ NBT न्यूज, सहारनपुर

जिले के थाना सरसावा क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक घर से पांच लोगों के शव मिले। सभी शवों पर गोली के निशान मिले हैं। सूचना मिलते ही सहारनपुर के डीआईजी, डीएम, एसएसपी सहित फरेंसिक टीम और थाना सरसावा पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी ली। परिवार की संदिग्ध मौत पर पूरा कस्बा इकट्ठा हो गया।

अशोक राठी अमीन थे। वह सरसावा थाना क्षेत्र की कौशिक विहार कॉलोनी में अपनी पत्नी अंजलि, मां विधावती, दो पुत्रों कार्तिक और देव के साथ रहते थे। आशंका जताई जा रही है कि अशोक राठी ने सभी को गोली मारकर अंत में खुद को भी शूट कर लिया। पुलिस अधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो अशोक और उनकी पत्नी अंजलि के खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़े मिले, जबकि मां और दोनों बेटों के शव बेड पर पड़े थे। मृतक अशोक के पास से ही तीन रिवॉल्वर भी बरामद हुईं, जो लोडेड थीं।


सहारनपुर के एसएसपी आशीष तिवारी ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पत्रकारों को बताया कि जिस तरीके से पूरा परिवार एक ही कमरे में मौजूद था उससे प्रतीत होता है कि फायर बिल्कुल पास से किया गया है। पुलिस हर ऐंगल से मामले की जांच करेगी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है। साथ ही अशोक की मेडिकल स्थिति और परिवार के बारे में भी सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। फरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा कर जांच के लिए भेजे हैं। एसएसपी ने बताया कि पांचों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। मृतक अशोक पांच महीने पहले ही सरसावा क्षेत्र में रहने आए थे। इससे पहले वह नकुड क्षेत्र खरीबांस में रहते थे। तीन साल पहले पिता की मौत के बाद अशोक को मृतक आश्रित कोटे से अमीन की नौकरी मिली थी। इसलिए वह पत्नी, मां और बच्चों के साथ सरसावा आकर रहने लगे थे। जानकारी के अनुसार अशोक कोविड के समय बीमार हो गए थे, तब से उनका इलाज चंडीगढ़ से चल रहा था। पुलिस ने मृतकों के मोबाइल भी जब्त कर लिए हैं। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस हर ऐंगल से मामले की जांच शुरू कर दी है।


NBT
घटना की जानकारी मिलने के बाद घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### फोन करने पर नहीं मिला कोई जवाब

घटना की जानकारी तब मिली जब मंगलवार सुबह अशोक के मकान से कुछ दूरी पर ही रहने वाले उनके बहनोई ने अशोक के मोबाइल पर फोन किया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर बहनोई ने अपने पुत्र को अशोक के घर भेजा। जब उसने आवाज दी तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

# परीक्षाओं का कैलेंडर जारी, UPTET 2, 3, 4 जुलाई को



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (UPESSC) ने मंगलवार को वर्ष 2026 में जुलाई तक आयोजित होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया। इसमें 16 और 17 अप्रैल 2025 को हुई असिस्टेंट प्रफेसर की परीक्षा भी शामिल है। इसका रिजल्ट 4 सितंबर 2025 को घोषित किया गया था। आयोग इस परीक्षा को अब 18 और 19 अप्रैल को दोबारा कराएगा। इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी करने, परीक्षा केंद्र और शिफ्ट आदि की सूचनाएं अलग से दी जाएंगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) 2026 को 2, 3 और 4 जुलाई को करवाने का निर्णय लिया गया है। इसका विज्ञापन अभी जारी नहीं किया गया है। आयोग जल्द ही इसका विज्ञापन जारी कर आवेदन लेगा। इसकी सूचना अलग से जारी की जाएगी। आयोग ने पीजीटी परीक्षा 9 और 10 मई और सहायक अध्यापक (टीजीटी) (विज्ञापन संख्या 01/2022) परीक्षा 3 और 4 जून को करवाने का निर्णय लिया है। आयोग की ओर से कहा गया है कि सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या 51) के चौदह विषय के आवेदन और परीक्षा की सूचना अलग से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**रद्द हुई असिस्टेंट प्रफेसर की परीक्षा 18-19 अप्रैल को।**




## राजभवन का नाम होगा 'जनभवन', अधिसूचना जारी



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूपी का राजभवन अब 'जनभवन' कहलाएगा। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। पिछले साल हुए राज्यपाल सम्मेलन में यह सुझाव आया था कि राज्यपाल का कार्यालय भी जनसेवा का ही एक माध्यम है। 'राजभवन' से औपनिवेशिक मानसिकता झलकती है। इसलिए, इसका नाम बदलकर लोक या जनभवन किया जाना चाहिए जिससे यह जनता व लोकतंत्र के और करीब महसूस हो। इसी कड़ी में यूपी में भी नाम बदल गया है।

## युवक को पीटने का मामला, चार पुलिसकर्मियों पर FIR

■ NBT न्यूज, आगरा: पिछले दिनों आगरा की जीवनी मंडी पुलिस चौकी में दूध विक्रेता युवक की पिटाई के मामले में तत्कालीन चौकी प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज की गई है। आरोप था कि अपने टेंपो से पुलिस कर्मियों को थाने न ले जाने पर पीड़ित की डंडों से पिटाई की गई थी। मामले में आगरा आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। बता दें कि 2 जनवरी को सैंया के गांव बीरई निवासी नरेंद्र कुशवाह अपने बड़े भाई धीरज के साथ टेंपो से दूध बांटने गए थे। गरीब नगर में नरेंद्र टेंपो में बैठे थे, बड़े भाई दूध बांटने चले गए थे। तभी चौकी प्रभारी जीवनी मंडी रविंद्र कुमार पुलिसकर्मियों के साथ झगड़े की सूचना पर पहुंचे। वह कुछ युवकों को पकड़कर ले जा रहे थे। उन्होंने नरेंद्र से टेंपो लेकर चलने के लिए कहा। आरोप है कि मना करने पर नरेंद्र को जबरन चौकी पर ले जाकर पुलिसकर्मियों ने पीटा था। साथ ही शांतिभंग में चालान कर दिया था।




इस मामले में डीसीपी सिटी से शिकायत की गई तो मामले में चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार को निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे। बाद में थाना छत्ता के प्रभारी निरीक्षक को भी हटाया गया था।

मामले की शिकायत आगरा आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से भी की गई थी। इसके बाद पीड़ित के पिता ओमवीर की शिकायत पर आरोपी पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज की गई।

## मेरठ में कार ट्रक से टकराई, तीन लोगों की मौत

■ NBT न्यूज, मेरठ: मेरठ-बुलंदशहर हाइवे पर सोमवार की रात सड़क हादसे में बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी के बेटे और बीजेपी एमएलसी अश्वनी त्यागी के भतीजे अंकित त्यागी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद अंकित का शव डिफेंस एन्क्लेव स्थित आवास पर लाया गया, जहां मंगलवार की सुबह से ही बीजेपी नेताओं और स्थानीय नागरिकों का तांता लगा रहा। शव का अंतिम संस्कार सूरजकुंड श्मशान घाट पर किया गया। जानकारी के अनुसार अंकित त्यागी, डालमपुर निवासी डॉ. आशुतोष पूनिया और बुलंदशहर निवासी महेश कुमार सोमवार को कार से बुलंदशहर पोल्ट्री फार्म देखने गए थे। रात में मेरठ लौटते समय कार एक ट्रक से टकरा गई।

# राजस्थान के कोटा में बांके बिहारी के नाम मिली 15 हेक्टेयर ज़मीन, दूसरे राज्यों में भी होगी तलाश

■ NBT न्यूज, मथुरा

राजस्थान के कोटा में श्रीबांके बिहारी मंदिर के नाम 15 हेक्टेयर जमीन मिली है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी अब बिहारी जी के नाम से अन्य स्थलों पर जो भी संपत्तियां हैं उनके बारे में भी जानकारी मांगेगी। इसके लिए अलग-अलग राज्यों के मुख्य सचिव को कमेटी की ओर से एक पत्र जारी किया जाएगा। जिसमें मांग की जाएगी कि वो अपने राज्य में पता कराएं कि बिहारी जी के नाम जो भी भवन, भूमि है उसका विवरण कमेटी को उपलब्ध कराएं, जिससे कि उसका प्रबंधन किया जा सके।

दरअसल, सोमवार शाम को वृंदावन स्थित लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में ठाकुर श्रीबांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई। हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई इस ग्यारहवीं बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। कई बिंदुओं पर कमेटी के पदाधिकारियों की सहमति बनी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने बताया कि पिछली बैठक के दौरान यह जानकारी में आया था कि बिहारी जी से संबंधित जमीन कोटा राजस्थान में है। जिस पर DM मथुरा ने टीम भेजकर जांच कराई।


NBT
कमेटी ने निर्णय लिया है कि अलग-अलग राज्यों के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर ठाकुर बांके बिहारी जी से संबंधित संपत्ति की डिटेल मांगी जाएगी।

### अन्य राज्यों के सचिवों को भेजा जाएगा पत्र

हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जज अशोक कुमार ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि बिहारी जी के नाम से और अन्य स्थलों पर जो भी भूमि, भवन हैं उनके बारे में जिलाधिकारी जल्द ही विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिव को कमेटी की ओर से एक पत्र जारी करेंगे, जिसमें उनसे आग्रह किया जाएगा कि वो इस बारे में अपने स्तर से पता कराएं कि बिहारी जी संबंधित भूमि, भवन जो भी हो इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं।



## सबरीमला मंदिर गोल्ड केस में 21 जगहों पर ED की छापेमारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केरल के सबरीमला मंदिर में गोल्ड और दूसरी संपत्तियों की कथित हेराफेरी के मामले में एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट ने मंगलवार को केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापे मारे। यह एक्शन प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि केरल पुलिस की ओर से दर्ज कई FIR के आधार पर ED ने 9 जनवरी को PMLA के तहत केस दर्ज किया था। मंगलवार को मुख्य आरोपित उन्नीकृष्णन पोट्टी से जुड़ी जगहों पर बेंगलुरु में छापे मारे गए। साथ ही, त्रावणकोर देवास्वम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ए पद्मकुमार के केरल स्थित परिसरों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा कुछ ज्वैलर्स के परिसरों पर भी छापे मारे गए।


## मनी लॉन्ड्रिंग : GST फर्जीवाड़े में तीन राज्यों में ED का छापा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ईडी ने 658 करोड़ रुपये के फर्जी GST इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) क्लेम के कथित फर्जीवाड़े में मंगलवार को झारखंड, कोलकाता और मणिपुर में छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट के तहत की जा रही है। इस मामले के तार अरुणाचल प्रदेश से जुड़े हैं। कई फर्मों ने फर्जी बिलों के जरिये ITC जेनरेट किया और क्लेम भी कर लिया, जबकि उन्होंने किसी वस्तु या सेवा की सप्लाई नहीं की थी। उन्होंने कहा कि ऐसे फर्जी क्लेम से सरकारी खजाने को तो चपत लगती ही है, मनी लॉन्ड्रिंग और शेल कंपनियों के नेटवर्क से भी जुड़े होते हैं। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में दर्ज केस पर कार्रवाई हो रही है।

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400005
CIN No: L65190MH2004GOI148838
(1) डाटाबेस एनालाइजर और पेच मैनेजमेंट सॉल्यूशन की खरीद और रखरखाव के लिए आरएफपी
(2) डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (डीपीडीपीए) 2023 के अनुसार डेटा प्राइवेसी फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए सिस्टम इंटीग्रेटर (एसआई) को ऑनबोर्ड करने हेतु आरएफपी
आईडीबीआई बैंक उपरोक्त समाधान हेतु पात्र बोलीदाताओं से सीलबंद बोली आमंत्रित करता है। विवरण के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.idbibank.in (नोटिस और टेंडर) देखें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी के संबंध में कोई और परिशिष्ट / सुधार / तारीखों का विस्तार / स्पष्टीकरण / बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। समाचार पत्रों में इस हेतु कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। अतः बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे इस संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखते रहें।

## 'खुद को कैसे लिख रहे शंकराचार्य'
# अविमुक्तेश्वरानंद को थमाया नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज



**माघ मेला** प्रशासन और शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच का विवाद अब पदवी तक पहुंच गया है। मेला प्रशासन ने शंकराचार्य को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पद पर फैसला आने तक पट्टाभिषेक पर रोक है। जब तक कोर्ट अंतिम निस्तारित नहीं करता या पट्टाभिषेक के संबंध में आदेश नहीं देता, तब तक साफ है कि किसी धर्माचार्य का ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पद पर पट्टाभिषेक नहीं हुआ है। 'आप माघ मेले में अपने शिविर में बोर्ड पर खुद को ज्योतिर्मठ का शंकराचार्य कैसे लिख सकते हैं' सोमवार रात सवा 12 बजे सेक्टर-4 के कानूनगो शंकराचार्य के शिविर नोटिस लेकर पहुंचे थे। सुबह गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया गया।

> अविमुक्तेश्वरानंद के वकील बोले- पदवी के इस्तेमाल पर रोक नहीं

**शंकराचार्य के वकील बोले- पदवी के प्रयोग पर रोक नहीं :** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। दावा किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ही ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य हैं। उनके नाम से रजिस्टर्ड वसीयत है। अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की गलत व्याख्या कर गुमराह किया है। वह प्रशासन को नोटिस भेजेंगे। कहा- मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया है, उसमें सिर्फ पट्टाभिषेक पर रोक है, शंकराचार्य पदवी के प्रयोग पर नहीं।

> मेले में कई लोगों को शंकराचार्य लिखकर शिविर आवंटित हुए, लेकिन उन्हें नोटिस नहीं मिला। पिछले साल महाकुंभ की स्मारिका में मेरी फोटो 'जगतगुरु शंकराचार्य' पदवी के साथ प्रशासन ने प्रकाशित कराई थी। -स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

### कांग्रेस हुई हमलावर

इस मामले में कांग्रेस के मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना करने की सजा के तौर पर शंकराचार्य को शाही स्नान से रोका गया और अब उनकी धार्मिक पहचान पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। क्या अब प्रशासन तय करेगा कि कौन शंकराचार्य है, कौन नहीं?

## कैसे चुने जाते हैं शंकराचार्य, क्या है परंपरा?

**नई दिल्ली : हिंदू धर्म में शंकराचार्य कौन होते हैं, इनका क्या महत्व है और इनको चुना कैसे जाता है, क्या है परंपरा? इसको लेकर आपके मन भी कई सवाल होंगे। आइए जानते हैं इसकी पूरी प्रक्रिया...**




**Q कैसे, कहां से शुरू आत?**
हिंदू दार्शनिक और धर्मगुरु आदि शंकराचार्य ने इस पद की शुरुआत की थी। सनातन परंपरा की रक्षा के लिए आदि शंकराचार्य ने देश के चारों कोनों में 4 मठ स्थापित किए। पूर्व में ओडिशा स्थित गोवर्द्धन मठ (पुरी), पश्चिम में गुजरात स्थित शारदा मठ (द्वारिका), उत्तर में उत्तराखंड स्थित ज्योतिर्मठ (बद्रिकाश्रम) और दक्षिण में कर्नाटक स्थित श्रृंगेरी शारदा पीठ (चिकमगलूर)। चार शिष्यों को इनका प्रमुख बनाया, जिनको शंकराचार्य कहा गया। शंकराचार्य हिंदू धर्म में सर्वोच्च धर्मगुरु हैं और बौद्ध धर्म के दलाईलामा, ईसाई धर्म के पोप के बराबर माने जाते हैं।

**Q कौन बनता है, क्या हैं अनिवार्य योग्यताएं?**
शंकराचार्य बनना आसान नहीं है। इसके लिए शख्स को सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि बौद्धिक रूप से भी श्रेष्ठ होना चाहिए। किसी भी पीठ के शंकराचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया बेहद सख्त और शास्त्रसम्मत होती है। आदि शंकराचार्य ने अपने 'मठाम्नाय' और 'महानुशासन' नाम के दो ग्रंथों में इसका जिक्र किया है। इन धर्म ग्रंथों को चारों मठों का 'संविधान' भी माना जाता है। शंकराचार्य बनने के लिए उम्मीदवार को ब्राह्मण और दंडी संन्यासी होना अनिवार्य है। जो हमेशा पवित्र दंड धारण करते हैं, उनको दंडी संन्यासी कहा जाता है। गृहस्थ जीवन, परिवार, रिश्तेदार और धन का पूरी तरह से त्याग करना होता है। मुंडन, पिंडदान और रुद्राक्ष धारण करना अहम माना जाता है।
इसके अलावा शंकराचार्य के उम्मीदवार को चारों वेदों, छह वेदांगों, उपनिषदों और पुराणों का प्रकांड ज्ञान होना चाहिए। साथ ही वह धार्मिक शास्त्र-तर्क (शास्त्रार्थ) में पारंगत और कुशल वक्ता हो। जितेंद्रिय होना चाहिए, यानी जिसका अपनी इंद्रियों और मन पर पूरी तरह से कंट्रोल हो।

**Q क्या है चयन के मानक?**
किसी पीठ के शंकराचार्य का चयन करने के दो तरीके होते हैं। पहला, शंकराचार्य अपने रहते हुए ही किसी योग्य शिष्य को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर देते हैं। दूसरा, यदि किसी मठ के शंकराचार्य बिना उत्तराधिकारी घोषित किए अपनी देह त्याग देते हैं, तो अन्य तीन पीठों के प्रमुखों की सहमति ली जाती है। इसके अलावा इसमें काशी विद्वत परिषद, भारत धर्म महामंडल और अलग-अलग अखाड़ों के प्रमुख (महामंडलेश्वर) की भूमिका भी अहम हो जाती है। सभी लोग मिलकर योग्य संन्यासी के नाम पर मुहर लगाते हैं।

**Q 'पट्टाभिषेक' का मतलब?**
जब जब शंकराचार्य चुन लिया जाता है तो एक भव्य धार्मिक आयोजन होता है। इसे 'पट्टाभिषेक' कहते हैं। इस दौरान उम्मीदवार को विशेष दीक्षा दी जाती है। उनको पीठ के अधिष्ठाता देवता की गद्दी पर बैठाया जाता है। जल, दूध, दही और घी आदि से उनका अभिषेक होता है। उन्हें छत्र, चंवर और चादर आदि प्रतीक सौंपे जाते हैं। अभिषेक के बाद वह अपने नाम के साथ विशेष पदवी जोड़ते हैं। मसलन, ज्योतिर्मठ के लिए गिरि, पर्वत और सागर, शारदा मठ के लिए तीर्थ, आश्रम, गोवर्धन मठ के लिए आरण्य और श्रृंगेरी मठ के लिए भारती, सरस्वती और पुरी।

**Q किसे कहते हैं मठ?** मठ या पीठ उसे कहा जाता है, जहां गुरु अपने शिष्यों को आध्यात्मिक शिक्षा और उपदेश देते हैं। मठ के जरिये सामाजिक सेवा, धर्म का प्रचार और साहित्य से संबंधित काम भी किए जाते हैं।

TIMES interact
Connecting People. Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सूचना
चंद्र विहार सहकारी आवास समिति लि., गाजियाबाद (उ. प्र.)
संपर्क कार्यालय : पु-4, पटपड़गंज रोड, शकरपुर, दिल्ली-110 092
मोबाइल : 9891026681
चंद्र विहार सहकारी आवास समिति लि., गाजियाबाद (पंजीकरण संख्या 1250 दिनांक 01 मार्च 1990) के निम्नलिखित सदस्यों द्वारा बकाया विकास शुल्क, [illegible] विकास शुल्क तथा प्रशासनिक शुल्क के मद में बाकी धनराशि का कोई भुगतान नहीं किया गया है।
[illegible]
क्र. सं./नाम/पिता का नाम
(1) Sh. Yogesh Kr. Goel S/o Sh. R.L. Gupta (2) Sh. P.C. Saini S/o Brij Lal (3) Sh. Nirmal Singh Sohal S/o Sh. Kesar Singh Sohal (4) Sh. Harshit Sharma S/o Late Sh. Ved Prakash Sharma [illegible]

सार्वजनिक सूचना
[illegible]
Email: sabharwalanand@gmail.com
Email: dhawan77@gmail.com
Email: sanjaykr4898@gmail.com
8851372703, 9313010651, 9810300504

PUBLIC NOTICE
Be it known to the general public that Mrs Surjit P. Singh has executed a Special Power of Attorney dated March 24, 2025, for the property bearing No. A-13/28, Vasant Vihar, New Delhi (basement + ground floor) in favour of her son Mr. Sarabjit Singh, S/o Mr. Paramjit Singh, and Mrs. Priyanka Singh, W/o Mr. Sarabjit Singh, pursuant to a Family Settlement dated 04.12.2024, authorizing them to manage, convey, assign, alienate and/or transfer the said property or any part thereof. Therefore, Mrs Surjit P. Singh has no right to sell or create any charge, right/encumbrance on the above-said property.
This notice is issued for the information of the general public.
Through Counsel
Sd/-
Adv Arman Roop Sharma
Enrollment No. D/1927/2008
For Anand Sharma & Associates
Solicitors & Advocates
303 & 404 Silver Arch Apartment, 22, Firoz Shah Road, New Delhi-110001 | 9810759868

TIMES interact
BUSINESS CONNECT
Available for SALE
150 BPM CARBONATED BEVERAGE FILLING LINE in Running Condition.
Line Comprises of Linear Blow Molders, Rinser, Filler, Capper Labeler, Warmer, Shrink Wrap, Conveyors etc.
120 CPM, CSD CAN FILLING in Running Condition.
Line Comprises of Depalletizer, Filler, Warmer, Shrink Wrap, Conveyors.
Live Video / Physical Inspection / Specifications of Equipments can be arranged on request.
Contact : Mr. SUBRAMANIAM
+91 9866627096

ATTENTION!
INVITATION TO PROCUREMENT & PACKAGING DEVELOPMENT HEADS OF PHARMACEUTICALS INDUSTRIES
FOR PROFIT SHARING PARTNERSHIP
BECOME OUR BUSINESS PARTNER WITHOUT LEAVING YOUR CURRENT ROLES
WHAT WILL YOU GET?
Profit Sharing of 30 to 40%
WHAT DO WE WANT?
To Expand our business for supply of your existing plastic moulded products
WHO WE ARE?
Our Company is a reputed manufacturer of plastic moulded products mainly for the Pharmaceutical Industry for four decades at Bangalore, India, GMP certified, Audited & Approved Vendor of GlaxoSmithKline, Pfizer and many others for more than two decades.
ZERO CAPITAL INVESTMENT
Contact : +91 9902817543
E-mail : pmupbang@gmail.com

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Pardeep Kumar S/o Suraj Bhan Gupta R/o H. No. 2 and 3 BLK-E Pkt-21, Sector-3, Rohini, Delhi-110085 have changed my name to Pradeep Kumar Gupta

I, Vaibhav Sharma, hereby declare that I am changing the name of my minor son from Mrinal Sharma to Atharv Gaud, R/O Flat 1008, Dhruv Apartment, Sector 46, Faridabad, Haryana. Henceforth, he shall be known as Atharv Gaud for all purposes.

I, Saswati Das W/o Late Kapil Khurana R/o C-31, First Floor, Housing Society, South Ext-1, New Delhi-110049 have changed my name to Sashwati Khurana

खोया एवं पाया

I, Komal D/o Vinod Kumar R/o Plot No. 247, Pocket-19, Sector-5, Rohini, North-West Delhi-110085 have lost my CBSE Marksheet of 10th class, CBSE marksheet of 12th class Delhi University Graduation final Mark-sheet of B.Sc. Zoology (H), Delhi University Masters Final marksheet of M.Sc. Zoology (H), CRSU Final Mark-sheet of B.Ed Finder may Cont: 8800833874

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

TO BOOK ONLINE LOG ON TO timesofindia.com
SCAN QR CODE

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 | Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | | | | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 | Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |


नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6 नौएडा-201301 (उ.प्र.)
वैबसाइट: www.noidaauthorityonline.in
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हे निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट: www.noidaauthorityonline.in एवं UPLC की वेबसाईट: http://etender.up.nic.in, पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।
1. 19/म०प्र०(जल)-II/ई०टी०/2025-26, सीवर अनुरक्षण (जल खण्ड-द्वितीय में सीवर लाईनों के संचालन हेतु जेटिंग कम रिसाईक्लिंग क्लीनिंग मशीन को किराये पर लेने एवं संचालन व रखरखाव का कार्य), नौएडा। लागत रू0 190.80 लाख।
2. 25/म०प्र०(जल)-II/ई०टी०/2025-26, जल क्लोरीनेशन (यू०जी०आर०-20, 22, 24, 70, 71, 168 एवं बसई पर क्लोरीनेशन प्लान्ट के संचालन, रखरखाव व अनुरक्षण का द्विवार्षिक कार्य), नौएडा। लागत रू0 105.54 लाख।
3. 28/म०प्र०(जल)-III/2025-26, सीवर अनुरक्षण बजट में जल खण्ड-तृतीय के अन्तर्गत संचालन एवं रख-रखाव के लिए जेटिंग कम रिसाईक्लिंग मशीन द्वारा सीवर लाईन की सफाई का कार्य, नौएडा। लागत रू0 190.80 लाख।
जिन्हे दिनांक:- 27.01.2026 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक:- 28.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।
कार्यालय सैक्टर-5, नौएडा | महाप्रबन्धक (जल) नौएडा
स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

कार्यालय आयुक्त, सीमा शुल्क (एयरपोर्ट एवं सामान्य)
OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (AIRPORT)
टी-3, इंदिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली - 110037
IGI Airport, T-3, New Delhi-110037
TENDER NOTICE

| | |
|---|---|
| Description | Tender for providing Daily light and heavy diet meals for Customs K9 dog squad at IGI Airport |
| Earnest Money Deposit | Rs.50,000/- (Fifty Thousand only) |
| Contract Period | 01 Year |
| Bid Submission last date | 02/02/2026 |
| For eligibility criteria and other details please log on to www.cbic.gov.in. | |


Assistant Commissioner

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेंडरिंग टेंडर नोटिस
उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट उ.म.रे., ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती है:-
ई-टेंडर क्रमांक: DYCEGSUGWL0126 | अनुमानित लागत: Rs. 36.72 Crore
कार्य का विवरण: "झांसी मंडल: अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रुंधपुर कला रेलवे स्टेशन का विकास एवं एफओबी का निर्माण।"
निविदा बंद होने की तिथि: 09.02.2026 | कार्य पूरा करने की अवधि: 15 माह
• ऑनलाइन निविदा दिनांक 09.02.2026 को 11:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 137/26 (ADM)
North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेण्डरिंग टेंडर नोटिस
उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट उ.म.रे., ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (सिंगल-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती है:-
ई-टेंडर क्रमांक: DYCEGSUGWL0326
कार्य का विवरण: "ग्वालियर में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ट्रिप शेड स्थापित करना।"
अनुमानित लागत: ₹ 7.96 Crore, निविदा बंद होने की तिथि: 09.02.2026, कार्य पूरा करने की अवधि: 09 माह
• ऑनलाइन निविदा दिनांक 09.02.2026 को 11.00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। • पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 136/26 FA
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
टेण्डर संख्या-230-वि./क.वि./प्रयागराज/ई-टेण्डर/2026/611 दिनांक: 17.01.2026
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क.वि./उ.म.रे./प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है-
निविदा सं. : 230-क.वि.-कार्य ठेका-1000-2026, कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल के पनकीधाम (PNKD) में 132 kV TR लाइन का संशोधन और स्थानांतरण का कार्य।
अनुमानित लागत : ₹ 3,71,90,089.97 | बिड सुरक्षा राशि : ₹ 3,36,000.00
कार्य अवधि : 12 महीना। | बोली प्रणाली : एक पैकेट
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय: 09.02.2026, 14:00 बजे।
निविदा खुलने की तिथि तथा समय: 09.02.2026, 15:00 बजे।
नोट:- (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 133/26 (MG)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

गुमशुदा / अपहृत की तलाश



अली रज़ा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका नाम: अली रज़ा, पुत्र अलामत, पता: टी-हट्स न. 18, विकास सेवा समीति, ताहीरपुर, दिल्ली, लिंग: पुरुष, उम्र: 55 वर्ष, कद: 5 फीट 4 इंच, चेहरा: लम्बा, शरीर: मध्यम, रंग: गेहुंआ, मानसिक स्थिति: अस्थिर है, पहनावा: नीले रंग का स्वैटर, नीले रंग की लुंगी और पांव में चप्पल पहने है जो दिनांक 30.12.2025 से अपने निवास स्थान, और थाना-नंदनगरी, दिल्ली, के अधिकार क्षेत्र से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, DD No. 074A, दिनांक: 04-01-2026, थाना: नंद नगरी, दिल्ली, में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।
ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी, थाना: नंद नगरी, दिल्ली, फोन : 98750870733
DP/780/NE/2026

गुमशुदा की तलाश



खुशी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाई गई है) जिसका नाम: खुशी, पुत्री: ईश्वर कुमार यादव, निवासी: मकान नंबर 1760, शिव शंकर वाली गली, पेट्रोल पंप के पास, बवाना, दिल्ली, दिनांक 15.01.2026 को शाम 4.00 बजे बवाना, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संबंध में DD No.45A दिनांक 16.01.2026 के तहत थाना बवाना, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।
उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-
लिंग: महिला, उम्र: 18 वर्ष, कद: 5'2", रंग: गेहुंआ, चेहरा: गोल, पहनावा: लाल और सफेद रंग की कुर्ती, काली जैकेट, पैरों में काले रंग के जूते।
स्थानीय पुलिस द्वारा लापता लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।
फोन नंबर: 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स नंबर: 011-24368639 | ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | वेबसाइट: https://cbi.nic.in
थानाध्यक्ष, थाना बवाना, दिल्ली, फोन: 9540176468, 011-27892866
DP/887/ON/2026

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम-सरस्वती लोहार, उम्र-19 वर्ष, ऊँचाई-5 फीट, 2 इंच, रंग-साँवला, पहनावा-बैंगनी रंग का सूट, भूरा रंग का पायजामा एवं भूरा रंग का स्वेटर पहनी हुई है।
उपरोक्त लापता महिला सरस्वती लोहार, पिता-विजय लोहार, वर्तमान पता-बन्दर्य, थाना-चिरौंदिया, जिला-राँची, स्थाई पता-हेसला करमाडीह, थाना-झालदा, जिला-पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) जो दिनांक-05.01.2026 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई और आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में चिरौंदिया थाना सनहा संख्या-27/2026, दिनांक-07.01.2026 दर्ज कर इसकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।
अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
Email ID(mc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, ग्रामीण, राँची। -9431742777
थाना प्रभारी, चिरौंदिया, राँची। -9431706157
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची
PR 371060 Police(25-26)#D

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त संदीप कुमार, पुत्रः सतीश कुमार, निवासी: मकान नंबर 760/7, गोविंदपुरी, दिल्ली ने FIR No. 463/2024, Date: 08.09.2024, U/s: 110/126 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, पुलिस थाना गोविंदपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त संदीप कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त संदीप कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पुलिस थाना गोविंदपुरी, दिल्ली के अभियुक्त संदीप कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.02.2026 या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
जेएमएफसी-04, दक्षिण पूर्व, कमरा नंबर 10, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली
DP/655/SE/2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: vinay.vashisht Time: 01-20-2026 22:31 Color:



## फटाफट खबरें

### फोनपे को IPO लाने की मंजूरी

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बाजार नियामक सेबी (SEBI) ने डिजिटल पेमेंट कंपनी PhonePe को IPO लाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी अब जल्द ही अपने अपडेटेड ड्राफ्ट दस्तावेज (UDRHP) जमा करेगी। यह आईपीओ ऑफर फॉर सेल (OFS) होगा। कंपनी के मौजूदा शेयरधारक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे।

### Toyota ने पेश की इलेक्ट्रिक SUV


PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: टोयोटा ने मंगलवार को भारत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी Ebella को पेश किया है। यह एक बार फुल चार्ज में करीब 543 किमी तक की रेंज देने में सक्षम है।

# ट्रंप के 'ग्रीनलैंड' से बाज़ार लाल

## सेंसेक्स में 1,065.71 अंकों की गिरावट, निफ्टी 25,232 पर हुआ बंद

Sudha.Shrimali@timesofindia.com


AI Image

■ मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,065 अंक टूटकर 83,000 के स्तर के नीचे बंद हुआ। जानकारों का कहना है कि ग्रीनलैंड के मसले पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की धमकी के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में एक बार फिर बिकवाली तेज हुई है। इसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और घरेलू कंपनियों के सुस्त नतीजों ने आग में घी डालने का काम किया। इस गिरावट में सबसे ज्यादा मार स्मॉल और मिडकैप शेयरों पर पड़ी है

सेंसेक्स 1,065.71 अंक (1.28%) गिरकर 82,180.47 पर बंद हुआ। इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353 अंक (1.38%) फिसलकर 25,232.50 पर बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप का हाल तो और भी बुरा रहा। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 2.74% और मिडकैप इंडेक्स 2.52% टूट गया। अगर सेक्टर के हिसाब से देखें तो रियल्टी सेक्टर में 5.21% की सबसे बड़ी गिरावट आई। इसके अलावा सर्विस, कैपिटल गुड्स, ऑटो और पावर सेक्टर के शेयर भी 2% से ज्यादा गिर गए। सेंसेक्स की बड़ी कंपनियों में Eternal का शेयर 4.02% गिरा।

**स्मॉल-मिडकैप का हाल?**

मिडकैप और स्मॉल-कैप इंडेक्स में इस साल अब तक लगभग 7.5 परसेंट की गिरावट आई है। ट्रस्टलाइन होल्डिंग्स के CEO एन अरुणागिरी ने बताया कि दो-तीन महीने में इंडेक्स लेवल पर स्मॉल कैप 11.5 परसेंट से ज्यादा नीचे आ गए हैं। इस महीने में बड़ी संख्या में स्टॉक 40-50 परसेंट नीचे आ गए हैं। गिरावट के बाद वैल्यूएशन लगभग 25-26 गुना तक कम हो गए हैं। लेकिन यह अभी भी लॉन्ग-टर्म औसत से बहुत ज्यादा प्रीमियम है। अरुणागिरी के अनुसार अभी ऐसा बाजार है जो सेलेक्टिव बॉटम-अप स्टॉक-स्पेसिफिक अप्रोच को इनाम देगा।

**5,100 रुपये महंगा सोना**

दिल्ली में सोने की कीमतों में 5,100 रुपये का भारी उछाल आया। इस बढ़त के साथ ही 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,53,200 प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स के साथ) के ऐतिहासिक लेवल पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 20,400 (करीब 7%) की छलांग लगाकर 3,23,000 प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स के साथ) के नए शिखर पर पहुंच गई।

**बड़ी गिरावट**


- **सेंसेक्स**: 1,065.71 अंक गिरकर 82,180.47 पर बंद।
- **सेंसेक्स**: 5 जनवरी। 85883.50 अंक पर था।
- **निफ्टी**: 353 अंक फिसलकर 25,232.50 पर बंद।
- **सेक्टोरल मार**: रियल्टी इंडेक्स 5.21% टूटा।
- **स्मॉलकैप इंडेक्स**: 2.74% की गिरावट रही।
- **मिडकैप**: 2.52% गिरा।
- **FII बिकवाली**: 3,262.82 करोड़ रुपये (सोमवार)
- **DII खरीदारी**: 4,234.30 करोड़ रुपये (सोमवार)
- **निवेशकों का नुकसान**: 9,86,093.96 करोड़ रुपये।
- **वजह**: डॉनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड मसले पर यूरोपीय संघ के आठ देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दे दी। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार का माहौल बिगड़ गया है।

## FICCI सर्वे में मैन्युफैक्चरिंग की दमदार तस्वीर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरर्स के मजबूत हौसले की तस्वीर इंडस्ट्री संगठन FICCI के सर्वे में दिखी। FICCI ने मंगलवार को बताया कि उसके लेटेस्ट सर्वे में मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर रहा। इसमें 91% कंपनियों ने उत्पादन का पिछला स्तर बनाए रखने या बढ़ाने की बात कही।

ऑटो कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स, केमिकल्स, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स और टेक्सटाइल्स सहित 8 प्रमुख सेक्टरों की कंपनियों के बीच सर्वे के मुताबिक, स्थापित उत्पादन क्षमता का औसतन 75% हिस्सा इस्तेमाल हो रहा है, जिससे अच्छी आर्थिक गतिविधि का संकेत मिला। कंपनियों ने अगले 6 महीनों में निवेश और कारोबार बढ़ाने की उम्मीद भी जताई। हालांकि 57% कंपनियों ने कहा कि बिक्री के प्रतिशत के रूप में उत्पादन लागत बढ़ी है। 38% कंपनियों ने कहा कि वे अगले 3 महीनों में और लोगों को काम पर रखने वाली हैं।

## औद्योगिक उत्पादन ग्रोथ 4 महीने के टॉप पर


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े 8 प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन सालभर पहले के मुकाबले दिसंबर में 3.7% बढ़ा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कोयला, क्रूड ऑयल, नैचरल गैस, सीमेंट सहित 8 सेक्टरों वाले कोर सेक्टर की कुल ग्रोथ दिसंबर में 4 महीनों के ऊंचे स्तर पर रही। सालभर पहले कोर सेक्टर ग्रोथ 5.1% और नवंबर में 2.1% थी। पिछला ऊंचा स्तर अगस्त में 6.5% ग्रोथ का है। इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी गतिविधियां बढ़ने का असर दिसंबर के आंकड़ों में दिखा।

**दिसंबर में कोर सेक्टर ग्रोथ 3.7% रही**

मंत्रालय ने कहा, 'दिसंबर में सीमेंट, स्टील, बिजली, उर्वरक और कोयले के उत्पादन में पॉजिटिव ग्रोथ दर्ज की गई। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक कोर सेक्टर ग्रोथ 2.6% रही।' वित्त वर्ष 2024-25 में इसी दौरान ग्रोथ 4.5% थी।

स्टील प्रोडक्शन ग्रोथ सालभर पहले के 7.3% के मुकाबले 6.9% रही। हालांकि यह नवंबर के 6.7% से अधिक रही। वहीं, सीमेंट प्रोडक्शन ग्रोथ 10.3% के मुकाबले 13.5% रही। नवंबर में यह 14.6% थी। कोयले का उत्पादन सालभर पहले के 5.3% के मुकाबले 3.6% बढ़ा। नवंबर में ग्रोथ 2.1% थी। बिजली उत्पादन दिसंबर में 5.3% बढ़ा, जिसकी ग्रोथ सालभर पहले 6.2% थी। नवंबर में ग्रोथ -1.5% थी।

**एक्सपर्ट बोले- बिजनेस एक्टिविटी बढ़ने का संकेत :** बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'कोर सेक्टर ग्रोथ इस मायने में भी अच्छी है कि यह ऊंचे बेस पर आई है। सड़कों और रेलवे पर सरकार का खर्च बढ़ने का असर स्टील और सीमेंट उत्पादन में दिखा है। बिजनेस एक्टिविटी बढ़ने का संकेत है और दिसंबर में IIP ग्रोथ 4% रह सकती है।'

# EU से ट्रेड डील में निर्यातकों की नजर पर्यावरण नियमों पर

## EU चीफ बोलीं, भारत संग ऐतिहासिक समझौते के करीब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से निर्यात को मजबूती मिलेगी। अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहे निर्यातक इस FTA को लेकर उत्साहित हैं, हालांकि EU के पर्यावरण से जुड़े कुछ नियमों को लेकर वे सतर्कता भी जता रहे हैं।

27 जनवरी को होने जा रही भारत-ईयू समिट में FTA का ऐलान हो सकता है। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में कहा कि दोनों पक्ष 'ऐतिहासिक व्यापार समझौते' के मुहाने पर हैं। पिछले शुक्रवार को कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भी कहा था कि EU के साथ 'सुपर डील' होने जा रही है।

निर्यातकों के संगठन FIEO के महानिदेशक डॉ अजय सहाय ने कहा, 'इस FTA से हमारे सबसे बड़े ट्रेड पार्टनर के साथ


AFP

EU चीफ उर्सुला वॉन डेर लेयेन

से व्यापार बढ़ेगा। इससे टैरिफ के मौजूदा माहौल से जुड़ी चुनौतियों से निपटने में बहुत मदद मिलेगी।'

गारमेंट और टेक्सटाइल्स सेक्टर के लिए FTA को 'ऐतिहासिक' बताते हुए CTA अपैरल्स के चेयरमैन मुकेश कंसल ने कहा, 'कम ड्यूटी पर यूरोपीय एक्सपोर्ट की सुविधा मिलने से भारतीय निर्यातकों को मदद मिलेगी, खासतौर से उन देशों के मुकाबले, जिन्हें अभी रियायत मिली हुई है।'

हालांकि EU के कार्बन टैक्स और डीफॉरेस्टेशन एक्ट का पेच भी है। डीफॉरेस्टेशन एक्ट कहता है कि अगर प्रोडक्ट बनाने में वन क्षेत्र को नुकसान हुआ हो, तो वह सामान EU में नहीं बिकेगा।

डॉ सहाय ने कहा, 'यूरोपियन यूनियन के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म से जुड़े कुछ मुद्दे हैं, लेकिन हमें उन पर समझौता होने का विश्वास है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ होगा।' वहीं, डॉ कंसल ने कहा, 'अगर नियमों के अनुपालन की सरल व्यवस्था और प्रैक्टिकल रूल्स ऑफ ओरिजिन के साथ FTA होता है तो गारमेंट एक्सपोर्ट को इससे लंबी अवधि में बड़ा फायदा होगा। जिन मैन्युफैक्चरर्स ने रिन्यूएबल एनर्जी, ट्रेसेबिलिटी सिस्टम्स और कार्बन फ्रेंडली में निवेश किया है, उनको फायदा होगा।'

# इलेक्ट्रिक ट्रक का ट्रेंड अब तेज़ी पकड़ेगा



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : देश में अब ट्रकिंग सेक्टर भी तेजी से इलेक्ट्रिक और सेफ्टी-फोकस्ड बनता जा रहा है। जिस तरह पैसेंजर गाड़ियों में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ा है, उसी तरह अब भारी और मध्यम कमर्शल वाहनों में भी यह बदलाव साफ दिखाई देने लगा है। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को अपने 17 अडवांस ट्रकों की रेंज पेश की जिसमें 5 इलेक्ट्रिक ट्रक शामिल हैं।

अब ट्रांसपोर्टर्स सिर्फ माइलेज नहीं, बल्कि कम ऑपरेटिंग कॉस्ट, जीरो एमिशन और भविष्य की जरूरतों को देखकर फैसले ले रहे हैं। इलेक्ट्रिक ट्रक खासतौर पर ई-कॉमर्स, शहरों के भीतर डिलीवरी, पोर्ट ऑपरेशन, माइनिंग और कंस्ट्रक्शन जैसे सेक्टर में तेजी से अपनाए जा रहे हैं। इससे डीजल पर निर्भरता घटेगी, प्रदूषण भी कम होगा।

साथ ही ट्रकों में सेफ्टी को लेकर भी सोच पूरी तरह बदल रही है। पहले जहां मजबूती और लोड कैपेसिटी ही प्राथमिकता होती थी, अब ड्राइवर की सुरक्षा, केबिन की मजबूती और एडवांस सेफ्टी फीचर्स पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। यूरोपीय सेफ्टी स्टैंडर्ड के अनुसार बने ट्रक, क्रैश प्रोटेक्शन, लेन वार्निंग और ड्राइवर बिहेवियर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें अब भारत में भी ट्रेंड बन रही हैं। ADAS जैसे फीचर्स भी ट्रक्स में आ रहे हैं।

एक तरफ इलेक्ट्रिक ट्रक ग्रीन लॉजिस्टिक्स की दिशा में कदम हैं, तो दूसरी तरफ सेफ्टी पर बढ़ता फोकस सड़क हादसों को कम करने में मदद करेगा। यह साफ संकेत है कि आने वाले समय में भारतीय ट्रक इंडस्ट्री सिर्फ 'मजबूत' नहीं, बल्कि स्मार्ट, सेफ और सस्टेनेबल भी होगी।

# IT सेक्टर: इस साल भी AI में आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस

## घरेलू कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर्स इकोसिस्टम के बढ़ावे पर जोर

Alpyu.Singh@timesofindia.com


AI Image

**IT मंत्रालय का बजट आवंटन?**

| | |
|---|---|
| 2025-26 | 26,026.25 करोड़ रु. |
| 2024-25 | 21936.9 करोड़ रु. |
| 2023-24 | 12766.3 करोड़ रु. |

काउंटडाउन बजट 2026 टेक्नॉलजी

■ नई दिल्ली: भारत सरकार AI को लेकर कितनी महत्वाकांक्षी है, इसका अंदाजा फरवरी में होने वाली AI समिट की तैयारियों से ही लग जाता है। देश AI में ग्लोबल लीडर बनना चाहता है, लेकिन इसके लिए घरेलू स्तर पर आत्मनिर्भरता को साधना होगा। जानकार मान रहे हैं कि आईटी के क्षेत्र में पिछले साल की ही तरह इस साल भी फोकस AI सेक्टर में दीर्घकालिक नीति के जरिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने को लेकर होगा।

बीते साल IndiaAI Mission के लिए आवंटित 2,000 करोड़ रुपये की राशि का योगदान आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़े किसी भी मिशन के लिए आवंटित अब तक का सबसे बड़ा समर्थन था। वहीं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए भी 500 करोड़ दिए गए थे। इस बार इस सेक्टर को ठोस कदमों की जरूरत है।

एक्सपर्ट कनिष्क गौर का कहना है कि जहां तक IT और AI इकोसिस्टम की बात है तो ये सेक्टर आने वाले बजट को AI रिसर्च, घरेलू कंप्यूट फैसिलिटी, साइबर सिक्योरिटी, टैलेंट ग्लोबल प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक निवेश के लिहाज से लिटमस टेस्ट की तरह देख रहा है। इस बजट से तय होगा कि भारत एक सर्विस पावरहाउस के स्तर पर ही रहेगा या फिर प्रॉडक्ट और प्लैटफॉर्म देश की तरह उभर कर सामने आएगा। ये बजट भारत की कार्यक्षमता को भविष्य के लिए तैयार करने की रणनीति अपना सकता है।

**बजट से उम्मीद**

- **डेटा सेंटर्स** में निवेश, कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, टेक रिसर्च समेत लंबी अवधि में नई तकनीकों को बढ़ावा
- देश में एआई इकोसिस्टम का विकास, AI में आम लोगों का कनेक्ट, स्टार्ट अप को और समर्थन
- **डिवेलपर्स** कंडिशनल टैक्स हॉलीडे चाहते हैं, ग्रीन एनर्जी, रोजगार और कैपेसिटी से जुड़े हों लक्ष्य

---



# किश्तवाड़ में जैश के आतंकियों ने बंकर में पूरे महीने छुपने का जुटाया था राशन

■ NBT रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के दुर्गम पहाड़ी इलाके में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के आतंकियों का सर्दियों के लिए तैयार किया गया बंकर सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद उजागर किया है। इस बंकर में महीनों तक रहने की पूरी तैयारी की गई थी।

**50 पैकेट नूडल्स, 20 किलो चावल, दाल, गेहूं, बाजरा, सब्जियां मिलीं**

बंकर को पत्थरों से इस तरह ढंका गया था कि बाहर से पहचानना बेहद मुश्किल था। अंदर से बड़ी मात्रा में राशन और जरूरी सामान मिला है। TOI की रिपोर्ट के मुताबिक, बंकर में 50 पैकेट नूडल्स, 20 किलो चावल, दाल, गेहूं, बाजरा, टमाटर और आलू की पूरी पेटी, करीब 15 तरह के मसाले, दो बड़े LPG सिलिंडर, गैस बर्नर और सूखी लकड़ी बरामद हुई। यह बंकर उस इलाके में मिला जहां सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस ऑपरेशन में एक पैरा कमांडो ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया, जबकि कई अन्य जवान घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल पैरा ट्रूपर ने बाद में दम तोड़ दिया था। इसके अलावा, इलाज के दौरान स्पेशल फोर्स के हवलदार गजेंद्र सिंह भी शहीद हो गए थे। यह मुठभेड़ रविवार को किश्तवाड़ के चतरू क्षेत्र के सोनार गांव, मंडाल-सिंहपोरा के पास शुरू हुई थी। आतंकियों की ओर से अचानक किए गए ग्रेनेड हमले में 8 जवान घायल हो गए थे। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, घने जंगल और रात के अंधेरे के कारण ऑपरेशन को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा था, जिसे सोमवार सुबह फिर से शुरू किया गया था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि ऑपरेशन 'त्राशी-1' अभी जारी है। इलाके में घेरा और कड़ा कर दिया गया है। सेना, पुलिस और CRPF की टीमें ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकी अब भी इलाके में छिपे हो सकते हैं।

गौरतलब है कि यह इस साल जम्मू क्षेत्र में तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले जनवरी में कठुआ और बिलावर के जंगलों में भी आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो चुकी है। गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता और बढ़ा दी है।





आतंकियों ने बंकर में सिलिंडर, नूडल्स, सब्जियां, मसाले सब रखे हुए थे

## SC में बताया, ऑल इंडिया बार एग्जाम साल में दो बार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) ने बताया कि उसने ऐसे नियम बना लिए हैं, जिनके तहत कानून की अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर के छात्र ऑल इंडिया बार परीक्षा (AIBE) दे सकेंगे। यह परीक्षा अब साल में दो बार आयोजित की जाएगी। AIBE कानून स्नातकों के लिए वकील के रूप में नामांकन हेतु एक क्वालिफाइंग परीक्षा है। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच 2024 में दायर उस रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को AIBE में बैठने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने बीसीआई की उक्त दलील को रेकॉर्ड पर लिया और याचिका का निपटारा कर दिया।



## रिट अदालत हर समस्या का समाधान नहीं: सुप्रीम कोर्ट



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक यूट्यूबर की ओर से दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें चेन्नै स्थित उसके कार्यालय की सील हटाने और जब्त किए गए उपकरणों को लौटाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। यह मामला एक फिल्म निर्माता की ओर से लगाए गए मारपीट और उगाही के आरोपों से जुड़ा है। कोर्ट ने कहा कि यह मत समझिए कि रिट अदालत हर समस्या का रामबाण इलाज है। रिट अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए आदेश (रिट) जारी करती है।

## IIT कानपुर में रिसर्च स्कॉलर ने दी जान, हुई थी काउंसलिंग

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर

IIT कानपुर में मंगलवार दोपहर रिसर्च स्कॉलर ने हॉस्टल की 6वीं मंजिल से राजस्थान के चूरू के रहने वाला रामस्वरूप ईशराम (25) अर्थ साइंस डिपार्टमेंट से पीएचडी कर रहे थे। वह एंग्जाइटी के शिकार थे। सोमवार को ही रामस्वरूप की काउंसलिंग हुई थी। डीसीपी कासिम आबिदी ने बताया कि स्कॉलर की पत्नी से बात की जा रही है। रामस्वरूप ने 2023 में दाखिला लिया था। रामस्वरूप कैंपस में पत्नी और 3 साल की बेटी के साथ रहते थे। वह पिछले कई महीनों से मानसिक चिंता के शिकार थे। कैंपस में वेलनेस सेंटर में रामस्वरूप की काउंसलिंग भी चल रही थी।

**पत्नी और 3 साल की बेटी के साथ रहते थे, मानसिक चिंता का चल रहा था इलाज**

## गोविंद पानसरे मर्डर के आरोपी का महाराष्ट्र में निधन

■ पीटीआई, मुंबई: तर्कशास्त्री और लेखक गोविंद पानसरे की 2015 में हुई हत्या में 'सह-साजिशकर्ता' होने के आरोपी दक्षिणपंथी कार्यकर्ता समीर गायकवाड़ का मंगलवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। सनातन संस्था के कथित सदस्य गायकवाड़ (43) को 2015 में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और उन्हें 2017 में जमानत मिल गई थी। वह सांगली स्थित अपने घर पर रह रहे थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लग रहा है कि गायकवाड़ की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन मौत के सटीक कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पानसरे को 16 फरवरी 2015 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में गोली मारी गई थी और कुछ दिन बाद 20 फरवरी को उनकी मौत हो गई।

**लेखक पानसरे की 2015 में गोली मारकर हुई थी हत्या**

## 'दूसरे राज्य की सेवा से रोकना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के 2 न्यायिक अधिकारियों को दिल्ली न्यायिक सेवा में शामिल होने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट की ओर से अनुमति से इनकार करना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि किसी न्यायिक अधिकारी को केवल इस आधार पर किसी अन्य राज्य की न्यायिक सेवा में शामिल होने की अनुमति से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसके माइग्रेशन से पहले राज्य में रिक्तियां उत्पन्न हो जाएंगी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने उत्तराखंड के दो न्यायिक अधिकारियों को राहत दी, जिन्हें उत्तराखंड हाई कोर्ट ने दिल्ली न्यायिक सेवा (DJS) की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी करने के बावजूद उसमें शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। अपीलकर्ता उत्तराखंड सिविल जज परीक्षा में चयनित हुए थे। DJS इंटरव्यू के लिए भी सिलेक्ट हो गए थे।

**उत्तराखंड के 2 न्यायिक अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत**


thsti ब्रिक-ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान BRIC

(जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और नवाचार परिषद का एक संस्थान, भारत सरकार)
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स नंबर 04, फरीदाबाद – 121001

भर्ती सूचना सं. टीएचएस/आरएन/31/2025 और टीएचएस/आरएन/32/2025

टीएचएसटीआई अपनी परियोजनाओं के तहत निम्नलिखित पदों को भरने का प्रस्ताव रखता है: 1. परियोजना वैज्ञानिक-II 2. प्रणाली प्रशासक (आईटी) 3. अनुसंधान अधिकारी 4. तकनीकी अधिकारी-II 5. गुणवत्ता आश्वासन सहायक 6. तकनीकी अधिकारी-I 7. प्रलेखन अधिकारी 8. वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक 9. परियोजना तकनीकी सहायक-III 10. परियोजना सहायक 11. प्रयोगशाला सहायक 12. प्रयोगशाला तकनीशियन

विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.thsti.res.in पर जाएं।

SBI भारतीय स्टेट बैंक

PPA-cum-PMC के चयन और नियुक्ति के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई)

स्थान : हैदराबाद, दिनांक : 20-01-2026 हस्ता./- सहायक महाप्रबंधक (पी एंड ई)

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in
6, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

नई दिल्ली में भारतीय रिज़र्व बैंक की संपत्तियों पर स्थित आगंतुक अधिकारी आवास, पारगमन अवकाश गृह, प्रशिक्षु फ्लैट्स, चिकित्सा फ्लैट्स, तथा कार्यकारी सूट और अतिथि कक्षों के प्रबंधन और हाउसकीपिंग (खानपान सहित) के लिए ई-निविदा हेतु सूचना

निविदा संख्या: -RBI/Delhi Regional Office/HRMD/4/25-26/ET/863

भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली में अपनी संपत्तियों पर स्थित आगंतुक अधिकारी आवास, पारगमन अवकाश गृह, प्रशिक्षु फ्लैट्स, चिकित्सा फ्लैट्स, तथा कार्यकारी सूट और अतिथि कक्षों के प्रबंधन और हाउसकीपिंग (खानपान सहित), हेतु पात्र संविदाकारों से तीन कवर एवं दो भागों में ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

ई-निविदा के निर्धारित प्रपत्र भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in तथा एमएसटीसी की वेबसाइट www.mstcecommerce.com से दिनांक जनवरी 20, 2026 (शाम 05:00 बजे से) से डाउनलोड किया जा सकता है। भरे हुए पूर्ण निविदा दस्तावेज मार्च 03, 2026, दोपहर 02:00 बजे तक एमएसटीसी की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर अपलोड हो जाने चाहिए।

नोट: कोई भी परिवर्तन केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड IRCON
वेबसाइट : www.ircon.org
ई-ओआई सूचना
ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय 16.02.2026 को 11:00 बजे (आईएसटी) तक
अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए कृपया ई-टेंडर वेबसाइट: https://etenders.gov.in/eprocure/app पर विजिट करें।





Rahat HERBAL
1939 से देश की सेवा में समर्पित
भारत की सर्वाधिक लोकप्रिय औषधि
नैनी का मशहूर
नूरानी तेल®
बहुमूल्य जड़ी बूटियों से निर्मित
जोड़ों का दर्द, कमर व घुटनों का दर्द, बदन व पीठ का दर्द व चोट-मोच एवं बच्चों व बूढ़ों की रोज़ाना मालिश में लाभदायक
"जोड़ों का दर्द और मांसपेशियों में कमजोरी यह सब है तो नैनी का मशहूर नूरानी तेल है ना !"
Rahat HERBAL राहत हर्बल रेमेडीज़ रुड़की, हरिद्वार
आर्डर एवं जानकारी के लिये सम्पर्क करें : कमलेश सिंह (सेल्स मैनेजर) 9935019690

BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
upto 60% off
Formal & Wedding collection
Also Available LONG COATS
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | Raymond | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in